भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 28.7° न्यून. 21.6°
रांची: अधिक. 29.8° न्यून. 22.5°
रांची, गुरुवार
21 अगस्त 2025
वर्ष-26, अंक-199, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते
₹2.00
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर










## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घोड़ाबांधा स्थित आवास पहुंचे और दी भावभीनी श्रद्धांजलि, कहा

# मेरे लिए असहनीय है रामदास सोरेन के चले जाने की पीड़ा

**बोले सीएम**

मन व्याकुल व व्यथित है, यह अपूरणीय क्षति है, शून्यता की भरपाई नहीं हो सकती

### दिशोम गुरु के नेतृत्व में अलग झारखंड के आंदोलन में दिया था अहम योगदान

नवीन मेल डेस्क

**रांची/जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को अपनी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन के साथ स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रहे दिवंगत रामदास सोरेन के घोड़ाबांधा, जमशेदपुर स्थित आवास पहुंचे। यहां उन्होंने दिवंगत रामदास सोरेन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदना जताई। उन्होंने रामदास सोरेन की आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु और मेरे बाबा शिबू सोरेन के निधन के एक पखवाड़े के अंदर ही रामदास सोरेन के इस तरह चले जाने की पीड़ा मेरे लिए असहनीय है। मन व्याकुल और व्यथित है। उनका निधन इस राज्य के साथ मेरे लिए अपूरणीय क्षति है। इस वजह से जो शून्यता आई है, उसकी भरपाई नहीं हो सकती है। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि दिवंगत रामदास सोरेन ने संघर्ष से अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में अलग झारखंड की खातिर हुए आंदोलन में अहम योगदान दिया था। उनका व्यवहार काफी सरल और सहज था। एक आंदोलनकारी के साथ उनका व्यापक सामाजिक सरोकार था। वे अपने सार्वजनिक जीवन में आम लोगों के दुख-दर्द और समस्याएं दूर करने के लिए हमेशा खड़े रहे। वे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका व्यक्तित्व और कार्य सदैव ऊर्जा प्रदान करता रहेगा।

**रामदास सोरेन बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए कर रहे थे लगातार प्रयास :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री के रूप में रामदास सोरेन काफी बेहतर कार्य कर रहे थे। सरकारी विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा के लिए उन्होंने कई नई पहल की थी। सरकारी विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत करने का काम तेज गति से हो रहा था। गांव- देहात के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ उनका समग्र विकास हो, इसपर उनका विशेष जोर था।

## ईडी ने पीएलएफआई सुप्रीमो को मनी लांड्रिंग में किया गिरफ्तार



दिनेश इस समय पलामू सेंट्रल जेल में बंद है

**रांची।** पलामू सेंट्रल जेल में बंद प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के सुप्रीमो दिनेश गोप को बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लांड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया। ईडी ने पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) के तहत दिनेश गोप के खिलाफ इन्फोर्समेंट केस इंफार्मेशन रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की थी। शेष पेज 11 पर

## भारत ने किया 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को अपनी अत्याधुनिक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण देश की मिसाइल क्षमता में एक बड़ी कामयाबी है। 'अग्नि 5' बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर से किया गया। यह परीक्षण स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड की देखरेख में संपन्न हुआ। शेष पेज 11 पर

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
+91 82923 73444
कार्यकारी संपादक।

### एके सिंह कॉलेज जपला पर राजभवन की सख्ती

## शासी निकाय हुआ रिस्टोर, रद्द की गई प्राचार्य की नियुक्ति

नवीन मेल संवाददाता

- योग्य व्यक्ति को प्राचार्य नियुक्त कर 15 दिनों के भीतर विवि और राजभवन को रिपोर्ट करने का निर्देश

**मेदिनीनगर।** ए.के. सिंह कॉलेज, जपला (पलामू) में प्राचार्य नियुक्ति और प्रबंधन विवाद पर राजभवन ने हस्तक्षेप करते हुए बड़ा आदेश जारी किया है। राज्यपाल-सह-कुलाधिपति की ओर से अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने 14 अगस्त 2025 को जारी पत्र में साफ कहा है कि कॉलेज का शासी निकाय बहाल रहेगा और विश्वविद्यालय द्वारा की गई प्राचार्य नियुक्ति रद्द की जाती है। पत्र के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने जो रिपोर्ट सौंपी थी, उसके आधार पर राज्यपाल ने शासी निकाय को भंग करने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया। इसके साथ ही, प्राचार्य की नियुक्ति को भी अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया गया।

राजभवन ने शासी निकाय को स्पष्ट निर्देश दिया है कि कॉलेज में पाई गई कमियों को तुरंत दूर किया जाए और यूजीसी के नियमों के अनुसार योग्य व्यक्ति को प्राचार्य नियुक्त कर 15 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय और राजभवन को रिपोर्ट भेजी जाए। ए.के. सिंह कॉलेज जपला पिछले डेढ़ महीने से प्रबंधन और प्राचार्य नियुक्ति विवाद में उलझा हुआ है। विश्वविद्यालय की ओर से हाल में की गई नियुक्ति को लेकर कॉलेज में विवाद गहरा गया था। इसी क्रम में राजभवन से आए आदेश ने स्थिति को स्पष्ट कर दिया है कि अब कॉलेज के संचालन और नियुक्ति की जिम्मेदारी शासी निकाय की होगी। इधर, कॉलेज सचिव प्रफुल कुमार सिंह ने अपने पत्र में विश्वविद्यालय प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पूर्व प्रभारी प्राचार्य से विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा यूजीसी से मिले अनुदान में से 10% कमीशन मांगा गया था। सचिव ने आरोप लगाया है कि इस मामले में कुलपति को बचाने के लिए कॉलेज के कुछ लोग भी सक्रिय रहे और इससे कॉलेज में अराजकता की स्थिति बनी। सचिव ने कहा कि राजभवन के आदेश को नजरअंदाज किया गया। शेष पेज 11 पर

## बालू घाटों की नीलामी को लेकर मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्तों को दिया निर्देश, कहा

# सितंबर के पहले पखवारे तक पूर्ण कर लें नीलामी प्रक्रिया

**बोलीं सीएस**

नई बालू नीति से सरकार की मंशा उचित कीमत पर बालू उपलब्ध कराना है

### अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाना और बाहर से आवक हतोत्साहित करना है

नवीन मेल डेस्क



**रांची।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने बुधवार को बालू घाटों की नीलामी को लेकर तमाम उपायुक्तों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। उन्होंने सभी जिलों के उपायुक्तों को राज्य के तमाम व्यावसायिक बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया सितंबर के पहले पखवारे तक पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि उपायुक्त नीलामी के पहले बालू घाटों की नई पॉलिसी को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो और उस दौरान कोई तकनीकी समस्या नहीं आए। इसके लिए उन्होंने खनन पदाधिकारी सहित उपायुक्तों को भी बेसिक जानकारी के लिए प्रशिक्षित होने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद सिर्फ यह है कि उपायुक्त पूरी स्पष्टता और तैयारी के साथ नीलामी को संपन्न करा सकें। यह राज्य के लिए काफी महत्वपूर्ण है। नई बालू नीति से सरकार की मंशा जहां उपभोक्ताओं को उचित कीमत पर बालू सर्वसुलभ कराना है, वहीं बालू के अवैध कारोबार पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने और अन्य राज्यों से बालू के आवक को हतोत्साहित करना है।

बैठक में खान सचिव अरवा राजकमल और खान निदेशक राहुल सिन्हा ने कहा कि बालू घाटों की नीलामी में खान विभाग के साथ उपायुक्तों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। इसलिए सभी उपायुक्त इसे गंभीरता से लें और पूरी स्पष्टता एवं तैयारी के साथ नीलामी प्रक्रिया संपन्न कराएं। इसके लिए उन्होंने उपायुक्तों को नीलामी प्रक्रिया के मॉक ड्रिल करने की भी सलाह दी। साथ ही, पूरी प्रक्रिया से नीलामी लेने वालों को भी अवगत कराने को कहा। जरूरी होने पर हेल्पलाइन भी उपलब्ध कराने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि 15 अक्टूबर के बाद से बालू घाटों से खनन पर ग्रीन ट्रिब्यूनल का प्रतिबंध खत्म होगा। उसके पहले बालू घाटों की नीलामी पूर्ण होने से खनन ससमय शुरू होगा और राज्य में बालू की किल्लत नहीं होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बालू का दर निर्धारण सरकार नहीं करेगी। लेकिन, बालू का वैध कारोबार हो, इसकी पूर्ण व्यवस्था प्रशासन करेगा। उपायुक्तों को यह अधिकार होगा कि नियम का अनुपालन नहीं करने वाले का ठेका रद्द कर सकें। शेष पेज 11 पर

**दिया गया निर्देश**

- डीसी नई पॉलिसी को पूरी तरह समझ लें, ताकि नीलामी प्रक्रिया पारदर्शी हो
- खनन पदाधिकारी व उपायुक्त भी बेसिक जानकारी के लिए प्रशिक्षित हों

### बालू घाटों को दो कैटेगरी में किया गया है विभाजित

बालू घाटों को दो कैटेगरी में विभाजित किया गया है। पहली कैटेगरी में पांच हेक्टेयर से कम रकबा वाले बालू घाट होंगे। इनका संचालन ग्राम सभा के माध्यम से होगा। ऐसे 374 बालू घाट हैं। दूसरी कैटेगरी में 5 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले बालू घाटों की नीलामी होगी। इसके लिए छोटे-बड़े बालू घाटों को मिलाकर कुल 60 समूह बनाए गए हैं। किसी भी एक व्यक्ति को एक हजार हेक्टेयर से अधिक रकबा का बालू घाट नहीं दिया जाएगा और दो से अधिक समूह का ठेका भी नहीं दिया जाएगा।

## दिल्ली की सीएम पर जनसुनवाई के दौरान हमला

- हमला करने वाला शख्स पुलिस हिरासत में, केस दर्ज

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 'जन सुनवाई' के दौरान हमला हुआ है। साप्ताहिक 'जन सुनवाई' के दौरान एक व्यक्ति अचानक बाहर आया और मुख्यमंत्री पर एक भारी वस्तु फेंकी, जिसके कारण रेखा गुप्ता जमीन पर गिर गईं। उनके सिर में चोट भी आई। फिलहाल मुख्यमंत्री एक डॉक्टर की निगरानी में हैं और घटना के बाद, मुख्यमंत्री आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हमला करने वाले शख्स को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और मामला दर्ज कर लिया है। भाजपा ने इस हमले की निंदा की और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला एवं कायराना बताया है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी राजेश भाई खिमजी शेष पेज 11 पर

### ऐसे हमले मेरे हौसले को तोड़ नहीं सकते : रेखा गुप्ता



मुख्यमंत्री | हमलावर

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को 'जन सुनवाई' के दौरान खुद पर हुए हमले को लेकर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इस हमले को कायराना प्रयास बताया और कहा कि स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' शेष पेज 11 पर

## गढ़वा से रामानुजगंज तक एनएच-343 फोरलेन निर्माण को मिली मंजूरी



सांसद वीडी राम के प्रयास से डीपीआर स्वीकृत रंका बाइपास भी होगा शामिल

**मेदिनीनगर ।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयासों का नतीजा है कि गढ़वा से रामानुजगंज तक लगभग 50 किलोमीटर सड़क को फोरलेन बनाने के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट की स्वीकृति भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दे दी गई है। सांसद ने बताया कि इस संबंध में उन्होंने केंद्र सरकार के मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर और व्यक्तिगत रूप से भेंट कर गढ़वा-रामानुजगंज मार्ग की जर्जर स्थिति पर चिंता जताई थी। शेष पेज 11 पर

## अमित शाह ने लोस में पेश किया संविधान संशोधन विधेयक 2025

ब्यूरो



- 30 दिनों तक हिरासत में रखे गए केंद्रीय या राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री को हटाने का है प्रावधान
- विपक्ष ने बिल की कॉपी फाड़कर गृह मंत्री की तरफ फेंकी, दो और विधेयक भी पेश किए गए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पेश किया। इसमें भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और किसी भी आपराधिक मामले या किसी भ्रष्टाचार के आरोप में कम से कम 30 दिनों तक हिरासत में रखे गए केंद्रीय या राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री को हटाने का प्रावधान है। इसके साथ ही संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 भी पेश किए गए। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 को लेकर विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में हंगामा किया, जिसके बाद कार्रवाई स्थगित कर दी गई।

केंद्रीय मंत्री ने यह बिल पेश करते हुए कहा कि भारत के संविधान का संशोधन करने वाले विधेयक को पुनर्स्थापित करने की अनुमति दी जाए। मैं प्रस्ताव करता हूं कि जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम का संशोधन करने वाले विधेयक को पुनर्स्थापित करने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा, मैं यह भी प्रस्ताव करता हूं कि संघ राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम 1963 का संशोधन करने वाले विधेयक को पुनर्स्थापित करने की अनुमति दी जाए। लोकसभा में इन तीनों बिलों को पेश करने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री ने इसे संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में भेजने की सिफारिश की। विपक्ष ने संविधान के 130वें संशोधन बिल को पेश करते समय बिल की कॉपी फाड़कर गृह मंत्री अमित शाह की तरफ फेंक दी। इसके बाद ट्रेजरी बेंच को विपक्ष ने घेर लिया। विधेयक में कहा गया है, यदि कोई मंत्री अपने पद पर रहते हुए लगातार 30 दिनों की अवधि के दौरान किसी कानून के तहत अपराध करने के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में लिया जाता है, तो उसे राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री की सलाह पर उसके पद से हटा दिया जाएगा। शेष पेज 11 पर

**इंडिया**

## पीएम तक को सामान्य सरकारी कर्मचारी बनाने का प्रस्ताव और विरोध



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

विकसित और आर्थिक महाशक्ति बनने के लक्ष्य पर चल रहे भारत के सामने सबसे बड़ी बाधा वीआइपी संस्कृति है जो आम आदमी और खास आदमी के बीच एक स्पष्ट रेखा खींचती है जिससे आजादी के अमृतवर्ष में भी अनेक लोग अपने को गुलाम या दीनहीन समझते हैं जबकि जातीय, धार्मिक, आर्थिक, संख्याबल और भय तक का दबाव या छलबल इस्तेमाल कर कुछ लोग राजनीतिक पद या किसी भी पार्टी में पद किसी भी कीमत में हासिल करना चाहते हैं ताकि उनपर सामान्य लोगों की तरह कानूनी कार्रवाई न हो सके और और उन्हें उनके असली धंधे से नहीं बल्कि समाजसेवी या किसी संवैधानिक पद के नाम पर जाना जाए। स्वतंत्रता के पूर्व या आज भी सच्चे देशभक्तों की कमी नहीं जो देशसेवा या व्यवस्था परिवर्तन कर वंचित वर्ग को राहत या सम्मान दिलाना चाहते हैं पर ऐसे लोग धनबल,छलबल और संख्याबल में हलके पड़ जाते हैं जिस कारण समानतावादी और समाजवादी सोच रखने वाले लोग या पार्टियां हमेशा एक देश एक कानून और समान शिक्षा या व्यवहार की बात करती हैं । पीएम मोदी ने लाल,पीली,नीली गाड़ियों वाली वीआइपी संस्कृति को जब समाप्त किया था तब जो छटपटाहट देखने को मिली थी उससे भी ज्यादा अभी शुरू हो गई है जब 130 वें संविधान संशोधन के रूप में नया विशेयक संसद में पेश किया गया है जिसमें गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाने वाले पीएम,सीएम और मंत्री तक को गिरफ्तार होने के बाद लगातार 30 दिनों तक न्यायिक हिरासत में रहने पर 30 दिनों के बाद स्वतः पद से हटाने का प्रावधान है ! संविधान निर्माताओं ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वीभत्स और जघन्य अपराध में जेल जाने वाले मंत्री और मुख्यमंत्री जेल से शासन चलाने की दंभपूर्ण जिद्द करेंगे और अपने पद से त्यागपत्र देने से इनकार कर देंगे और कहेंगे कि हम जेल से शासन चलाएंगे। जेल में ही कैबिनेट की बैठक बुलाएंगे। संविधान निर्माताओं को भान रहा होगा कि ये भारत है और यहां सामाजिक जीवन में लोक-लाज का बड़ा महत्व है। बिल पर भड़के कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि क्या राजा किसी को अपनी मर्जी से हटा देगा ? ममता बनर्जी




ने विधेयक का कड़ा विरोध करते एक्स पर कहा कि यह न्याय व्यवस्था कमजोर कर वन मैन-वन पार्टी, वन गवर्मेंट की तैयारी है। विधेयक में है कि जिस अपराध के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया है, उसकी सज़ा पांच साल या उससे ज़्यादा होनी चाहिए। हालांकि, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों या मंत्रियों को हिरासत से रिहा होने के बाद राष्ट्रपति या राज्यपाल द्वारा पुनः नियुक्त किया जा सकता है। इसी तरह के प्रावधान जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेशों पर भी लागू होंगे, जो एक अलग विधायी ढांचे के माध्यम से शासित होते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की गिरफ़्तारी के बाद, नेताओं के सत्ता में बने रहने का मुद्दा केंद्र और विपक्ष के बीच विवाद का विषय बन गया था। धन शोधन के एक मामले में गिरफ़्तार हुए बालाजी के मामले में, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें बिना किसी विभाग के मंत्रिमंडल में बनाए रखा था। इस वजह से राज्यपाल के साथ उनकी तीखी बहस हुई थी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार, राज्य विधानसभाओं और संसद के सदस्यों को दो वर्ष या उससे अधिक की सजा मिलने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है। भ्रष्टाचार और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे गंभीर अपराधों में दोषसिद्धि के मामले में सजा की अवधि की परवाह किए बिना अयोग्यता की जा सकती है।विपक्ष के आरोपों के बीच कानून बना तो पीएम,सीएम और मंत्री भी सरकारी कर्मचारी की तरह सामान्य बन जाएंगे वैसे इसे जेपीसी में भेजने प्रस्ताव है।





जमशेदपुर आगमन पर बुधवार को सोनारी एयरपोर्ट पर गार्ड ऑफ ऑनर लेते मुख्यमंत्री हेमंत। इस मौके पर जिला प्रशासन के पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

# झारखंड में बालू घाटों की नीलामी प्रक्रिया शुरू

- रांची जिले में 19 घाटों का टेंडर किया जाना है

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड के सभी जिलों में 444 बालू घाटों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। खान एवं भूतत्व विभाग ने इसके लिए सभी जिलों को मॉडल टेंडर डॉक्यूमेंट भेज दिया है। निर्देश दिया गया है कि इसके आधार पर जिलों में ई-ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी करायी जाये। रांची जिले में भी तैयारी शुरू हो गई है। यहां कुल 19 घाटों का टेंडर किया जाना है।

जिला प्रशासन ने सितंबर के पहले सप्ताह तक टेंडर निकालने की तैयारी कर ली है। गौरतलब है कि बालू घाटों का संचालन अधिकार 15 अगस्त तक झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के पास था। इसके बाद निगम का कार्यकाल बढ़ाया नहीं गया और अब सभी घाटों का स्वामित्व खान एवं भूतत्व विभाग के पास आ गया है।

**खनन के नियम और शर्तें :** खनन पट्टाधारी को पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से मिली स्वीकृतियों का पालन करना होगा। मानवाधिकार मीडिया कांके बुढ़मू। खनन की अधिकतम गहराई तीन मीटर तक ही होगी या फिर जब तक नदी का तल न दिख जाए। बालू का परिवहन केवल सरकार द्वारा जारी ई-चालान से ही किया जा सकेगा। साथ ही, सभी खनन पट्टाधारी को मासिक प्रगति रिपोर्ट जिम्स पोर्टल पर ऑनलाइन जमा करनी होगी। अगले वर्ष खनन की अनुमति नवीनीकरण के लिए आवेदन करना भी अनिवार्य होगा।

# राजीव गांधी ने की थी विकसित भारत की कल्पना : केशव महतो



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कांग्रेस भवन में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 81वीं जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश सहित कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। केशव महतो कमलेश ने कहा की देश में कंप्यूटर क्रांति के जनक स्वर्गीय राजीव गांधी ने विश्व पटल पर देश को अग्रणी ले जाने की नींव रखी थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में भविष्य के विकसित भारत की कल्पना की थी और इसे धरातल पर उतारने का प्रयास प्रारंभ कर दिया था। दूरसंचार क्रांति,कंप्यूटर युग की शुरूआत इसका उदाहरण है।

केशव महतो ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी ने देश के विकास और राजनीतिक भूमिका में युवाओं के योगदान को उन्होंने महसूस किया और मतदान की उम्र सीमा घटकर 18 वर्ष की। वे देश को दुनिया की उच्च तकनीक से पूर्ण करना चाहते थे, 21वीं सदी के भारत का निर्माण करना चाहते थे। उन्होंने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक विकास योजनाएं चलायी, ग्रामीणों को उनका हक देने के लिए पंचायती राज की परिकल्पना की और उसे धरातल पर उतारा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विधायक सुरेश बैठा नमन विक्सल कोंगाड़ी, संजय लाल पासवान, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुजनी, अभिलाष साहु, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक दुबे सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल थे।

राहुल गांधी के वोट चोरी के बयानों पर बचाव किया जेएमएम ने

# चुनाव आयोग को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए : महुआ माजी

नवीन मेल डेस्क



**रांची/ नई दिल्ली।** बिहार में वोट चोरी के आरोपों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान पर कड़ी आपत्ति के बीच, झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने मंगलवार को कहा कि भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए और विपक्षी दलों द्वारा उठाए जा रहे संदेहों का समाधान करना चाहिए। राहुल गांधी के वोट चोरी, भारत माता पर हमला वाले बयान का बचाव करते हुए माजी ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) केवल संविधान की रक्षा करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोगों के मताधिकार से कोई छेड़छाड़ न हो। राज्यसभा सांसद ने एएनआई को बताया राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं और देश के नागरिक होने के नाते, लोकतंत्र की रक्षा करना उनकी और हम सभी की बड़ी ज़िम्मेदारी है। वह चाहते हैं कि संविधान की रक्षा हो, लोकतंत्र की रक्षा हो और लोगों के मताधिकार से कोई छेड़छाड़ न हो। चुनाव आयोग को लोकतांत्रिक तरीके से काम करना चाहिए। दसवें मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के रूप में टीएन शेषन के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए, माजी ने तर्क दिया कि संवैधानिक संस्था को तटस्थ रूप से काम करना चाहिए और ऐसी स्थिति उत्पन्न होने से बचना चाहिए जहाँ उनके कामकाज पर संदेह पैदा हो।

महुआ माजी ने कहा कि अगर उन्हें या जनता को कोई संदेह है, तो चुनाव आयोग को पारदर्शिता सुनिश्चित करनी चाहिए, ठीक वैसे ही जैसे टीएन शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त रहते हुए हुआ था। तब किसी ने चुनाव आयोग पर उंगली नहीं उठाई थी। ऐसी संस्थाओं को इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि उन पर उंगलियां क्यों उठाई जा रही हैं। ऐसी स्थिति बिल्कुल नहीं आनी चाहिए। विपक्ष को कहना चाहिए कि चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है। अगर विपक्ष को कोई संदेह है, तो उसका समाधान किया जाना चाहिए।

पूर्व नौकरशाह शेषन, जिन्होंने भारत के दसवें चुनाव आयुक्त के रूप में कार्य किया, ने एक ऐसी विरासत छोड़ी है जिसमें उन्होंने कहा कि वे भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, न कि भारत सरकार के। उनकी यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा बिहार में अपनी 'मतदाता अधिकार यात्रा' शुरू करने के बाद आई है। उन्होंने चुनाव आयोग और उसके अधिकारियों पर तीखा हमला करते हुए चेतावनी दी थी कि अगर वे "अपना काम नहीं करेंगे" तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा था कि "वोट चोरी" संविधान और भारत माता पर हमला है।

# सांसद कला महोत्सव का रांची से हुआ आगाज

## रांची लोकसभा क्षेत्र के 125 स्कूल के 50 हजार से अधिक बच्चे भाग लेंगे



- पीएम के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा तक चलेगा महोत्सव
- नरेंद्र मोदी को भेंट की जाएगी बेहतर पेंटिंग्स
- सभी प्रतिभागी बच्चों को मिलेगा प्रमाणपत्र

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची में सबसे लंबे समय तक चलने वाले भव्य सांसद कला महोत्सव का शुभारंभ बुधवार से हो गया। जेवीएम श्यामली से इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, जहां सैकड़ों बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर और मोदी जी के सैन्य प्रेम पर अपनी चित्रांकन प्रतिभा की प्रस्तुति कागजों पर की। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर 20 अगस्त से ही इस कार्यक्रम का आगाज किया गया है। सांसद कला महोत्सव के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम के पेंटिंग कार्निवल में रांची लोकसभा क्षेत्र के 125 से अधिक स्कूल सहभागिता निभाएंगे। इसमें 50 हजार से अधिक बच्चे अपने चित्रांकन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। पूर्व में यह कार्यक्रम एक सप्ताह का होना था परंतु विद्यालयों के उत्साह और रुझान को देखते हुए इसे लंबे समय तक विस्तारित किया गया है। आज से शुरू हुआ यह महोत्सव भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 में जन्मदिन पर होने वाले सेवा पखवाड़ा तक चलेगा। इस महोत्सव में रांची लोकसभा क्षेत्र के रांची, हटिया, कांके, खिजरी, ईचागढ़ और सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के विद्यालय भाग लेंगे। इस बाबत रक्षा राज्य मंत्रीसंजय सेठ ने बताया कि आज से शुरू हुआ यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन तक चलेगा, जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र के 8वीं से 12वीं तक के 50 हजार से अधिक बच्चे अपनी सहभागिता निभाएंगे। इसके प्रथम चरण में विद्यालय स्तर पर महोत्सव का आयोजन होगा, जिसमें पांच अच्छे प्रतिभागियों का चुनाव किया जाएगा। उसके बाद सभी विद्यालयों से चयनित अच्छे प्रतिभागियों की एक प्रतियोगिता अलग से कराई जाएगी। यहां से चयनित बेहतर पेंटिंग्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट किया जाएगा। महोत्सव में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। बेहतर पेंटिंग करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने बताया कि बच्चों में ऑपरेशन सिंदूर और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सैन्य प्रेम को लेकर उत्साह बढ़े, उनकी सोच धरातल पर उतरे, इस उद्देश्य के साथ इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना हो रही है। इतने लंबे समय तक और भव्य तरीके से मनाया जाने वाला पहला पेंटिंग कार्निवल है, जिसमें उत्साहपूर्वक बच्चे शामिल हो रहे हैं। आज के शुभारंभ कार्यक्रम में संयोजक मनोज कुमार गुप्ता, रमेंद्र कुमार,धनंजय कुमार, शुभंकर चौधरी मौजूद रहे।



रांची स्थित राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को विकास भारती के सचिव पद्मश्री अशोक भगत ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने स्वलिखित पुस्तक 'परंपरा और प्रयोग' उन्हें भेंट की। अशोक भगत के साथ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार भाटिया भी थे।

## जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी और एदारा-ए-शरिया का प्रतिनिधिमंडल जुलूस-ए-मोहम्मदी को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से बुधवार को मिला। एदारा-ए-शरिया के महासचिव मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी और कमेटी के अध्यक्ष डॉ मौलाना ताजउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 5 सितंबर को निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर चर्चा की। मंत्री से जुलूस में शामिल होने की गुजारिश भी की। मंत्री ने आश्वासन दिया कि अगर वह स्वस्थ्य रहेंगे तो जुलूस में शामिल होंगे।

सूर्या हांसदा एनकाउंटर जांच टीम की प्रदेश कार्यालय में बैठक

# भ्रष्टाचार व लूट के खिलाफ आवाज उठाने से हुई हांसदा की हत्या : मुंडा




नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की जांच के लिए गठित सात सदस्यीय टीम की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व सांसद सुनील सोरेन, प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल एवं अनीता सोरेन उपस्थित थे। बैठक में जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया, जो प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को सौंपा जाएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने बाद में मीडिया से बात करते हुए कहा कि ललमटिया दौरे पर जाने के बाद टीम ने स्व. सूर्या हांसदा के परिजनों एवं वहां के प्रबुद्ध जन, स्थानीय जनता से घटना के संदर्भ में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी ने स्पष्ट तौर पर आशंका जाहिर की कि स्व. सूर्या हांसदा का इनकाउंटर फर्जी है तथा यह साजिशन हत्या है।

अर्जुन मुंडा ने कहा कि स्व. हांसदा अवैध खनन तथा भ्रष्टाचार का सदैव विरोध करते थे। उनका परिवार रूढ़िवादी पारंपरिक आदिवासी व्यवस्था का अगुआ है। उनका परिवार मांझी परिवार है। उन्होंने कहा कि स्व. सूर्या हांसदा अपने आंदोलनों के कारण खनन माफियाओं के आंखों की किरकिरी बने हुए थे। उनके रास्ते में रोड़ा बनकर खड़े थे, इसलिए उन्हें रास्ते से हटाने की साजिश रची गई।

उन्होंने कहा कि जिस मुकदमे में उनका एनकाउंटर दिखाया जा रहा है, उसमें वे नामजद भी नहीं थे। उन्होंने कहा कि स्व. सूर्या हांसदा गरीब बच्चों के मसीहा थे। सैकड़ों बच्चों के शिक्षा की चिंता करते थे। आज वे बच्चे अनाथ महसूस कर रहे थे। मुंडा ने कहा कि भाजपा स्व. सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले की लड़ाई को अंतिम दम तक लड़ेगी। पार्टी परिवार के साथ खड़ी है। कहा कि आने वाले दिनों में पार्टी ठोस आंदोलन कार्यक्रम की घोषणा करेगी।

# बस स्टैंड की दुर्दशा पर हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

नवीन मेल संवाददाता


परिवहन विभाग की अनदेखी से सरकारी बस स्टैंड में हो सकता है बड़ा हादसा

गिरने के कगार पर जर्जर हो चुका भवन

हल्की बारिश ने ही खोली रांची नगर निगम के काम की पोल

आईटीआई बस स्टैंड में कीचड़ ही कीचड़

शौचालय जाने के रास्ते पर पानी भरे गड्ढे और कीचड़ से वृद्ध, महिलाओं एवं बच्चों को हो रही है परेशानी

खबर का असर

**रांची।** सरकारी बस स्टैंड के भवन जर्जर हो चुके हैं, कभी भी कहीं से छत टूट कर गिर सकता है। स्टैंड परिसर में कचरा बिखरा रहता हैं, गंदगी से नालियां बजबजाती रहती है, स्टैंड में पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है सभी लोग बोतल का पानी नहीं खरीद पाते हैं। बरसात के दिनों में स्टैंड कीचड़ से भर जाता हैं। यही हाल आईटीआई बस स्टैंड का भी है, रात में टावर लाइट काम नहीं करती, टावर लाइट तेज हवाओं से कभी भी गिर सकता है जिससे बड़ी जान माल की क्षति हो सकती है। बस स्टैंड की असुविधाओं पर राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र लगातार खबरें प्रकाशित करता आ रहा है। अब जब हाइकोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया है और निगम को जवाब दाखिल करने कहा गया है तो जनता की उम्मीदें बढ़ी है कि अब मूलभूत सुविधाएं बस स्टैंड में मिलेगी।

# एक सजग शब्द शिल्पी का जाना

स्मृति शेष



भोजपुरी के जाने-माने गीतकारगंगा प्रसाद 'अरुण' अंनत यात्रा पर निकल गए। उनका जाना भोजपुरी साहित्य जगत को कभी न भरी जा सकने वाली रिक्तता दे गया। 15 अगस्त की शाम उन्होंने अंतिम सांस ली। अरुण जी सहज, संवेदनशील शब्द-शिल्पी और सरल, सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। लगभग पचास वर्षों से इस्पात नगरी के साहित्यिक एवं सास्कृतिक फलक पर अपनी उज्ज्वल प्रकाश से दीप्तमान रहे। उन्हें गीत और नवगीत लिखने में महारत हासिल थी। अपने गीतों को 'मनगीत' कहते थे। उनमें व्यंग्यकार, आलोचक, तथा चिंतक की अनेक विशेषताएं विद्यमान थीं। उन्होंने भोजपुरी में गजल और हाइकु भी लिखा।



हिमकर श्याम

उनकी किताब 'गजल गवाह बनी' चर्चा में रही। पूरी किताब हस्तलिखित है, जिसे उन्होंने मोतियों जैसे अक्षरों में सजाया था। उनका प्रथम काव्य संग्रह वर्ष 1974 में प्रकाशित हुआ, जो भोजपुरी गीतों का संकलन था। उनके काव्य-संकलनों में 'तिरछी परछाइयां' हिंदी गीत-नवगीत संग्रह, 'अंगना महुआ झरल'-गीत नवगीत संग्रह, 'तीन डेगे त्रिलोक'-भोजपुरी हाइकु संग्रह, 'प्रेम न बाड़ी ऊपजै'- मदन लेख संग्रह, 'मनुवा मनगीत लिखे'-भोजपुरी मनगीत संग्रह, 'द्वंद्व समास'-भोजपुरी ललित गद्य संग्रह प्रमुख हैं। उनके भोजपुरी गीत-नवगीत संग्रह 'अंगना महुआ झरल' के सात रचनाओं को एमए (स्नातकोत्तर) बिहार विश्वविद्यालय के भोजपुरी के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। विद्यार्थी उनका लिखा यात्रा वृतांत 'फोकट में सैर' भी पढ़ रहे हैं। विभा रानी श्रीवास्तव द्वारा संपादित संग्रह 'शत हाइकुकार साल शताब्दी' में उनके साथ मेरे भी कुछ हाइकु संकलित हैं।

अरुण जी एक सुधी चिंतक, सुकवि होने के साथ-साथ समर्थ संपादक भी थे। उन्होंने 'लकीर', 'लुकार', 'विकास वार्ता', 'पर्यावरण चिंतन', 'रचनाकार', 'इस्पतिका'(स्मारिका), 'विदूषक', 'पारिजात कल्प', 'मानवी', 'निर्भीक संदेश', 'इस्पात भारती' समेत दर्जनाधिक पत्र-पत्रिकाओं, गीत-संकलनों, अभिनंदन ग्रंथों, स्मृति ग्रंथों, स्मारिकाओं तथा समीक्षात्मक पुस्तकों का संपादन किया। कई साहित्यिक संस्थाओं से अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के रूप में संबद्ध रहे। उन्होंने भोजपुरी के साथ हिंदी साहित्य को भी समृद्ध किया। साहित्य सेवा और सृजनधर्मिता के लिए कई पुरस्कार और सम्मान प्राप्त किया, जिसमें आचार्य महेंद्र शास्त्री पुरस्कार, साहित्य सेवा सम्मान, भिखारी ठाकुर सम्मान, भोजपुरी सेवा सम्मान, डॉ प्रभुनाथ सिंह सम्मान, सरदार वल्लभ भाई पटेल सम्मान, साहित्य शिरोमणि सम्मान, साहित्य सेवा सम्मान, पाती अक्षर सम्मान एवं निर्मल मिलिंद स्मृति सम्मानशामिल है।

अरुण जी की कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के विभिन्न केंद्रों से होता रहा है। आकाशवाणी के राज्यस्तरीय खुले काव्य-मंच से कविता-पाठ किया। कवि सम्मेलनों एवं मंचों पर अपनी गीत-प्रस्तुति से अपार यश अर्जित किया। उन्होंने रामधारी सिंह दिनकर, आचार्य जानकी बल्लभ शास्त्री, अज्ञेय, नागार्जुन, काका हाथरसी, हुल्लड़ मुरादाबादी, भोलानाथ गहमरी, आचार्य महेंद्र शास्त्री, पांडेय कपिल जैसे दिग्गज कवियों और गीतकारों के साथ मंच साझा किया और उनकी प्रशंसा बटोरी।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी गंगा प्रसाद 'अरुण' का जन्म 4 जनवरी 1947 को बिहार के रोहतास जिले के पड़रिया गांव में हुआ। रामभजन साहु और दुलारी देवी के पुत्र गंगा प्रसाद को बचपन से ही अध्ययन में गहरी रुचि थी। प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव के लोअर प्राइमरी स्कूल और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बुढ़वल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से ग्रहण की। विद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहे। सात वर्ष की आयु में सर्वप्रथम रंगमंचीय भागीदारी शुरू की और 20 से अधिक नाटकों में अभिनय किया। स्वर माधुर्य के कारण शिक्षकों में 'बांसुरी' उपनाम से प्रसिद्ध हुए।

अरुण जी 5 जून, 1965 को जमशेदपुर आए और रात्रिकालीन करीम सिटी कॉलेज में नामांकन कराया। 1971 में स्नातक (हिंदी प्रतिष्ठा) की डिग्री प्राप्त की। स्वाध्याय से संपूर्ण रांची विश्व विद्यालय में प्रथम श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनका पाणिग्रहण संस्कार 1959 में कमला देवी के साथ हुआ। दोनों को चार पुत्रियां एवं एक पुत्र हुए। इनमें से एक पुत्री का असमय निधन हो गया। 7 फरवरी, 1966 को टेल्को से जुड़े और 7 फरवरी 2007 को प्रबंधक पद से सेवानिवृत हुए। वे जमशेदपुर स्थित बिरसानगर के संडे मार्केट एरिया में अपने निजी आवास में रहते थे। लगभग एक वर्ष से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इसी वर्ष फरवरी माह में उनकी धर्मपत्नी का देहांत हुआ था। पत्नी की मृत्यु के बाद तो टूट से गए थे। मानसिक पीड़ा के साथ शारीरिक वेदना को सहन करना दुष्कर होता गया और टाटा मोटर्स अस्पताल में अंतिम सांस ली। कनिष्ठ पुत्र राजेश भोजपुरिया अंतिम समय तक उनके साथ रहे।

अरुण जी के जाने से भोजपुरी गीतों के उस बेल का मुरझा जाना है, जो उनके रहते हरी-भरी थी। उनके गीतों से गुजरने पर इनमें कथ्य-शिल्प के नयापन और विविधता के दर्शन होते हैं। भाषा की सादगी और सहज-सरल बिम्बों की बहुलता इनके गीतों की खास विशेषता है। अरुण जी मेरे बड़े भाई की तरह थे। बराबर ही फोन पर हमारी बातें होती थीं। कवि, पत्रकार एवं टाटा स्टील के पूर्व पदाधिकारी और मेरे मामा विपिन बिहारी अकुल विद्यालय में उनके शिक्षक थे। इस नाते भी नजदीकी संबंध था। उनके जाने का दुख बड़ा है। यह दुख भरने में समय लगेगा। उनकी स्मृतियों को नमन। श्रद्धांजलि।

# नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों का हो नियमितीकरण : धर्मेंद्र तिवारी



**रांची।** जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र तिवारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार से मांग की है कि राज्य के अधीनस्थ विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में कार्यरत लगभग 700 नीड बेस्ड असिस्टेंट प्रोफेसरों का तत्काल समायोजन/नियमितीकरण किया जाए। श्री तिवारी ने कहा कि वर्ष 2017-18 से विधिवत चयन प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्त ये शिक्षक पिछले आठ वर्षों से राज्य की उच्च शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ बने हुए हैं। इनमें से लगभग 90% शिक्षक झारखंड के मूलवासी हैं, जो निरंतर अध्यापन, मूल्यांकन, शोध कार्य, प्रश्नपत्र निर्माण, विश्वविद्यालयीय परीक्षा संचालन और विभागीय दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में सहायक प्राध्यापक के कुल 4317 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 2808 पद रिक्त हैं।

# सीसीएल के धोरी क्षेत्र में शिकायत निवारण शिविर का सफल आयोजन




**ढोरी।** सीसीएल के ढोरी क्षेत्र में एक शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कर्मचारियों, उनके आश्रितों, ठेका श्रमिकों एवं अन्य हितधारकों की लंबित शिकायतों का समाधान करना था। शिविर के दौरान ढोरी एवं बीएंडके क्षेत्र की कुल 25 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें मुख्य रूप से सीएमपीएफ, पेंशन, सेवानिवृत्ति संबंधी बकाया भुगतान, नियोजन एवं सेवा से जुड़े मुद्दे तथा ठेका श्रमिकों की समस्याएं शामिल थीं। प्राप्त शिकायतों में से कई का स्थल पर ही समाधान किया गया, वहीं शेष शिकायतों के समयबद्ध और पारदर्शी निपटारे का आश्वासन दिया गया। कर्मचारियों और हितधारकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान कंपनी के सतत एवं समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसी उद्देश्य से इस प्रकार के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं।

# अगले 6 दिनों तक भारी बारिश का अलर्ट

**आईएमडी ने जारी किया अपडेट**



**रांची।** झारखंड में आने वाले दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 6 दिनों के लिए मौसम का पूर्वानुमान जारी किया है, जिसके अनुसार राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी से बहुत भारी वर्षा होने की संभावना है। 21 अगस्त से बारिश और आंधी-तूफान के साथ वज्रपात का भी अलर्ट जारी किया गया है।

### पूरे राज्य में येलो अलर्ट

मौसम विभाग ने 24 और 25 अगस्त के लिए पूरे राज्य में येलो अलर्ट जारी किया है। इन दिनों उत्तरी झारखंड में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। विभाग ने यह भी बताया है कि अगले 5 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

### झारखंड में मानसून की स्थिति

मौसम विभाग के अनुसार, झारखंड में इस मानसून सीजन में अब तक सामान्य से 27 फीसदी अधिक वर्षा हो चुकी है। 1 जून से 19 अगस्त के बीच 700.5 मिलीमीटर वर्षा के मुकाबले 888.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जो राज्य के लिए एक अच्छी खबर है।

### 21 अगस्त : आंधी-तूफान और भारी वर्षा

मौसम विभाग ने बताया है कि 21 अगस्त को राज्य के उत्तर-पूर्वी और उससे सटे मध्य भागों में कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दिन राज्य में गरज-चमक के साथ वज्रपात और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की भी आशंका है। इन जिलों में होगी भारी वर्षा: हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा, देवघर, दुमका, पाकुड़, गोड्डा और साहिबगंज।

### 22 अगस्त : ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी

22 अगस्त के लिए मौसम विभाग ने दो अलग-अलग अलर्ट जारी किए हैं। राज्य के उत्तर-पश्चिमी भागों, जिसमें गढ़वा, पलामू, चतरा और लातेहार शामिल हैं, के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, जिसका मतलब है कि इन जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इसके अलावा, लोहरदगा, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, बोकारो, धनबाद, जामताड़ा और देवघर जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां भारी वर्षा और वज्रपात की संभावना है।

### उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी भागों में बारिश

23 अगस्त को झारखंड के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पश्चिमी भागों में कहीं-कहीं पर भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रह सकती है और वज्रपात का भी खतरा है। इन जिलों में होगी भारी वर्षा: गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा और दुमका।

**कवर वायर लगाने का लक्ष्य 2026 तक**

# जनता से सहयोग की करते हैं अपील : मनमोहन कुमार





**नवीन मेल संवाददात। रांची**

खराब मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति करने, बिजली की चोरी रोकने, लाइन लॉस में कमी करने और बार-बार ब्रेकडाउन की समस्या से निजात दिलाने के लिए कवर्ड वायर लगाया जा रहा है। राजधानी और आसपास के गांवों के कई इलाकों में कवर वायर लगा दिया गया है। वहीं रांची जिले के कुछ गांवों में आज भी बिजली के पोल पर तारों के गुच्छे नजर आते हैं जहां एक घर के फॉल्ट को ठीक करते करते दूसरे घरों में फॉल्ट आ जाता है। वहीं बरसात के दिनों में खेतों से होकर जाने वाले तार के गिरने की घटना होती है जिससे कई किसानों की जान तक चली जाती है। गांवों में कवर वायर पूरे नहीं लगे होने की बात को राष्ट्रीय नवीन मेल दैनिक समाचार पत्र के संवाददाता ने प्रमुखता से उठाते हुए जीएम मनमोहन कुमार से सवाल पूछे। जीएम मनमोहन कुमार ने बताया कि कवर वायर लगाने का लक्ष्य 2026 तक रखा गया है जिसे पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा हैं वहीं पुराने मीटर को बदल कर स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। कई जगहों पर कवर वायर लगाया जा रहे हैं परंतु बारिश के कारण काम औसतन कम हुए हैं लेकिन समय पर हमलोग काम पूरा कर देंगे। उन्होंने जनता से अपील की है कवर वायर लगाने में सहयोग करें कहीं कहीं समानों के चोरी होने की घटना भी होती है। सबको यह समझना होगा कि कवर्ड वायर सबकी जरूरत है और इसे लगाने में सब मिलकर जुल कर विभाग का सहयोग करें।

# नौ अक्तूबर से मोरहाबादी में जेसोवा दीवाली मेला




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

- देशभर के उद्यमी लगाएंगे स्टॉल, दिखेगी संस्कृति और परंपरा की झलक

झारखंड आइएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की ओर से आयोजित पांच दिवसीय जेसोवा दीवाली मेला 2025 का शुभारंभ नौ अक्तूबर से मोरहाबादी मैदान में होगा। यह मेला 13 अक्तूबर तक चलेगा। लोग सुबह 11 से रात नौ बजे तक मेले का आनंद ले सकेंगे। बुधवार को मोरहाबादी स्थित सीएसओआइ क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में जेसोवा की अध्यक्ष प्रीति कुमार और सचिव मनू झा ने बताया कि इस वर्ष जेसोवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर दीवाली मेले का आयोजन भव्य स्तर पर किया जा रहा है। इस अवसर पर मेले का पोस्टर भी जारी किया गया। जेसोवा दीवाली मेला महिला उद्यमिता और ग्रामीण कारीगरों को मंच प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। मेले में महिला उद्यमी और कलाकार अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।

**देश भर से आएंगे कलाकार और उद्यमी :** इस बार मेले में गुजरात, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों से उद्यमी भाग लेंगे। मेले में स्वदेशी कपड़े, जनजातीय व्यंजन और पारंपरिक कला जैसे कोहवर, सोहराई और मधुबनी पेंटिंग से जुड़े स्टॉल प्रमुख आकर्षण होंगे।

**250 से अधिक स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रम :** मेले में 250 से अधिक स्टॉल लगाये जायेंगे। हर शाम देश भर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर और झारखंड सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने वाले स्टॉल भी रहेंगे। आगंतुकों की सुविधा के लिए मोबाइल एटीएम की व्यवस्था की गयी है। मेले से होने वाली आय का उपयोग समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने वाले कार्यों में किया जाएगा।

**बीआईटी मेसरा में कृषि आधारित उद्यमिता विषय पर सेमिनार**

# युवाओं के लिए स्वरोजगार व उद्योग का नया मार्ग है कृषि : पंकज रॉय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा, बायोइंजीनियरिंग एवं बायोटेक्नोलॉजी विभाग द्वारा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी), बीआईटी मेसरा के सहयोग और इंस्टीट्यूट फॉर इंडस्ट्रियल एंड एकेडमिक रिसर्च (आईआईएआर) की सहभागिता से सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का विषय था 'एग्रीप्रेन्योर एवं स्टार्टअपः अकैडेमिया-इंडस्ट्री इंटरैक्शन'

कृषि आधारित उद्यमिता (एग्रीप्रेन्योरशिप) विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता पंकज रॉय ने कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचारों के साथ कृषि अब केवल आजीविका का साधन नहीं रही, बल्कि यह युवाओं के लिए स्वरोजगार और उद्योग का नया मार्ग बन चुकी है।

उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्टार्टअप इंडिया जैसे अभियानों का लाभ उठाकर किसान और छात्र कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन, खाद्य प्रसंस्करण, जैविक खेती और एग्री-बिजनेस की दिशा में नए अवसर तलाश सकते हैं।

पंकज रॉय ने बताया कि आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में कृषि-उद्यमिता की अहम भूमिका है और यदि युवा सही दिशा में कदम बढ़ाएँ तो कृषि क्षेत्र में भी करोड़ों की संभावनाएँ मौजूद हैं।

सेमिनार का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों के बीच संवाद स्थापित करना और कृषि आधारित स्टार्टअप्स एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवाचार, स्टार्टअप इकोसिस्टम, और अकादमिक-औद्योगिक सहयोग की अहम भूमिका पर विचार साझा किए।

इस अवसर पर आईआईएआर की निदेशक डॉ. अर्चि महतो, सह-संस्थापक पंकज रॉय, कार्यकारी प्रशासनिक अधिकारी सरोजिनी टोप्पो तथा बीआईटी मेसरा के बायोटेक्नोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. कुणाल विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर संस्थान के संकाय सदस्य, छात्र-छात्राएँ, शोधार्थी तथा कई उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सेमिनार ने विद्यार्थियों के बीच कृषि आधारित उद्यमिता के प्रति नई प्रेरणा जगाई और अकादमिक जगत तथा उद्योग क्षेत्र के बीच मजबूत संबंध बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुई।

# श्री सती दादी को दुर्गा का अवतार व नारी शक्ति का प्रतीक माना जाता है: संजय सर्राफ

**राणी सती दादी जी का भादो बदी मावस 23 को**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री राणी सती दादी जी का भादो बदी अमावस्या 23 अगस्त शनिवार को मनाया जा रहा है। विशेष रूप से शनिवार आने के कारण इसे शनिश्चरी अमावस्या भी कहा गया है, इस दिन पितृ तर्पण, पिंडदान, व्रत और दान की परंपराएं गहराई से जुड़ी हुई है। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा कि भादी मावस मारवाड़ी समाज का प्रमुख त्यौहार है जो कि सांस्कृतिक शक्ति, मातृत्व और साहस की प्रतिमूर्ति की पूजा के लिए भी विशेष महत्वपूर्ण है। राजस्थान के झुंझुनू दादी मंदिर के अलावा पूरे देश के राणी सती दादी मंदिर में इस दिन विशेष महोत्सव और भव्य पूजा का आयोजन होता है। सनातन धर्म में अमावस्या को स्नान- दान के लिए शुभ माना जाता है। इस पूजा का पितरों के संदर्भ में बहुत महत्व है। इस दिन महिलाएं एवं पुरुष दादी जी की मंदिरों एवं अपने-अपने घरों में विधिवत पूजा करते हैं। तथा पितरों को धोक एवं दादी जी की जात दी जाती है। पूजा में रोली, मोली, मेहंदी, चावल, नाल जोड़ी काजल, चूड़ी, सिंदूर, नारियल, गट, प्रसाद, दीपक, कलश, चढ़ाने के लिए रुपया, मीठा पूड़ा, घूघरे डिजाइन का पूड़ा,पूड़ी बनाते हैं।

# छोटा तालाब में डूबने से युवक की मौत

**रांची।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित छोटा तालाब में बुधवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई। युवक के डूबने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग पानी में उतर कर युवक की खोजबीन की। मौके पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठे हो गए थे। काफी खोजबीन करने के बाद जब युवक का कोई पता नहीं चला तो, लोग एनडीआरएफ की टीम को बुलाने की मांग करने लगे और एकजुट होकर बड़ा तालाब के पास सड़क को जाम कर दिया। इस वजह से यातायात बाधित हो गया। हालांकि, स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद दिन में करीब तीन बजे युवक का शव छोटा तालाब से बरामद कर लिया।



**आज / कल**




# सरला बिरला स्कूल में मनीषा शर्मा ने प्राचार्या का पदभार ग्रहण किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



- वे शिक्षा में उत्कृष्टता समावेशिता और समग्र विकास को प्राथमिकता देंगी

सरला बिरला पब्लिक स्कूल में मनीषा शर्मा ने आधिकारिक तौर पर संस्थान की नई प्राचार्या का पदभार ग्रहण किया। मौके पर विद्यालय परिवार ने कहा कि वे अपने अनुभव, शैक्षणिक उत्कृष्टता और संस्थान के भविष्य के लिए एक प्रगतिशील दृष्टिकोण के साथ, श्रीमती शर्मा अपनी गतिशीलता और नेतृत्व क्षमता से विद्यालय का गौरव बढ़ा रही हैं। शिक्षा के क्षेत्र में अपने अनुभव के साथ, उन्होंने एक उत्कृष्ट शिक्षाविद् के रूप में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। श्रीमती शर्मा एक ऐसे शिक्षण वातावरण का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो शैक्षणिक उत्कृष्टता, भावनात्मक बुद्धिमत्ता, समावेशिता और समग्र विकास को बढ़ावा दे। वे विद्यालय को एक ऐसे स्थान के रूप में देखती हैं जहां छात्र न केवल ज्ञान से सुसज्जित हों, बल्कि मूल्यों, रचनात्मकता और गतिशील दुनिया में आगे बढ़ने के आत्मविश्वास से भी सशक्त हों। संपूर्ण विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया। साथ ही उनके कुशल नेतृत्व में आने वाले सकारात्मक बदलावों और उपलब्धियों की प्रतीक्षारत है। विद्यालय परिवार ने उन्हें विद्यालय के शीर्ष पर इस प्रेरक यात्रा की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दी।

# श्रद्धानंद स्कूल के मामले में झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने किया हस्तक्षेप

- अध्यक्ष ने प्रभारी प्राचार्य से मुलाकात कर ली जानकारी उच्चस्तरीय जांच की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रातू रोड स्थित श्रद्धानंद सेवाश्रम स्कूल से जुड़े कथित शिक्षक उत्पीड़न प्रकरण पर झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने गंभीरता से पहल की है। राय ने बुधवार को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार सिंह से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी हासिल की। प्रभारी प्राचार्य अनुज कुमार सिंह ने बातचीत में बताया कि अब तक विद्यालय के किसी भी छात्रा की ओर से इस संदर्भ में कोई लिखित शिकायत विद्यालय प्रशासन को प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस शिक्षक पर आरोप लगाए गए हैं, उस संबंध में पारिवारिक विवाद का मामला सामने आया है। प्राचार्य के अनुसार, शिक्षक की पत्नी द्वारा दी गई शिकायत को ही आगे बढ़ाया गया है और इसे विद्यालय का अंदरूनी मामला नहीं माना जा सकता। इस पूरे संदर्भ में झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि चूंकि यह मामला बच्चों की सुरक्षा और बाल अधिकारों से जुड़ा हुआ है, अतः सच्चाई सामने आनी आवश्यक है। उन्होंने इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नई दिल्ली के अध्यक्ष को ईमेल के माध्यम से पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। अजय राय ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषी पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं, यदि यह मामला पारिवारिक विवाद का हिस्सा है, तो इसकी भी सच्चाई स्पष्ट की जानी चाहिए, ताकि विद्यालय की छवि और बच्चों के भविष्य पर कोई आंच न आए।झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने आयोग से आग्रह किया है कि निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित कर इस संवेदनशील मामले में अभिभावकों व छात्राओं के बीच विश्वास बहाल किया जाए। ये जानकारी झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रवक्ता संजय सरार्फ ने दी।



# आरपीएफ ने मुरी स्टेशन से अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मुरी।** रेलवे सुरक्षा बल मुरी ने ऑपरेशन सतर्क के अंतर्गत गहन जांच के दौरान बुधवार की सुबह कोशी पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18626) के जनरल कोच के पास एक भारी बैग ले जा रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया और बैग की जांच करने पर उसमें इंपीरियल ब्लू सुपर ग्रीन व्हिस्की की पांच बोतल एवं ऑफीसर्स चॉइस एलिट व्हिस्की के 56 पाउच बरामद हुए। शराब की कुल कीमतें 10530 आंकी गई। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर वह व्यक्ति बिना किसी वैध लाइसेंस के बिक्री के लिए शराब ले जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने शराब को जप्त करते हुए सारी कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर उक्त व्यक्ति को आगे की कार्रवाई हेतु आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया।उक्त व्यक्ति प्रिंस कुमार (19) बाढ़ दयाचक पटना निवासी बताया जा रहा है। पुलिस मामले को लेकर छानबीन कर रही है।जांच टीम में आरपीएफ मुरी के अवर निरीक्षक बसंत मल्लिक,के के सिंह,सहायक अवर निरीक्षक एम के जायसवाल,मुख्य आरक्षी डी कुशवाहा समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# नए रीजनल मिल्क यूनियन का गठन को लेकर हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होटल चाणक्य बीएनआर में नए रीजनल मिल्क यूनियन का गठन को लेकर कृषि पशुपालन एवं सहकारिता सचिव अबू बकर सिद्दीकी की अध्यक्षता में सभी विभागों प्रमुख झारखंड मिल्क फेडरेशन, गव्य विकास, सहकारिता विभाग एवं दूध उत्पादक सहयोग समितियां के अध्यक्ष के साथ एक बैठक कर विचार विमर्श किया गया। झारखंड में मिल्क यूनियन कैसे बेहतर काम करेगी और इसका गठन का प्रारूप क्या होगा इस पर चिंतन मंथन किया गया जिसमें चान्हो से सुजीत शाही व भानु महतो शामिल हुए।

## न्यूज बॉक्स

### चान्हो पुलिस ने नाबालिग़ के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चान्हो।** थाना क्षेत्र के एक नाबालिग के साथ छेड़-छाड़ के आरोप मे पोस्को के तहत मामला दर्ज कर लुंडरी निवासी समीर अंसारी को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया। पुलिस के अनुसार मामला 14 अगस्त का है। पीड़िता के परिजनों के द्वारा मामला दर्ज कराया गया था। जिसके बाद प्राथमिक अभ्युक्त फरार था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस छापेमारी कर रही थी। इसी बीच पुलिस ने आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### महाप्रबंधक ने करकट्टा दुर्गा मंडप के जर्जर हिस्से को दुरुस्त करने का दिया आश्वासन



**खलारी।** एनके एरिया के महाप्रबंधक दिनेशकुमार गुप्ता बुधवार को करकट्टा स्थित दुर्गा मंडप पहुंचकर आगामी दुर्गा पूजा की तैयारियों का जायजा लिए। पूजा समिति के सदस्यों के आग्रह पर महाप्रबंधक स्वयं दुर्गा मंडप पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने मंडप परिसर की समस्याओं और जर्जर हो चुके हिस्सों की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराया। महाप्रबंधक ने तत्काल स्थिति का आकलन करते हुए भरोसा दिलाया कि पूजा से पूर्व सभी आवश्यक मरम्मत कार्य पूरे कर लिए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने समिति को आश्वस्त किया कि प्रबंधन स्तर पर हर संभव सहयोग दिया जाएगा। महाप्रबंधक की पहल से लोगों में संतोष और उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर संजीव कुमार सिंह, अशोक सिंह, राजेश सिंह, प्रतीक गौरव, कृष कुमार, ऋषभ कुमार सहित पूजा समिति के अन्य सदस्य व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### डीएसपी बने विशाल का स्कूल में हुआ सम्मान




**चान्हो।** ग्यारहवीं से तेरहवीं झारखंड सिविल सेवा परीक्षा में डीएसपी के पद पर चयनित मांडर प्रखंड के हेसमी गांव निवासी विशाल कुमार सिंह का मंगलवार को उनके पुराने विद्यालय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बीजुपाड़ा में स्वागत और सम्मान किया गया। विशाल कुमार सिंह ने इसी विद्यालय से मैट्रिक तक की पढ़ाई की थी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, विद्यालय से पढ़ चुके इंजीनियर आदित्य कुमार, विद्यालय संचालक एडवोकेट संजीत साहू, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष अविनाश गुप्ता, अमर कुमार, समिति सदस्य योगेन्द्र यादव, शिक्षक नीलपद महतो, रमा सिंह, पूजा कुमारी, प्रणव मिश्रा, सुमेश गोप, बसंती देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### अगवा टेंपो चालक सतबरवा से बरामद

**चान्हो।** थाना क्षेत्र से अगवा टेंपो चालक सफी अहमद को पुलिस ने आठ घंटे में ही बरामद कर लिया। पंडरी निवासी सफी अहमद को सोमवार को दोपहर में करीब 3.30 बजे एनएच-75 में करकट चौरा के निकट से स्कॉर्पियो सवार लोगों ने अगवा कर लिया था। उसे छोड़ने के बदले डेढ़ लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। घटना की जानकारी मिलने पर चान्हो पुलिस टेंपो चालक को मुक्त कराने के प्रयास में जुटी हुई थी। उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर लगातार स्कॉर्पियो सवार लोगों का पीछा कर रही पुलिस ने चालक को रात करीब 11 बजे पलामू के सतबरवा के समीप से बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार उनकी बढ़ती दबीश से स्कॉर्पियो सवार सफी को सतबरवा के समीप छोड़ भाग निकले। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने बताया कि सफी को अगवा करने के बाद अपहर्ता रांची की ओर जाने के बजाये सोनचीपी के बाईपास से घूमकर पलामू की ओर निकल गए थे। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

### पिठौरिया के बाजार में नहीं मिल रहा यूरिया खाद किसान हो रहे हैं परेशान

**पिठौरिया।** यूरिया खाद बाजार मे उपलब्ध नहीं, कहीं -कहीं उपलब्ध है उसपर कालाबाजारी किया जा रहा है। बाजार मे यूरिया खाद उपलब्ध नहीं होने पर किसानो की परेशानी बढ़ गई है। कांके इचापिड़ी पंचायत के उप मुखिया मोहम्मद गुफरान ने बताया कि, कांके - पिठौरिया क्षेत्र के अधिकतर लोग कृषि पर निर्भर हैं। इस समय धान का खेती लगा हुआ ह। समय पर यूरिया खाद नहीं उपलब्ध होने पर इसका सीधा असर किसानों को पड़ने वाली ह। कुछ दुकानदार इसकी कालाबाजारी कर रहे हैं। इफ्को, किसान कंपनी का यूरिया 320 रुपए बेग कि जगह 600 रुपए बेग बेचा जा रहा है। वहीं कांके उप प्रमुख अंजय बैठा ने कहा कि मुझे भी शिकायत मिल रही है क्षेत्र के कई दुकानदार खाद कि कालाबाजारी कर रहे हैं। इस वर्ष लगातार बारिश होने की वजह से खेत में लगे सब्जियां नष्ट हुई ह। इससे किसानों का कमर टूट चुका है। अब धान की खेती पर ही किसानों का आखिरी उम्मीद जुड़ा हुआ है। ऐसे में समय रहते किसानों को यदि खाद यूरिया उपलब्ध नहीं होती है तो किसान पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगे। मैं विभाग के मंत्री से अपील करता हूं कि जल्द से जल्द किसानों के लिए बाजार में खाद उपलब्ध कराया जाए और कालाबाजारी कर रहे दुकानदारों पर अंकुश लगाकर कार्रवाई की जाए।

### खुले में मीट- मुर्गा बेचने वालों पर हुई कार्रवाई

रांची। पंडरा थाना क्षेत्र में खुले में कुछ लोग मीट मुर्गा बेच रहे थे जिसमें ब्लैक शीशा का उपयोग नहीं किया जा रहा था। पंडरा थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन का किया गया और कार्रवाई की गई। मौके पर पांच लोगों के दुकानों पर ब्लैक शीशा नहीं पाया गया। इन पर बीएनएस एंड फूड सेफ्टी के सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

### आक्सिस और आरसीएसआर ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन

**रांची।** जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस), रांची ने एलुमनाई एसोसिएशन ऑफ़ एक्सआईएसएस (आक्सिस), सदर ब्लड बैंक और रोटारैक्ट क्लब ऑफ सोशल रेवोल्यूशन (आरसीएसआर) के सहयोग से बुधवार को परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस अभियान में भारी संख्या में फैकल्टी, स्टाफ, छात्रों, संस्थान के परिवार के सदस्यों और अन्य ब्लड डोनर्स द्वारा 80 यूनिट रक्तदान किया गया।

# रि-केवाईसी व वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन



**पिठौरिया।** झारखंड ग्रामीण बैंक पिठौरिया द्वारा पिठौरिया पंचायत भवन में बुधवार को रि-केवाईसी एवं वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। शिविर में बैंक के वित्तीय साक्षरता सलाहकार कमलेश नारायण तिवारी ने ग्राहकों को रि-केवाईसी की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी और समय पर केवाईसी अद्यतन करने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही वित्तीय साक्षरता के तहत बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, विभिन्न सरकारी योजनाओं, बीमा और बचत की महत्ता को ग्रामीणों को समझाया गया।वहीं शाखा प्रबंधक विद्यावती कुमारी ने ग्राहकों को यह भी बताया गया कि समय-समय पर आधार, पैन एवं अन्य दस्तावेज अपडेट करने से बैंकिंग सेवाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होती। शिविर में रि-केवाईसी 107, पीएमएसबीवाई 51, पीएमजेजेबीवाई 38, एपीवाई 17 और सेविंग अकाउंट 21 खुला। शिविर में बैंक बीसी लक्ष्मी कुमारी, बैंक सखी कंचन देवी, पंचस श्रवण गोप और मुखिया मुन्नी देवी उपस्थित थीं।

## राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का हुआ समापन

# शिक्षा और खेल विभाग एक दूसरे के पूरक हैं : खेल मंत्री

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची द्वारा किया गया था। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खेल मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची और खेल विभाग एक-दूसरे के पूरक हैं। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद राज्य के हीरा रूपी खिलाड़ियों को ढूंढ रही है और खेल विभाग उन्हें तराश कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान कर रहा है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए असफल खिलाड़ियों को प्रेरित किया कि वे पूरे लगन और मेहनत के साथ अभ्यास करें आने वाला साल निश्चित रूप से उनका होगा। विशिष्ट अतिथि विधायक सीपी सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी हमारे झारखंड की धरोहर हैं। स्वागत संबोधन में राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि अब तक हॉकी में दक्षिणी झारखंड का वर्चस्व रहा है परंतु आज उत्तरी झारखंड भी अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने हजारीबाग जिले का उदाहरण देते हुए कहा कि इस जिले के खिलाड़ियों ने प्रारंभ से लेकर अंतिम तक उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। हॉकी इंडिया के महासचिवी भोलानाथ सिंह ने कहा कि शिक्षा विभाग जिस शानदार तरीके से खेलों का आयोजन कर रहा है, उसके लिए हॉकी झारखंड और हॉकी इंडिया की ओर से विशेष धन्यवाद। सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, विशिष्ट अतिथि विधायक सीपी सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, खेल निदेशक शेखर जमुआर, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, पूर्व ओलंपियन मनोहर टोप्पनो, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन ए सोरेंग ने मेडल ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया । पूरे कार्यक्रम का सफल नेतृत्व राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग द्वारा किया गया। जबकि मंच संचालन चंद्रदेव सिंह और जय होरो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। विजेता खिलाड़ियों को माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, खेल मंत्री सुदिव्य कुमार, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्रशासी पदाधिकारी सच्चिदानंद द्विवेदी तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग तथा खेल कोषांग के सभी सदस्यों ने हार्दिक बधाई दी।

# रोहिणी परियोजना में विश्वकर्मा पूजा कमेटी का गठन अध्यक्ष दीपक कुमार व सचिव शंकरप्रसाद निगम बने

**नवीन मेल संवाददाता**

- बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुराने पूजा समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन किया जाए

**खलारी।** रोहिणी परियोजना में आगामी विश्वकर्मा पूजा एवं काली पूजा को लेकर रविवार को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुराने पूजा समिति को भंग कर नई कमेटी का गठन किया जाए। नवगठित समिति में अध्यक्ष परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार, उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, मोहनकुमार पांडेय, पयहारी भगत व ओमप्रकाश महतो, सचिव खान प्रबंधक शंकरप्रसाद निगम, सह सचिव किशुन राम, प्रधान मुंडा, उदयनारायण मेहता व रूपलाल गंझू, कोषाध्यक्ष रामस्वरूप राम, सह कोषाध्यक्ष किशोरचंद देहुरी व अभयनारायण राम को चुना गया। संगठन सचिव राघवेंद्र पासवान, संजीवरंजन सिंह, नेपालराम रवानी, रामा उरांव व प्रदीपकुमार प्रसाद, सह संगठन सचिव विजय सिंह, किशुन महतो, रामलाल साव, रामदरश व प्राण मोदी तथा संयोजक संजय प्रसाद को मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कन्हाई मल्लाह, राजू घासी, वीरमल कुमार, फुलेश्वर गंझू, त्रिवेणी साव, सुरेश साव, धनश्याम प्रधान, जसवंत पांडे, राजनाथ सिंह, लक्ष्मण यादव, बाबू साव, प्रदीप कुमार, रिझु गंझू, अनिल कुमार समेत कई लोगों को शामिल किया गया है। बैठक में सभी ने आपसी सहयोग और सामंजस्य के साथ पूजा आयोजन को भव्य और सफल बनाने का संकल्प लिया।

## सॉ मिल व्यापारियों की हुई बैठक, सीएम से करेंगे मुलाकात




**रांची।** चैंबर भवन में सॉ मिल एंड वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज उप समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के चेयरमैन तुलसी पटेल ने की। इसमें राज्यभर के सॉ मिल व्यापारियों ने भाग लिया। बैठक में मुख्य मुद्दा यह रहा कि 12 दिसंबर 1996 से पहले स्थापित वैध आरा मिलों को बंद करने का कोई औचित्य नहीं है। व्यापारियों ने कहा कि वन क्षेत्र से पांच किलोमीटर की दूरी की शर्त को लेकर लंबे समय से समस्या बनी हुई है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को जनता के हित में दूरी तय करने का अधिकार दिया है। चैंबर ने सुझाव दिया है कि पंजाब की तरह झारखंड में भी यह दूरी सिर्फ 100 मीटर रखी जाए। इससे अवैध गतिविधियों पर रोक लगेगी और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा।झारखंड पर्यटन बैठक में बताया गया कि वन सचिव अबूबकर सिद्दीख ने पहले ही समीक्षा बैठक में सहमति जताई थी कि पुराने और वैध आरा मिलों को बंद नहीं करना चाहिए। इस संबंध में मुख्यमंत्री को प्रस्ताव भेजा जाएगा। सर्वसम्मति से तय हुआ कि चैंबर का प्रतिनिधिमंडल जल्द ही मुख्यमंत्री से मिलकर सकारात्मक निर्णय का आग्रह करेगा। कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा ने कहा कि यह केवल उद्योग-व्यवसाय का मामला नहीं है, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका इससे जुड़ी है।

### सीपीआई का 24वां सम्मेलन का हुआ समापन

**रांची।** सीपीआई का 24 वा जिला सम्मेलन सीपीआई राज्य कार्यालय में रमजान कुरैशी सभागार में कॉम लालदेव सिंह और कॉम फरजाना फारुकी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । सम्मेलन के शुरुआत में शहीद बेदी पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं वास्ता सोरेन ओमीलाल आजाद रमजान कुरैशी जीतू महतो केवला उरांव ,उस्मान रवानी को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया। उसके बाद जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने राजनैतिक और सांगठनिक रिपोर्ट पेश किया। सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधियों ने रिपोर्ट पर बहस किया और पार्टी के संगठन के विस्तार और जन आंदोलन को तेज करने पर जोर दिया। एटक के सुनील शाह ने रिपोर्ट पर बहस करते हुए कहा कि सड़क से सदन तक पार्टी को लगातार संघर्ष करके पार्टी को आगे ले जाने की जरूरत है।पार्टी में अनुशासन को स्थापित करने की जरूरत है।

# डकरा बिजली घर में विश्वकर्मा पूजा मनाने को लेकर बनी रणनीति

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** डकरा ई एंड एम विभाग के बिजली घर में विश्वकर्मा पूजा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रोजेक्ट इंजीनियर प्रकाश गहलोत ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजा पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाई जाएगी। साथ ही पूर्व की पूजा समिति को ही यथावत रखने पर भी सहमति बनी। उल्लेखनीय है कि डकरा में विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर भारी भीड़ उमड़ती है और पूजा के साथ मेला का भी आयोजन किया जाता है। इसे देखते हुए इस बार भी सभी तैयारियों को लेकर योजना बनाई गई। बैठक में प्रोजेक्ट इंजीनियर अरुण मीणा, फोरमैन मो. रिजवान आलम, मो. याकूब, राजेन्द्र कुमार दलाई, वसीम हसन, अख्तर मियां, तरुण प्रसाद, जयप्रकाश महतो, राहुल गंझु, कलेश्वर गंझु, राजेश टाना भगत, कैलाश लोहरा, भरत गंझु, गेंदवा गंझु, अरुण यादव, उपेंद्र यादव, सोनू, चितरंजन, जिनित मुंडू, बीफा गंझु, बानो लोहार, सोमर महतो, बुधन गंझु, शमशेर राजा सहित कई लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को तैयारी जोरों पर

**रांची।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को होना सुनिश्चित हुआ है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए समझौतापूर्व बैठक 14 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 12 सितम्बर तक चलेगा। इसी के मद्देनजर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा भी तैयारी शुरू कर दी गयी है। सभी न्यायालयों से वादकारियों को नोटिस भेजने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।माननीय न्यायायुक्त, श्री अनिल कुमार मिश्रा-1 ने सभी न्यायिक अधिकारियों से वातार्लाप कर आगमी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये हैं। उन्होंने कहां कि अपने न्यायालय के माध्यम से पुलिस प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर नोटिस का अधिक से अधिक तामिला करावें, ताकि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लंबित वादों का निस्तारण हो सके।

## प्रशिक्षण | ग्राम सभा को व्यापक अधिकार प्रदान करता है पेसा कानून

# खलारी में दो दिवसीय प्रशिक्षण में वार्ड सदस्यों को दी गई जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**




**खलारी।** खलारी प्रखंड सभागार में पंचायती राज विभाग, झारखंड सरकार की ओर से पेसा कानून 1996 के तहत अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा के अधिकार और जिम्मेदारियों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम सभा को सशक्त बनाना और पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों एवं दायित्वों से अवगत कराना है। पहले चरण में मुखियाओं का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जबकि वर्तमान में वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी मास्टर ट्रेनर पंकज ठाकुर एवं मुखिया मास्टर ट्रेनर तेजी किस्पोटा निभा रहे हैं। बुधवार को विश्रामपुर, बुकबुका, खलारी, लपरा, मायापुर और तुमांग पंचायतों के वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बताया गया कि पेसा कानून ग्राम सभा को व्यापक अधिकार प्रदान करता है। इनमें प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार, खनन एवं भूमि उपयोग पर अनुमति का अधिकार, परंपरागत संस्कृति और रीति-रिवाजों की रक्षा, विकास योजनाओं की निगरानी तथा शराब बिक्री व बाजार व्यवस्था पर नियंत्रण जैसे अधिकार शामिल हैं।

# श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम मंदिर में नंदोत्सव 24 को



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट से संचालित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में 24 अगस्त (रविवार) को दिन में 2:00 बजे से नंदोत्सव एवं भगवान के छठी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी नंद उत्सव एवं भगवान के छठी महोत्सव पर संगीतमय नृत्य नाटिका, भजनों, अलौकिक श्रृंगार का भव्य आयोजन किया गया है। महोत्सव में महाप्रसाद, सामूहिक महाआरती तथा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या मे आने की अपील की है।

### स्व सोनू गोप फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन, पुरस्कार का हुआ वितरण

# किसी भी क्षेत्र में समर्पण व लगन सफलता के मूल मंत्र हैं : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

- **फुटबॉल हमें स्वस्थ्य और फुर्तीला रखने में मदद करता है. उन्होंने कहा कि स्व सोनू यादव एक मुखर समाजिक कार्यकर्ता थे**



**बरही ।** पंचमाधव के धोबियाडीह स्थित फुटबॉल मैदान में पिछले दस दिनों से सोनू यादव मेमोरियल सीजन 7 फुटबॉल टूर्नामेंट खेले जा रहे थे. जिसमें बरही प्रखंड सहित आस पास के जिले व प्रखंड के दर्जनों टीमों ने हिस्सा लिया. टूर्नामेंट का समापन मंगलवार को करौंजिया व ढाब फुटबॉल टीम के बीच हुए रोमांचक मुकाबले से हुआ. कांटे की टक्कर में ढाब की टीम ने करौंजिया की टीम को 8-7 से पराजित करते हुए खिताब पर कब्जा किया. विजेता और उपविजेता टीम को विधायक श्री यादव के कर कमलों से चेक व ट्रॉफी देकर समानित किया गया. विधायक ने विजेता टीम को बधाई व उपविजेता टीम को भविष्य की अग्रिम शुभकामनाएं दी. खिलाड़ियों का हौलावर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि समर्पण और मेहनत किसी भी सफलता का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए. इन दोनो को नियंत्रित करने वाले जीवन में सदैव सफल होते हैं. फुटबॉल हमें स्वस्थ्य और फुर्तीला रखने में मदद करता है. उन्होंने कहा कि स्व सोनू यादव एक मुखर समाजिक कार्यकर्ता थे. फुटबॉल मैच के माध्यम से उन्हे याद करने के लिए आयोजकों को बधाई दी. कार्यक्रम में जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव, पूर्व मुखिया हरेंद्र गोप आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### भाजपा डाड़ी प्रखंड कार्यकर्ताओं की बैठक का हुआ समापन

**गिद्दी।** भारतीय जनता पार्टी डाडी प्रखंड कार्यकर्ताओं की बैठक बुधवार को बसंत प्रजापति की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सिन्हा, टुन्नू गोप, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, द्वारिका सिंह, पुरुषोत्तम पांडेय, जुगनू सिंह उपस्थित थे। बैठक में 26 अगस्त को रेलीगढ़ा शिव मंदिर परिसर से सांसद तीर्थ यात्रा के 12 वीं जत्था के रवाना किए जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें 65 यात्री काशी विश्वनाथ, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्याचल का तीर्थ यात्रा के लिए जाएंगे। बैठक में राजू रंजन तिवारी, गुजन साव, वकील महतो, राजदीप प्रसाद, सतीश सिंह, गणेश साहू, सुरेश केशरी, कृष्णा राम, अनिल राम, उमेश बेदिया, अवधेश प्रजापति उपस्थित थे।

## भारत जकात मांझी परगना महल के सचिव ने उपायुक्त से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के कोसो से डुमरडीहा भाया धोबारी आर.ई.ओ. पथ निर्माण कार्य को लेकर भारत जकात मांझी परगना महल के सचिव मनोज मुर्मू ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि उक्त सड़क निर्माण का टेंडर पत्रांक संख्या 2289 दिनांक 22 जुलाई 2024 को ही हो चुका है, लेकिन अब तक शिलान्यास नहीं हुआ है। इससे कार्य शुरू नहीं हो सका है। मनोज मुर्मू ने उपायुक्त को जानकारी दी कि यह पूरा इलाका आदिवासी बहुल है। सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। किसी की तबीयत बिगड़ने पर मरीजों को खटिया पर उठाकर मुख्य सड़क तक लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## 96 घंटे बीत जाने के बाद भी सीसीएल कर्मी का नहीं मिला कोई सुराग मामला दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**रामगढ़ ।** सीसीएल कुजू परियोजना में इलेक्ट्रीशियन के पद पर कार्यरत बड़गांव निवासी मंशु साव(55 वर्ष)की कार सहित गुमशुदगी का 96 घंटे बाद भी कुछ सुराग नहीं मिलने पर बुधवार को पत्नी रिमनी देवी ने अपहरण होने के संदेह को लेकर कुजू ओपी में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया । जिसमें उन्होंने कहा है कि शनिवार की दोपहर करीब 2:30 बजे घर से डयूटी करने के लिए कुजू परियोजना पहुंचे थे। इसके बाद रात लगभग 11:05 बजे उन्होंने श्रीराम चौक स्थित होटल रॉक से पनीर की सब्जी खरीदी थी। साथ ही उनका मोबाइल फोन अंतिम बार कुजू क्षेत्र अंतर्गत आरा इलाके में लोकेट हुआ, लेकिन थोड़ी देर बाद से मोबाइल पूरी तरह स्विच ऑफ हो गया। तब से उनका कोई अता-पता नहीं है। परिजनों ने बताया कि तीन दिनों से हमलोग चिंता में डूबे हैं। पत्नी ने आवेदन में रंगदारी मांगने को लेकर अपहरण होने का संदेह जतायी है। इधर परिजनों द्वारा आरा कांटा के आस-पास झाड़ियों व अन्य स्थानों में तालाश कर रहे है। पुलिस द्वारा आसपास के क्षेत्रों में छानबीन की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोग भी इस घटना से चिंतित हैं। उनका कहना है कि इतने दिनों बाद भी कोई सुराग न मिलना गंभीर सवाल खड़े करता है। परिजन प्रशासन से जल्द से जल्द मंशु साव की सुरक्षित बरामदगी की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताता कि पुलिस मंशु साव की गुमशुदगी को लेकर सभी बिंदु पर जांच कर रही है। जहां-जहां सीसीटीवी कैमरा लगी है, उसकी जांच की जा रही है। मंशु साव की सकुशल घर वापसी को लेकर पुलिस प्रशासन प्रयास कर रही है।

### व्यवसायी की मां से चार लाख रुपए के गहने की हुई ठगी

# बेटे को दुर्घटना से बचाने के नाम पर मां से लाखों की ठगी

नवीन मेल संवाददाता

- **ठग जब महिला सारा जेवल ले लिया तो 10 कदम आगे चलने को बात कही इसी क्रम में जब वह चलने लगी, ठग जेवर लेकर फरार हो गया**



**बरही ।** प्रसिद्ध व्यवसाई कृष्णा गुप्ता की मां से करीब चार लाख रुपए के गहने की ठगी का मामला सामने आया है. मामले की जानकारी देते हुए पीड़िता के पुत्र व्यवसाई कृष्णा गुप्ता ने बताया कि घटना बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे की है. उनकी मां बरही बाजार से मटन लेकर पैदल घर जा रही थी. इसी क्रम में ब्लॉक गेट से चंद कदम पहले कुंवर फोटो स्टेट के पास दो युवकों ने उनकी मां को अपने झांसे में लेकर उनकी मां के हाथ से सोने की दो चूड़ियां, एक चांदी व दो सोने की अंगूठी ठग कर फरार हो गया. ठगों ने उनकी मां को धार्मिक अंधविश्वास में लेते हुए ठगी का काम किया. ठग उनकी मां को रास्ते में रोकर पहले तो उन्हें धार्मिक विश्वास में लिया. फिर उन्हें उनके बेटे के ऊपर आपदा आने की बात कहकर शरीर से धातु के सभी समान तत्काल हटाने की सलाह दी. ठगों ने उन्हें यह भी कहा कि ऐसा नही करने पर उनके बेटे के साथ दुर्घटना हो जाएगी. मां उनके झांसे में आ गई, अपने बेटे के सुरक्षा के लिहाज से हाथ में पहने हुए सभी जेवर खोलकर ठगों को रखने के लिए दिया. जब सभी जेवर उसके हाथ में आ गया तो ठग उनकी मां को 10 कदम आगे चलने को कहा. इसी क्रम में जब वह चलने लगी, ठग जेवर लेकर फरार हो गए. यह सारा घटना सीसीटीवी में कैद है. श्री गुप्ता ने बताया कि सीसीटीवी में दो अन्य ठग बाईक पर दिख रहे हैं. ठगे गए गहनों की कीमत चार लाख रुपए बताए गए हैं. मामले को लेकर भुक्तभोगी के पुत्र श्री गुप्ता ने बरही थाना में लिखित शिकायत कर ठगों के धर पकड़ की मांग की है.

### चौपारण में कस्तूरबा विद्यालय में चहारदीवारी का किया शिलान्यास

**चौपारण।** कस्तूरबा गांधी बालिका प्लस टू आवासीय विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है. मंगलवार को विधायक मनोज यादव ने विद्यालय परिसर में चहारदीवारी निर्माण का शिलान्यास किया. छात्राओं के मांग पर विधायक ने कहा कि चहारदीवारी के साथ ही जल्द विद्यालय के लिए नया बड़ा भवन, बैडमिंटन कोर्ट और रोटी मेकर की व्यवस्था की जायेगी. विद्यालय से फोन आने पर चौपारण से एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी. उन्होंने बच्चियों से कहा कि वे घर से दूर रहकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं. इसलिए अनुशासन बनाये रखना अत्यंत आवश्यक है. मौके पर मुखिया अर्जुन सिंह, जानकी यादव, पंसस जनार्दन सिंह, राजदेव यादव, विकास यादव, राजेंद्र चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, सतेंद्र सिंह, बीडइओ प्रभाकर सिंह, सुनील सिंह, सुनील शेखर, छोटू चंद्रवंशी, उपेंद्र प्रजापति, रेवाशंकर साहू, रंजीत सिंह, वार्डन संघमित्रा कुमारी, प्रकाश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, पूनम कुमारी, देवेंद्र यादव सहित कई लोग उपस्थित थे.

## न्यूज बॉक्स

### दिशोम गुरु की आत्मा की शांति के लिए आयोजित किया गया श्राद्ध कर्म



**बरही ।** दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन के आत्मा की शांति के लिए स्वयंसेवी संस्थान विनोद प्रगतिशील फाउंडेशन ट्रस्ट ने केवाल स्थित विरहोर टोला में श्राद्ध कर्म का आयोजन किया. कार्यक्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष मंजीत यादव की अगुवाई में आयोजित की गई थी. जिसके ट्रस्ट के कई वरिष्ठ लोग मौजूद थे. इस दौरान आदिम जन जाति परिवार सहित कई लोगो को भोज करवाया गया. इस अवसर पर जनजातीय परिवार सहित उपस्थित लोगों ने गुरुजी की आत्मा शांति के लिए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर ईश्वर से प्रार्थना किया. अध्यक्ष श्री यादव ने बताया कि गुरुजी सिर्फ नेता हीं नहीं झारखंड के स्तंभ थे. जिन्होंने झारखंड नवनिर्माण के लिए लंबे संघर्ष किया था. उनके आंदोलन का ही परिणाम झारखंड निर्माण है. उनकी कमी झारखंड को सदैव खलेगी. इस अवसर ट्रस्ट के विभूति भूषण प्रताप सिंह भारद्वाज, मनोहर यादव, यमुना यादव, नरेश सिंह, आकाश भारती, मनीष कुमार आदि सहित आदिम जनजाति परिवार के कई लोग मौजूद थे.

### बरही में किसान मित्रों की बैठक आयोजित मड़ुआ की खेती पर मिलेगा अनुदान



**बरही ।** प्रखंड परिसर स्थित सिंगल विंडो केंद्र में बुधवार को किसान मित्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीटीएम राकेश कुमार ने की जबकि एटीएम सुजाता डुंगडुंग विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों की भूमि का डिजिटल क्रॉप सर्वे करना है, जिसकी शुरुआत 22 अगस्त से विधिवत रूप से की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सर्वे के माध्यम से सरकार और कृषि विभाग को किसानों की भूमि उपयोग, फसल पैटर्न और अन्य कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मिलेट मिशन के तहत मड़ुआ की खेती करने वाले किसानों को प्रति हेक्टेयर 3000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। राज्य सरकार की ओर से इस योजना के तहत 1000 आवेदनों को जनरेट करने का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि किसान मित्रों का दायित्व है कि वे किसानों को फसल बीमा के प्रति प्रेरित करें, ताकि आधुनिक तरीके से खेती को बढ़ावा मिले और किसानों की आय में वृद्धि हो। बैठक में रघुवीर यादव, प्रेमचंद यादव, नागेश्वर रजक, महेंद्र रविदास, सीताराम चंद्रवंशी, अशोक राम, संतोष यादव, कैलाश राम, टेकलाल रविदास, राजेंद्र प्रसाद समेत कई पंचायतों के महिला और पुरुष किसान मित्र मौजूद थे।

### कपका में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित रघुवीर बने अध्यक्ष और विजय सचिव



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका में दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुखिया कमलेश कुमार ने की जबकि संचालन पंसस डालेश्वर पंडित ने किया। इस निमित आगामी दुर्गा पूजा को धूमधाम से संपन्न कराने हेतु सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर रघुवीर प्रसाद (सांसद प्रतिनिधि ),सचिव विजय कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मंटू कुमार, उपाध्यक्ष प्रेमचंद प्रसाद, उपसचिव कामेश्वर प्रसाद तथा उपकोषाध्यक्ष राजीव कुमार मंडल का चयन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने संकल्प लिया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाई जाएगी।बैठक में मोती प्रसाद, दशरथ प्रसाद, दिलीप मंडल, पप्पू कुमार, बसंत पंडित, शंकर प्रसाद, राजेंद्र ठाकुर, रंजीत पासवान, किशोर प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, सहदेव मंडल, उमेश प्रसाद, गंगो मंडल, सुखदेव मंडल, गणेश यादव, कुलदीप प्रसाद, राजकुमार मंडल, टुकलाल महतो, परमेश्वर भुइय, विनोद पासवान, तारकेश्वर ठाकुर, प्रसादी राणा, धनेश्वर राणा, विजय कुमार पासवान, महेश यादव, छोटन रवानी, रामेश्वर महतो समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

### +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा में प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन

## सात विषयों पर सात छात्र प्रथम रूप से किए गए चयनित



**बरकट्ठा।** प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय बरकट्ठा में बुधवार को प्रखंड स्तरीय राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालय से वर्ग 6 टू 12 के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रदर्शनी में मुख्य रूप से +2उच्च विद्यालय बरकट्ठा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरकट्ठा तथा मॉडल स्कूल बरकट्ठा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए ।विदित हो की प्रदर्शनी में शामिल छात्रों ने भोजन स्वास्थ्य व स्वच्छता, परिवहन एवं संचार, प्राकृतिक कृषि, आपदा प्रबंधन ,गणितीय प्रतिरूपण ,अपशिष्ट प्रबंधन तथा संसाधन प्रबंधन पर वैज्ञानिक प्रदर्शन किया तथा संबंधित विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। प्रदर्शनी में सौनंदा प्रसाद मॉडल स्कूल बरकट्ठा को परिवहन एवं संचार विषय में प्रथम ,आयशा प्रवीन केजीबीवी बरकट्ठा को अपशिष्ट प्रबंधन में प्रथम ,होलिका कुमारी प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा को भोजन स्वास्थ्य एवं स्वच्छता में प्रथम, तथा इसी विद्यालय से विपिन यादव विषय गणित प्रतिरूपण, टिंकू कुमार विषय संसाधन प्रबंधन, आयुषी खातून विषय प्राकृतिक कृषि तथा विकास कुमार विषय आपदा प्रबंधन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इस निमित विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि सभी विषयों पर प्रथम चयनित छात्रों की सूची जिला कार्यालय को उपलब्ध कराई जा रही है ।वहीं पर्यवेक्षक के रूप में सीआरपी रामकृष्ण पांडेय, विनोद कुमार शर्मा तथा निर्णायक मंडली में शिक्षक राजीव कुमार, सोनू कुमार राणा, वार्डेन अंजू बाला केरकेट्टा शामिल रहे।

### जिले में डॉग शेल्टर बन जाए तो आवारा कुत्तों से मिलेगी राहत

**हजारीबाग।** हजारीबाग में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या अब लोगों के लिए भय का कारण बन गई है। शहर की गलियों, सड़कों और मोहल्लों में इनका झुंड हर जगह दिखाई देता है। मॉर्खम कॉलेज रोड, पंचमुखी मंदिर रोड, बड़ा बाजार, कृष्णापुरी और झील रोड जैसे इलाकों के लोग बताते हैं कि स्थिति दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। कुत्तों का आतंक इतना बढ़ गया है कि पागल कुत्ते घर की छत तक चढ़ जा रहे हैं। हाल में मॉर्खम कॉलेज के पास इसी तरह की घटना में एक परिवार घंटों डर के साये में रहा। बाद में किसी तरह कुत्ते को भगाया गया। बच्चों के स्कूल जाने के दौरान उन पर कुत्तों के झुंड टूट पड़ते हैं। कई बार बच्चे डरकर गिर जाते हैं और वे चोटिल हो जाते हैं। सुबह टहलने निकले बुजुर्गों को भी इनसे खतरा रहता है। रात में तो माहौल और भी खतरनाक हो जाता है। दर्जनों कुत्ते गलियों में भौंकते और लोगों पर लपकते हुए घूमते रहते हैं, जिससे आम लोग घर से बाहर निकलने से डरने लगे हैं। बाजारों में तो स्थिति और गंभीर है।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मनाया गया अक्षय ऊर्जा दिवस

## सेमिनार में बच्चों ने जाना अक्षय ऊर्जा की शक्ति और उनका उपयोग

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़ ।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में बुधवार को अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सेमिनार में हिस्सा लेकर अक्षय ऊर्जा के लाभ और इसकी तकनीक पर चर्चा की। छोटे बच्चों ने सूर्य की रोशनी का उपयोग कर पावर ग्लास से पेपर को जलाने का प्रयोग करते हुए सौर ऊर्जा की शक्ति को समझा। विद्यार्थियों को बारी-बारी स्कूल में लगे सोलर ऊर्जा का निरीक्षण कराते हुए उसके कार्य करने की तकनीक और लाभ की जानकारी दी गई। सेमिनार में विज्ञान शिक्षक संतोष कुमार ने कहा कि संपूर्ण मानव समाज की बुनियादी ज़रूरतों की पूर्ति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में ऊर्जा एक इंजन की तरह है। पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधन कोयला, तेल, गैस इत्यादि से प्राप्त ऊर्जा का उपयोग कर रही है। इन स्त्रोतों का आनेवाले समय में खत्म होना तय है। इसलिए हमें जल्द से जल्द अक्षय ऊर्जा की ओर शिफ्ट करने की रफ्तार बढ़ानी होगी। अक्षय ऊर्जा ही दुनिया का भविष्य है। इसी सोच के साथ विद्यालय अपनी जरूरतों का अधिकांश हिस्सा सोलर ऊर्जा से प्राप्त करता है। साधना सिन्हा ने कहा कि अक्षय ऊर्जा स्त्रोत ऊर्जा के वैसे स्त्रोत होते हैं, जो उपयोग के साथ कभी समाप्त नहीं होते हैं। दुनिया के कार्बन उत्सर्जन का एक बड़ा हिस्सा ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से बनता है। तेल, कोयला और गैस का दैनिक और विश्वव्यापी उपयोग जलवायु परिवर्तन पर सबसे अधिक असर डालता है। इससे जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याएं काफी बढ़ गई है। एक ही समय में देश के कुछ क्षेत्रों में भीषण बाढ़ तो कुछ इलाकों में अत्यधिक गर्मी की स्थिति देखी जाती है। अक्षय ऊर्जा इस जलवायु परिवर्तन का भी समाधान है। सोनम खातून ने बताया कि भारत अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण नवीकरणीय ऊर्जा का उचित लाभ उठाने में सक्षम है।

### बरही आईटीआई में छात्रावास के अभाव में नामांकन से कतराते हैं छात्र

# जर्जर अवस्था में है वर्कशॉप, जीर्णोद्धार के लिए भेजे गए हैं प्रस्ताव : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** अनुमंडल का एकमात्र सरकारी आईटीआई छात्रावास की कमी का दंश झेल रहा है. जहां विद्यार्थी नामांकन करवाने से कतराते. कुछ छात्र तो नामांकन के बाद कुछ दिन बाद हीं अपना नाम कटवा लेते हैं. प्राचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि दूर क्षेत्र से आनेवाले विद्यार्थियों को रूम लेकर बाहर रहना पड़ता है, ऐसे में विद्यार्थियों को खाने पीने व दैनिक खर्च का वहन उनके लिए अतिरिक्त बोझ होता है. वहीं निजी आईटीआई में विद्यार्थी आसानी से प्रमाण पत्र प्राप्त कर लेते है. जहां उपस्थिति की भी बाध्यता नहीं होती है. जबकि उनके संस्थान में 80% बायोमैट्रिक उपस्थिति अनिवार्य हैं. बरही आईटीआई में वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, फिट्टर ट्रेड के लिए 40-40 और डीजल मेकेनिक के लिए 48 सीटें है. इनमे अब तक इलेक्ट्रिशियन में 4 तथा फिट्टर व डीजल मेकेनिक में 8-8 अर्थात कुल 20 छात्रों का नामांकन हुआ है, जिसमें दो ने नामांकन कटवाने का आवेदन भी दिया है. वेल्डर की योग्यता 8वीं निर्धारित होने के कारण नामांकन के लिए स्टूडेंट हीं नहीं मिल रहें हैं. प्राचार्य ने बताया कि डीजल मेकेनिक को छोड़ उनके यहां कुल 7 इंस्ट्रक्टर पदस्थापित हैं. वर्कशॉप जर्जर हो चुके है, जिसके जीर्णोद्धार के लिए विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है.

## यूरिया की कालाबाजारी पर प्रशासन सख्त, दो दुकानों को नोटिस

नवीन मेल संवाददाता

**हजारीबाग।** जिले में यूरिया खाद की कालाबाजारी पर जिला प्रशासन ने सख्ती दिखायी है. इस संबंध में कृषि पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखा है. मंगलवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर एक जांच कमेटी का गठन किया गया. जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी उमेश तिर्की, डॉ राममणि हेंब्रम, किशोर कुमार, संदीप कश्यप और अविनाश कुमार शामिल किये गये हैं. जांच कमेटी ने दारू प्रखंड क्षेत्र के कई खाद दुकानों की जांच की. जांच के दौरान कई अनियमितता सामने आयी. दो दुकानों में गड़बड़ी पाये जाने पर जांच टीम ने उन्हें नोटिस जारी किया है. दुकानों में मूल्य तालिका नहीं : निरीक्षण के दौरान अधिकांश दुकानों में खाद मूल्य तालिका (रेट लिस्ट) उपलब्ध नहीं था. इसके अलावा दुकानों में उपलब्ध यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का स्टॉक रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया. टीम ने पाया कि पॉश मशीन की आइडी में दिख रहे स्टॉक और भौतिक स्टॉक में अंतर था, जो गंभीर लापरवाही है. बायोमेट्रिक सत्यापन की अनदेखी : खाद वितरण में आधार आधारित बायेमैट्रिक सत्यापन अनिवार्य है, लेकिन कई दुकानों ने इस नियम की अवहेलना करते हुए बिना सत्यापन के खाद की बिक्री की. जिला प्रशासन ने ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई की चेतावनी दी है. कहा है कि किसानों के अधिकारों के साथ कोई भी खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा.

### सदर अस्पताल का डीसी एवं एसपी ने किया निरीक्षण

# दक्षिण छोर पर वर्षों से बंद गेट को खोलने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बुधवार को उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने सदर अस्पताल, सिमडेगा का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने दक्षिणी छोर पर बने गेट को स्थायी रूप से खोलने की संभावनाओं पर विचार किया । उन्होंने कहा कि अस्पताल में एक गेट को प्रवेश और दूसरे गेट को निकासी के लिए किया जा सकता है, जिससे मरीजों एवं उनके परिजनों को सुविधा मिले और अनावश्यक भीड़भाड़ से बचा जा सके। साथ ही, उन्होंने प्रवेश और निकासी में सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यानाकर्षित कराया। पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि वाहनों के लिए स्पष्ट रूप से पार्किंग स्थल चिह्नित कर व्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इससे मरीजों और आगंतुकों को पार्किंग से संबंधित दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।





### पीडियाट्रिक वार्ड पहुंचकर 3 वर्षीय बीमार बच्ची के समुचित इलाज का दिया निर्देश

निरीक्षण के दौरान कुरडेग परकाला निवासी मोकिम अंसारी ने उपायुक्त से मिलकर अपनी तीन वर्षीय पुत्री आलिया प्रवीण के इलाज में मदद की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि बच्ची गंभीर रुप से बीमार है और चलने-फिरने में असमर्थ है। 3 वर्ष की है और चल भी नहीं पाती है। उसे कुरडेग अस्पताल से रेफर कर सिमडेगा लाया गया है।इस पर उपायुक्त स्वयं पीडियाट्रिक वार्ड पहुँचीं और बच्ची की हालत की जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन को तत्काल उपचार की समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया। साथ ही, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत आवेदन भरकर शीघ्र ही कल्याण विभाग को उपलब्ध कराने की बात कहीं। जिससे इसे तत्काल मुख्यमंत्री स्वस्थ्य सहायता योजना के तहत लाभान्वित किया जा सके।उपायुक्त ने मोकिम अंसारी को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है और अस्पताल प्रशासन को हर संभव सुधार करने के सुझाव दिए।मौके पर सिविल सर्जन डॉ सुन्दर मोहन एवं अस्पताल के कर्मी गण उपस्थित रहे।

# धोखाधड़ी करने वाले डाकपाल को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** थाना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस में कार्यकर्त डालपाल को पुलिस ने धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा। सिमडेगा एसपी एम अर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि केरसई थाना क्षेत्र के डाईरटाड निवासी रीता देवी ने लिखित आवेदन देकर केरसई थाना को बताया कि केरसई डाकघर मे डाकपाल के पद पर कार्यरत मनोज प्रसाद वर्ष 2015 में वादिनी के पति से डाकघर में फिक्स डिपोजिट करने के नाम पर कुल 80000 रुपए लिया था। इसके साथ ही अन्य 12 लोगो से कुल मिलाकर 415000 लिए। जिसका बहुत दिनों तक ये बॉण्ड पेपर नहीं दिये। लोगो के दवाब देने के बहुत दिनों बाद इनके द्वारा अल्केमिस्ट टाउनशिप इंडिया लिमिटेड का बॉण्ड पेपर दिया गया। जिसका परिपक्ता तिथि के चार साल बाद भी इसके द्वारा वादिनी एवं अन्य लोगो का उसका पैसा वापस नही किया जा रहा है। तथा टाल मटोल किया जा रहा था। इस प्रकार मनोज प्रसाद के द्वारा लोगो को डाकघर में पैसा निवेश करने के नाम पर पैसा लेकर उनका पैसा फर्जी तरीके से किसी गलत जगह निवेश किया गया एवं उनका पैसा भी वापस नहीं किया जा रहा था जिसके आधार पर केरसई थाना कांड सं0 23/2025 दर्ज कर मनोज प्रसाद को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### लाखों रुपए की ठगी करने वाला झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार



जलडेगा:-जिला के जलडेगा थाना क्षेत्र से लाखों रुपए की ठगी करने वाले पश्चिम बंगाल के एक झोलाछाप डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को एसपी सिमडेगा एम अर्शी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जलडेगा थाना क्षेत्र निवासी पुष्पा बागे नामक महिला ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर बताया कि पश्चिम बंगाल निवासी अजय राव नामक एक झोलाछाप डॉक्टर जलडेगा में अपना मेडिकल दुकान चलता था। वह जलडेगा थाना क्षेत्र के कई लोगों का करीब दो लाख सात हजार रुपया का ठगी कर भाग गया। आवेदन के आधार पर पुलिस मामला दर्ज का अनुसन्धान शुरु की। अनुसंधान के क्रम में पुलिस को जानकारी मिली कि प्राथमिकी में उल्लेखित लोगों के अलावे भी यह झोलाछाप डॉक्टर सिमडेगा एवं खूंटी में भी कई लोगों से करीब तीन लाख रुपया और भी ठगी किया गया है। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि प्राथमिकी अभियुक्त अजय राव जलडेगा थानान्तर्गत अपनी मेडिकल दुकान से अपना सारा सामान समेत कर लेकर भागने के फिराक में है। इसके बाद वरीय पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन करते हुए गुप्त सुचना के आधार पर इस कांड के प्राथमिकी अभियुक्त अजय को गिरफ्तार किया ।गिरफ्तार अभियुक्त अजय राय ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए इस कांड में ठगी करने की बात स्वीकार किया गया है।

## डीसी की पहल पर 24 घंटे के अंदर मिली परिजनों को मुआवजा राशि



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बीते दिनों शंख नदी में डूबकर जान गंवाने वाले सिकरियाटांड़ सैंडिह गांव निवासी भूषण तिर्की के परिजनों के लिए डीसी कंचन सिंह देवदूत बनकर सामने आई। डीसी के पहल पर नदी में डूबे भूषण तिर्की के शव मिलने के महज 24 घंटे के अंदर ही उनके परिजनों को आपदा राहत के तहत चार लाख रुपए मुआवजा का भुगतान किया गया। इतना ही नहीं दिवंगत भूषण तिर्की की पत्नी शशि एक्का को सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना की स्वीकृति भी दी गई। बुधवार को बीडीओ मृतक ग्रामीण के घर पहुंच उनकी पत्नी शशि एक्का को मुआवजा राशि का चेक एवं पेंशन योजना का लाभ दिया। इस पूरी प्रक्रिया में डीडीसी दीपांकर चौधरी ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। दोनों अधिकारियों की तत्परता से शोकाकुल परिवार को न केवल आर्थिक सहारा मिला। बल्कि इस कठित घड़ी में डीसी और डीडीसी की मानवीय छवि भी दिखाई दी है। ग्रामीणों ने डीसी कंचन सिंह के पहल की सराहना की है। ग्रामीणों ने कहा कि घटना के महज 24 घंटे के अंदर मुआवजा राशि मिलना यह साबित होता है कि डीसी के दिशा निर्देश में प्रशासन वास्तव में जनता के साथ खड़ी है। इधर डीसी कंचन सिंह ने कहा कि जरुरत मंद जनता तक सरकार की योजाओं को समय पर पहुंचाने के लिए प्रशासन गंभीर है। किसी भी आपदा में या दुर्घटना की स्थिति में पीडित परिवार खुद को अकेला न समझे। प्रशासन हर समय उनके साथ खड़ी है।

# राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**सिमडेगा।** मेरा युवा भारत, सिमडेगा, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सिमडेगा जिला के साइमन तिग्गा हाई स्कूल, सिमडेगा में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर सद्भावना दिवस का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शफीक खान, निदेशक, साइमन तिग्गा हाई स्कूल, सिमडेगा, जोय तिर्की, प्रधानाध्यापिका एवं सोरिना टेटे, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक, मेरा युवा भारत सिमडेगा द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया।तत्पश्चात सोरीना टेटे ने उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डाला । इस अवसर पर निदेशक शफीक खान ने कहा कि "सद्भावना केवल एक दिवस नहीं, बल्कि यह जीवन की एक सतत प्रक्रिया है, जो समाज को जोड़ने का कार्य करती है। युवाओं को इस भावना को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।"इसके उपरांत प्रतिभागियों को सद्भावना शपथ दिलाई गई, जबकि नशा मुक्त भारत की शपथ प्रधानाध्यापिका जोय तिर्की के नेतृत्व में ली गई।कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसका विषय था – "सद्भावना से राष्ट्रीय एकता का निर्माण।" प्रतियोगिता में तंज़ील नाज ने प्रथम, पूजा कुमारी ने द्वितीय तथा दीपिका कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में प्रियंका किंडो, नीलम कुजूर, सृष्टि खाखा, सुदर्शन मेहर, बादल मेहर, दिव्या रेणु कुल्लू, संजय पान, संगीता देवी एवं देवराज प्रधान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अहम: विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**जिला कांग्रेस कमिटि ने मनाई स्व. राजीव गांधी की जयंती**



**सिमडेगा।** जिला कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की 80वीं जयंती मनाई गई। पार्टी जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में आयोजित जयंती कार्यक्रम में मुख्य रुप से सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि देश को 21वीं सदी की महाशक्ति के रुप में खड़ा करने में राजीव गांधी का अहम योगदान था। आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान अहम रहा है। वे आज भी हम सभी के दिल में बसते हैं। उन्होंने हमेशा देश को मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। 18 साल के युवाओं को मतदान का अधिकार देने का निर्णय लिया। विधायक ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने पंचायतों और नगरपालिकाओं को वैधानिक दर्जा प्रदान किया। दूरसंचार के क्षेत्र में क्रांति लाई थी। राजीव गांधी ने भारत देश में कंप्यूटराइजेशन और टेली कम्यूनिकेशन क्रांति का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को जाता है। वे देश की कम्प्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। मौके पर विधायक सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने स्व राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही उनके पदचिंहो पर चलते हुए देश और समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। मौके पर महिला जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोशिमा खाखा, महासचिव पुष्पा कुल्लू , प्रदेश सचिव नॉमिता बा , जोनसन मिंज, मो सम्मी आलम ,कौशल किशोर रोहिल्ला , सामरोम पॉल टोपनो , ,शिशिर मिंज, रणधीर रंजन ,शशि गुड़िया, संतोष सिंह , एजाज अहमद,अख्तर खान ,मो तनवीर खान, कंदरू नायक ,प्रियंका यादव,सूचित तिर्की,रेशम तिग्गा आदि उपस्थित थे।

## जोसिमा खाखा ने राजीव गांधी की जयंती पर महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य जोसिमा खाखा के नेतृत्व में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर महिलाओं और युवतियों के बीच सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने से हुई। इस अवसर पर कांग्रेस महिला मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे "उड़ान" प्रदर्शनी कार्यक्रम अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत जोसिमा खाखा के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओं ने शहर के डिप्टीटोली, सांयपुर, खिजरी सहित कई गांवों में जाकर महिलाओं और किशोरियों को निःशुल्क पैड बांटे गए। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और स्वच्छता परिवार और समाज दोनों के लिए बेहद ज़रूरी है। मासिक धर्म को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी जागरूकता की कमी है। इस अभियान के माध्यम से न केवल पैड वितरण किया जा रहा है बल्कि महिलाओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में यह अभियान और भी अंतिम गांवों तक पहुंचाया जाएगा। ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसका लाभ उठा सकें। मौके पर संगीता देवी,साजदा खातून, संगीता कुमारी, मुक्ता सुरीन सहित काफी संख्या में महिला कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## केरसई में विहिप ने मनाया अपना 61वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** विश्व हिन्दू परिषद् स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत बुधवार को केरसई प्रखंड मुख्यालय एवं केरसई प्रखंड के बघडेगा पंचायत में विश्व हिन्दू परिषद् की 61वाँ स्थापना दिवस मनाया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्व हिन्दू परिषद् के जिलाध्यक्ष कौशलराज सिंहदेव शामिल हुए।उन्होंने बताया विश्व हिन्दू परिषद् स्थापना दिवस 31 अगस्त तक मनाई जायेगी। जिसमे सभी प्रखंड, पंचायत एवं ग्राम स्तर तक यह कार्यक्रम मनानी है।उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा आजादी के कई वर्षों तक जाती, मत, पंथ में बाँटे गए उपेक्षित हिन्दू समाज को संगठित कर धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर एक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए की गई थी।अपने 60 वर्ष की अवधि में विश्व हिन्दू परिषद् अपने आयामों के साथ कई महत्वपूर्ण पड़ाव को पार किया है। जिसमें सबसे बड़ी जीत श्रीराम जन्मभूमि की रही है।उन्होंने कहा विश्व हिन्दू परिषद् अपने आयामों के द्वारा हिन्दू समाज के हर तबके के बीच कार्यरत है और हिन्दू समाज एक सशक्त बन रहा है।आज भी हिन्दू समाज कई जेहादी चुनौतीयों से जूझ रहा है और चुनौतीया आती भी रहेंगी, हमें संगठित होकर हर चुनौती को मुहतोड़ जबाब देनी है इसके लिए ग्राम स्तर तक सभी आयामों सहित समिति का गठन कर सभी को संगठन से जोड़ना होगा।

## सेवा और समर्पण के साथ मनाया गया राजीव गांधी का जन्मदिन : सीमा सीता एक्का



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** रांची स्थित रिम्स में सिमडेगा महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सीता एक्का की अगुवाई में राजीव गांधी का जन्मदिन सेवा कार्य से मनाया गया।रांची स्थित रिम्स में राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अल्का लांबा और महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के निर्देशानुसार राजीव गांधी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार 20 अगस्त को महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा मरीजों के बीच सेनेटरी पेड और पानी बोतल का वितरण किया गया।ताकि महिलाओं में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाई जा सके। सिमडेगा जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सीता एक्का ने बताया कि राजीव गांधी हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनके बताएं और दिखाएं मार्गों पर चलना हमारा कर्तव्य है।राजीव गांधी का जन्म हम सेवा कार्य करके मना रहे हैं उन्होंने कहा कहा कि महिला कांग्रेस सिर्फ राजनीति तक सीमित नहीं है बल्कि समाज की हर जरूरत में अपनी भूमिका निभा रही है।राजीव गांधी का जन्मदिन सेवा और समर्पण के साथ मनाकर हम समाज को यह संदेश दे रहे कि महिला शक्ति ही बदलाव की सबसे बड़ी ताकत है सेनेटरी पेड वितरण से हम महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान दोनों की रक्षा करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने नाबालिग छात्रों के दो वाहनों को किया जब्त



**सिमडेगा।** डीसी कंचन सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग के द्वारा शहर के झूलन सिंह चौक के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। डीटीओ संजय कुमार बाखला और एमवीआई प्रकाश रंजन के नेतृत्व में चले अभियान के क्रम में बिना हेलमेट पहने दो पहिया वाहन चला रहे चालकों से जुर्माना वसूला गया। मौके पर कई स्कूल एवं कॉलेज के छात्र भी बिना हेलमेट एवं बिना लाइसेंस के बाइक चलाते हुए पकड़े गए। डीटीओ ने सभी को यातायात नियमों का पालन करते हुए ही दो पहिया वाहन चलाने के हिदायत दी। इसके अलावा डीटीओ ने सभी अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा है कि अपने नाबालिग बच्चों को स्कूटी, बाइक वगैरह चलाने नहीं दे। बताया गया कि अभियान के क्रम में 1,28,500 रु जुर्माना वसूल किया गया है।

### लर्निंग लाइसेंस लेने वाले लोगों को दी गई यातायात नियमों की जानकारी



**सिमडेगा।** डीसी कंचन सिंह के निर्देश पर जिला परिवहन कार्यालय में लर्निंग लाइसेंस लेने वाले लोगों को यातायात नियम एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी जा रही है। बुधवार को लर्निंग लाइसेंस बनवाने पहुंचे युवाओं को डीटीओ संजय कुमार बाखला, एमवीआई प्रकाश रंजन ने ट्रैफिक नियम और सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया ।मौके पर उन्होंने कहा कि बिना हेलमेट के किसी भी कीमत पर वाहन नहीं चलाना है एवं वाहन चलाते समय शराब का सेवन भी नहीं करना है। इसके अलावा सड़क सुरक्षा से सम्बंधित अन्य कई जानकारियां भी दी गई। मौके पर डीटीओ ने कहा कि जागरूकता से ही सड़क दुर्घटना में अंकुश लगाया जा सकता है।

### पुलिस निरीक्षक के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**सिमडेगा।** बुधवार को को पुलिस अधीक्षक सिमडेगा के अध्यक्षता में सिमडेगा पुलिस परिवार की ओर से पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार प्रजापति के स्थानान्तरण के उपलक्ष में विदाई-सह-सम्मान समारोह का अयोजन किया गया ।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक के द्वारा सथानान्तरित पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार प्रजापति को अपने आगे के सफर के लिए शुभकामनाओं के साथ शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित करते हुए विदाई दिया गया ।पुलिस निरीक्षक दिनेश कुमार ने सिमडेगा जिला में अपने छोटे से मगर अमूल्य समय एक वर्षों के भीतर जिला में अंचल पुलिस निरीक्षक बानो, कुरडेग एवं पु0नि0 सह-थाना प्रभारी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित रहे एवं सिमडेगा जिला में अपनी सेवा देने के बाद अब ए0सी0बी0 झारखण्ड रॉची में स्थानान्तरित होकर विदा ले रहे हैं ।कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय, वरीय पुलिस उपाधिक्षक सिमडेगा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना यात्रा का आयोजन



**बानो।** प्रखंड में बुधवार भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 81वीं जयंती के अवसर पर सद्भावना यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष श्री अजीत कन्डुलना के आग्रह पर प्रखंड उपाध्यक्ष मो. रफीक अंसारी ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की ।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने स्व. राजीव गांधी के जीवन दर्शन, आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान, सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था में उनकी अहम भूमिका पर विचार प्रकट किए ।इस अवसर पर कार्यक्रम में अजित कन्डुलना (प्रखंड अध्यक्ष), मो. रफीक अंसारी (प्रखंड उपाध्यक्ष), अजय कुमार सिंह, पंचायत अध्यक्ष किरण कुंडलना, महासचिव सामुएल बुढ़, मंडल अध्यक्ष शमशेर अंसारी, मोहन नाग, पंकज साहु, महासचिव अभिषेक बागे समेत अनेक गणमान्य नागरिक और सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### वन विभाग ने हाथी पीड़ितों के बीच मुआवजा राशि का किया वितरण



**बानो।** बुधवार को बानो वन क्षेत्र कार्यालय में जंगली हाथियों द्वारा मृत(4) एवं घायल (1) व्यक्ति के परिजन को राशि 17 लाख 50 हजार रूपया एवं मकान, भंडारित अनाज एवं फसल क्षति के एवज में कुल 53 पीड़ितों के बीच 6,32,610 रुपया कुल 23,82,610 रुपया मुआवजा भुगतान किया गया। जिसमे जिप सदस्य बानो बिरजो कंडूलना के हाथों मृतकों एवं घायल के परिजनों को डीडी का वितरण किया गया। मौके पर बांकी मुखिया अजय डांग, सोय मुखिया सोमारी कैथवार, बेड़ाइरगी मुखिया हेलेन कंडूलना, के अलावा बानो वन क्षेत्र पदाधिकारी श्री अभय कुमार , वनपाल श्री विवेक कुमार वर्मा, वनकर्मी लखींद्र कुमार सिंह, मनीष डुंगडुंग, सुरेश टेटे, ग्लैडसन टेटे उपस्थित थे।

### कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित



**सिमडेगा।** मोर पुलिस मो जीवीय पुलिस अभियान के तहत केरासई थाना के किनकेल, बोलबा थाना क्षेत्र के कादोपानी तथा टी.टांगर थाना क्षेत्र के मेरोमडेगा पंचायत में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं और शिकायतों को सुना। साथ ही मानव तस्करी, सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न, डायन प्रथा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और लोगों को जागरूक किया ।कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की ओर से किसी भी प्रकार का लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ।

### विभावि में पीएम-उषा मेरु के तकनीकी पक्ष पर सत्र आयोजित

# आईआईटी-आईएसएम के विकसित तकनीक का लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा : कुलपति

नवीन मेल संवाददाता

- सभी प्रस्तुतियां पावर पॉइंट के माध्यम से दी गई। कुलपति ने कहा कि इस तकनीक की उपयोगिता को बढ़िया से पहले रखने की जरूरत है



**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय को पीएम उषा के अंतर्गत प्राप्त भारत सरकार के महत्वाकांक्षी योजना मेरु को लागू करने की दिशा में बुधवार को इसके तकनीकी पक्ष पर एक महत्वपूर्ण सत्र का आयोजन किया गया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा के पहल पर मेरु के तहत अध्ययन और शोध में उपयोग में लाए जाने वाले तकनीकी पक्ष से विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभाग के शिक्षकों को परिचित कराया गया। कुलपति ने बताया कि शिक्षकों के विषय ज्ञान के साथ भारत सरकार के दिशा निर्देश पर आईआईटी आईएसएम, धनबाद द्वारा विकसित तकनीक का मिश्रण अध्ययन अध्यापन के लिए किया जाएगा। लक्ष्य है विद्यार्थियों को लाभ पहुंचाना। यूसेट के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि आईआईटी आईएसएम धनबाद के TEXMIN द्वारा अत्यधिक 'इमर्सिव लैब' विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन में स्थापित करना है। उन्होंने बताया कि इस लैब में होलोग्राफिक तकनीक का उयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अनुभव आधारित शिक्षा एवं शोध के लिए उपयोगी साबित होगा। विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित इस विशेष सत्र का संचालन टैक्सबिन के सीईओ सूरज प्रकाश के द्वारा किया गया। इनके साथ फ्यूचरोटेक कंपनी के सीईओ सुकेतू मोदी और व्योमचारा कंपनी के सीईओ हर्ष राज ने भी आज के कार्यक्रम में प्रस्तुतियां दी। सभी प्रस्तुतियां पावर पॉइंट के माध्यम से दी गई। कुलपति ने कहा कि इस तकनीक की उपयोगिता को बढ़िया से पहले रखने की जरूरत है। इस दिशा में उन्होंने शिक्षकों से कहा कि उनके मन में जो भी सवाल है वह आज इन विशेषागों से साझा करें। प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने कहा "यह 100 करोड़ भारत सरकार की योजना है। इसके फायदे बच्चों को जरूर से मिलने चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि एक भी रुपया बर्बाद ना हो पाए।" बताया गया कि इस योजना के तहत 12 तकनीकी विशेषज्ञ विश्वविद्यालय में 3 वर्षों तक रहकर यहां के शिक्षकों को पठन-पाठन में तकनीक के उपयोग में सहयोग करेंगे। शिक्षकों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षित भी करेंगे।

## डिजिटल इंडिया की आधारशिला पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी ने रखी थी : मंगलेश

**रामगढ़ ।** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा स्थित कैलाश कोचिंग सेंटर में 20 अगस्त को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान सैकड़ो बच्चों के बीच कॉपी, कलम आदि शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता व मीडिया चैयरमेन सुधीर मंगलेश, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस नेता उतम महतो उपस्थिति थे। मुख्य अतिथि सुधीर मंगलेश ने कहा कि इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका स्मरण हमें सदैव आलोकित करता है। स्व राजीव गांधी ऐसे ही अद्वितीय व्यक्तित्व थे। वे आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन लोकप्रिय जननेता और प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को विकास की नई राह पर अग्रसर किया और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को एक सशक्त, आधुनिक एवं खुशहाल राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बजरंग दल की बैठक का हुआ समापन तुईयो में कार्यकारिणी समिति का किया गया गठन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के तुइयो दुर्गा मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस सह बैठक का आयोजन विहिप-बजरंग दल बरकट्ठा इकाई की ओर से किया गया। बैठक की अध्यक्षता भागीरथ प्रसाद व संचालन मंत्री सत्यम भारती ने किया। बैठक में मार्गदर्शक रामचंद्र चौधरी, महेंद्र प्रसाद, बैजनाथ महतो, विनोद प्रसाद, धीरज गुप्ता समेत सैकड़ों धर्म प्रेमी उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का उद्देश्य गांव स्तर पर सनातन धर्म के प्रति जागरूकता फैलाना तथा गौ, गंगा और गायत्री की रक्षा को सुनिश्चित करना है।बैठक में पंचायत स्तर पर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बालेश्वर यादव को अध्यक्ष, बसंत कुमार को मंत्री, नारायण प्रसाद को उपाध्यक्ष, वीरेंद्र राणा को संयोजक, चंद्रिका प्रसाद को सह संयोजक, बैजनाथ प्रसाद को सत्संग प्रमुख, सुमन कुमार को प्रचार प्रसार प्रमुख, राम प्रसाद राम को साप्ताहिक मिलन प्रमुख बनाए गए। वहीं महिला मोर्चा में चिंता देवी व चमेली देवी को दुर्गा वाहिनी संयोजिका की जिम्मेदारी दी गई।

## रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में समारोह का आयोजन स्थानांतरण होने पर किया सम्मानित

**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट प्रधारामगढ़ :20 अगस्त को रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में सीसी पद पर कार्यरत दीपक कुमार पटेल का स्थानांतरण हजारीबाग डिवीजन से धनबाद डिवीजन में होने पर विदाई समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पोस्टमास्टर नरेंद्र कुमार सिंह ने किया। जबकि मंच संचालन सहायक पोस्टमास्टर रविशंकर राय ने किया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने कहा कि विभाग हित, कर्मचारी हित में कर्मचारी का स्थानांतरण समय समय पर होता है। दीपक कुमार पटेल ने अपने कार्य कुशलता और सौम्य स्वभाव से सभी ग्राहकों और कर्मचारी का चहेता रहे। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधान डाकघर रामगढ़ कैंट के पोस्टमास्टर नरेंद्र कुमार सिंह, सहायक पोस्टमास्टर रविशंकर राय, मो शमीम, प्रभु मुंडा, अरुण कुमार आदि शामिल हैं।

## 24 अगस्त को कर्मचारी शक्ति समागम गांधी स्मारक प्लस टू उवि में होगा समापन



**रामगढ़।** 20 अगस्त को पेंशनर हॉल रामगढ़ में जिला कार्यकारणी की एक बैठक जिला महासचिव बुद्धदेव मुंडा की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक का संचालन जिला संरक्षक गुलाम साबरी द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष श्याम किशोर महतो के द्वारा किया गया। बैठक में 24 अगस्त को को होनेवाले कर्मचारी शक्ति जिला समागम को लेकर विशेष चर्चा हुई । बैठक में प्रदेश कमेटी के उप महासचिव डॉ सुनील कुमार कश्यप ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि प्रदेश कमेटी के आह्वान पर 21 सितंबर को मोराबादी मैदान में बड़ी संख्या में झारोटेफ झारखंड के विभिन्न संगठनों के कर्मचारी कर्मचारी भाग लेंगे। जिसे सफल बनाने हेतु झारखंड के सभी 24 जिला में कर्मचारी जिला शक्ति समागम का आयोजन किया गया है । रामगढ़ जिला में भी जिला स्तरीय कार्यक्रम गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में 24 अगस्त को 11:00 बजे होना तय हुआ है। जिसको सफल बनाने हेतु रामगढ़ जिले के सभी प्रखंड अध्यक्ष और सचिवों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने प्रखंडों में 21, 22 और 23 अगस्त को तैयारी बैठक कर बड़ी संख्या में 24 अगस्त को गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय में उपस्थित हो और कर्मचारी शक्ति समागम को सफल बनाएं ।डॉ कश्यप ने बताया कि हम कर्मचारियों का 11 सूत्री मांगों में से मुख्य रूप से तीन सूत्री मांग हर हाल में कर्मचारियों का उम्र सीमा 62 साल,केंद्रीय कर्मचारियों की तरह झारखंड के कर्मचारियों को भी शिशु शिक्षण भत्ता प्राप्त हो और एमएसीपी का लाभ सभी संवर्ग को प्राप्त हो।

### फर्स्ट एड उपचार प्रशिक्षण के तहत जिले में 1 लाख लोगों को दिया गया प्रशिक्षण

# उपायुक्त ने लोगों से प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की

- विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित इस विशेष सत्र का संचालन टैक्सबिन के सीईओ सूरज प्रकाश के द्वारा किया गया

नवीन मेल संवाददाता




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत 2 लाख लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर एवं फर्स्ट देने हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। इसे लेकर पूर्व में जिला स्तर पर सीपीआर एवं फर्स्ट एड देने को लेकर प्रशिक्षण देकर 3229 मास्टर ट्रेनर तैयार किए गए हैं। अभियान के तहत अब तक जिले में1 लाख लोगों को सीपीआर एवं फर्स्ट एड उपचार से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा चुका है वही यह प्रशिक्षण निरंतर जारी है। इसी क्रम में बुधवार को जिले के विभिन्न कारखानों यथा राधा कास्टिंग मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड रामगढ़ मरार सहित अन्य क्षेत्रों में अनुभवी चिकित्सकों एवं जिला स्तर से तैयार किए गए मास्टर ट्रेनरों के द्वारा कर्मियों, ग्रामीण,आम जनों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों में सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपयोग को लेकर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान लोगों को आकस्मिक स्वास्थ्य परिस्थितियों जैसे कार्डियक अरेस्ट, चोकिंग, ब्लीडिंग, बर्न, फ्रैक्चर, वज्रपात, डूबना, शॉक, सांप का काटना एवं दुर्घटना जैसी परिस्थितियों में कार्य करने को लेकर प्रशिक्षण दिया गया एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया। इस संबंध में उपायुक्त, रामगढ़ श्री फैज अक अहमद मुमताज के द्वारा सभी जिले वासियों से अपने नजदीकी प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर सीपीआर देने एवं फर्स्ट एड उपचार करने संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने की अपील की गई है।

## चमकपुर गांव से दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण का किया गया प्रयास

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के सोनुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत चमकपुर गांव से दो नाबालिग लड़कियों के अपहरण की कोशिश की गई। यह घटना मंगलवार देर शाम की है, हालांकि दोनों लड़कियों ने चलती गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। बुधवार को लड़कियों की दोस्त ने मामले की जानकारी कुईड़ा पंचायत के मुखिया डॉ. दिनेश चंद्र बोयपाई को दी। इसके बाद मुखिया डॉ. दिनेश चंद्र बोयपाई ने दोनों लड़कियों को सोनुवा थाना पहुंचाया। जहां उन्होंने पुलिस को घटना की पूरी जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## बेहोशी की हालत में मिली एक युवती

**बरवाडीह।** बरवाडीह रेलवे अंडरपास 16 सी के समीप एक अज्ञात लड़की बेहोशी की हालत में मिली है। जिसके पास से प्राइवेट कंपनी का कार्ड मिला है जिसमें लड़की का नाम निशा कुमारी और पता लातेहार सांसग दर्ज है। कृपया इस लड़की के परिजन का पता लगाने में सहयोग करें।

## 2 साल से अंधेरे में बागबोथा गांव

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना क्षेत्र अंतर्गत कुशिया, झारन, लोंगेपानी और कोंडरा के ग्रामीण आज मुखिया लंकेश्वर बड़ाइक के नेतृत्व में उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और क्षेत्र की गंभीर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कोंडरा पंचायत में आए दिन बकरी, गाय, वाहन और घरों में चोरी की घटनाएं हो रही हैं। थाना दूर होने से लोगों को पुलिस तक पहुंचने में भारी कठिनाई होती है। इस वजह से ग्रामीणों ने पुलिस पिकेट की स्थापना की मांग की। वहीं, बागबोथा गांव के ग्रामीणों ने कहा कि उनका ट्रांसफार्मर पिछले दो सालों से खराब पड़ा है।


**OFFICE OF THE**
**DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND**
**(DISTRICT NAZARAT SECTION)**

**RE-TENDER NOTICE**
For Digitization and Software Development of Panji 2 (Register 2) Records
District Administration, Chatra,Jharkhand

| S.No. | Milestone | Date |
|---|---|---|
| 1 | Request for Proposal (RFP) document made available to the applicants | 21/08/2025 |
| 2 | Last date receipt of Technical and Financial proposal (Sealed Envelope) | 28/08/2025 (11:30 AM) |
| 3 | Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | 28/08/2025 (12:30 PM) |
| 4 | Place of Opening of Technical Proposals, Presentation and Financial Bids | Conference Hall, Collectorate Office, Chatra |

* निविदा के सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेगी ।
Address for communication & submission of documents during the Re-tender period:
District Nazarat Section, District Collectorate Office, Chatra, Jharkhand

NDC, Chatra
PR.NO.359965 District(25-26):D


## धूमधाम से दुर्गा उत्सव मनाने को लेकर केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक आज

**लोहरदगा।** जिले में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा धूमधाम और भव्यता के साथ मनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी क्रम में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक 21 अगस्त, दिन गुरुवार को आयोजित होगी। समिति के महामंत्री मिथुन तमेड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक अपराह्न 3 बजे से शहर के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में होगी।

## गुमला में सड़क सुरक्षा अभियान छात्राओं को यातायात नियमों का दिलाया संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और युवाओं को जागरूक बनाने के उद्देश्य से 20 अगस्त 2025 को नरसिंग कौशल कॉलेज में एक विस्तृत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव, और जिला परिवहन पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सड़क सुरक्षा पर गहन संवाद

कार्यक्रम में करीब 110–120 छात्राओं से सीधा संवाद करते हुए सड़क सुरक्षा टीम ने हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व पर जोर दिया। टीम ने बताया कि ये उपकरण दुर्घटना के समय जीवन बचाने के लिए सबसे अहम होते हैं। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग, तेज रफ्तार और लापरवाही को दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण बताया गया। साथ ही ट्रिपल लोडिंग, ओवरलोडिंग और क्रैश गार्ड जैसे खतरनाक प्रथाओं से दूर रहने की अपील की गई। अधिकारियों का मार्गदर्शन एसडीओ राजीव नीरज ने कहा कि लेन ड्राइविंग और नियमसंगत वाहन संचालन से अधिकांश दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने हेलमेट को "जीवन रक्षक" बताते हुए इसे सभी के लिए अनिवार्य करने की अपील की। डीटीओ ज्ञान शंकर जायसवाल ने गुड समेरिटन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुँचाने वाले सहयोगियों को राज्य सरकार की ओर से 2000 और केंद्र सरकार की ओर से 5000 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। डीएसपी सुरेश प्रसाद यादव ने एडवांस पोलिसिंग के तहत सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों की जानकारी दी।

## नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 1500 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

**गोड्डा।** जिले में नेटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया. जिसमें कुल 90 टीमों के 1500 से ज़्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता में लगभग सौ खिलाड़ी ऐसे थे जो राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड टीम की ओर से विभिन्न वर्गों में खेल चुके हैं और राष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता भी रहे हैं. गोड्डा में आयोजित नेटबॉल प्रतियोगिता में सब-जूनियर बालक वर्ग में बेथेल स्कूल की टीम विजेता बनी, जबकि सब-जूनियर बालिका वर्ग में सीएम स्कूल गोड्डा की टीम विजेता रही. इस प्रतियोगिता के आधार पर पहले जिला स्तरीय और फिर राज्य स्तरीय टीम का चयन किया जाएगा.

## आंख जांच कर मुफ्त दवा और चश्मा दिया गया

**सेन्हा–लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के नेत्र रोग चिकित्सक डॉ.शशिकांत कुमार द्वारा राष्ट्रीय अंधा पन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पेशरार प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गग मन्हेपाट स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में नेत्र जांच शिविर आयोजित कर 70 छात्र छात्राओं और 16 आदिम जन जाति ग्रामीणों का आंख जांच किया गया.वही डॉक्टर ने बताया कि नेत्र जांच के क्रम में निकट दृष्टि और दूर दृष्टि दोष,आंख से पानी आना,धुंधलापन दिखाई देना,आंख में जलन होना सहित अन्य तरह का बीमारियों का जांच किया गया.जांच के पश्चात 40 वर्ष उम्र तक के 34 महिला पुरुषों को निःशुल्क चश्मा भी दिया।

## लगातार तीसरी बार आदर दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने बादल राम



**घाघरा।** घाघरा के आदर में शारदीय दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर आदर दुर्गा पूजा समिति की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक कुमार रवि ने की सर्वसम्मति से पुरानी समिति को यथावत रखने का निर्णय लिया गया। पिछले साल के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। दुर्गा पूजनोत्सव को भव्य बनाने के लिए गहन बीचार विमर्श किया गया। जिसमे चंदा , लाइटिंग, मूर्ति साज सज्जा, एवं भीड़ को नियंत्रित करने सहित अन्य पहलुओं पर चर्चा की गई। पूजा को लेकर कुछ जिम्मेवारी दी गई। जिसमे मुख्य संरक्षकः कुमार रवि, संरक्षकः गोपाल गोप, समत साहू, अजय कुमार साहू, राजीव उरांव, कुंवर वर्मा, विनोद राम, कोषाध्यक्षः अजय कुमार साहू, सह-कोषाध्यक्षः वासुदेव महतो, सह-सचिवः राजेश वर्मा, सुमंत कुमार ठाकुर, हरिशंकर गोप आदि शामिल थे।


**कार्यालय, उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग**
**नियर जिला स्कूल, झील रोड, हजारीबाग पिन–825301 (झारखण्ड)**
**email-ncrta-hazaribag@jharkhandmail.gov.in**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार, हजारीबाग की बैठक दिनांक **03-11-2025** को पूर्वाह्न **11:00** बजे से आयुक्त–सह–अध्यक्ष, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग के सभा–कक्ष में आहूत की गयी है। उक्त बैठक में अधिसूचित मार्गों पर **नवीन सवारी परमिट, वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा, सवारी परमिट नवीकरण/समय–सारिणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर आदि से संबंधित आवेदन पत्रों पर तथा पूर्व प्राधिकार की बैठक में लंबित विषयों** पर विचार किया जाएगा। वातानुकूलित डीलक्स बस सेवा परमिट, सवारी परमिट नवीकरण/समय–सारिणी संशोधन एवं सवारी परमिट प्रतिहस्ताक्षर/प्रतिहस्ताक्षर नवीकरण से संबंधित आवेदन ऑनलाईन spermit.jharkhand.gov.in पर ही स्वीकार किए जाएगें। आवेदन समर्पित करने एवं अन्य तिथि निम्न प्रकार से निर्धारित की जाती है:–

| | |
|---|---|
| बैठक की सूचना का प्रकाशन | 21.08.2025 |
| Online आवेदन करने की अंतिम तिथि | 08.09.2025 |
| समय–सारिणी का प्रकाशन spermit.jharkhand.gov.in पर | 18.09.2025 |
| Online आपत्ति समर्पित करने की अंतिम तिथि | 06.10..2025 |
| प्राधिकार की बैठक की तिथि | 03.11.2025 |

1. **Online** आवेदन संबंधित वाहन के अद्यतन कागजातों यथा निबंधन पुस्तिका, अद्यतन कर प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुषण प्रमाण–पत्र (कम से कम दिनांक **10.11.2025** तक मान्य) एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ **Upload** होना चाहिए,
2. आवेदन पत्र के साथ एक स्व–घोषणा पत्र देना होगा जिसमें सभी कागजातों की सत्यता, वाहन के स्पेयर के संबंध में स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक होगा,
3. वातानुकूलित डीलक्स बस/डीलक्स बस से संबंधित आवेदन रहने पर इसका प्रमाण पत्र संबंधित मोटरयान निरीक्षक का समर्पित करना आवश्यक होगा,
4. प्रतिहस्ताक्षर हेतु दिए जाने वाले आवेदन–पत्रों के साथ परमिट की प्रति, निबंधन–पुस्तिका, अद्यतन कर–प्रतीक, दुरूस्ती प्रमाण–पत्र, बीमा प्रमाण–पत्र, प्रदुशण प्रमाण–पत्र एवं सरकार द्वारा अनुमोदित गति नियंत्रक फिटमेंट प्रमाण पत्र छाया–प्रति की स्व–हस्ताक्षरित प्रति **Upload** किया जाना अनिवार्य होगा,
5. आवेदक द्वारा आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाईन किया जाएगा,
6. नवीकरण से संबंधित आवेदनों पर बैंक से वित्त प्रदत्त रहने पर संबंधित बैंक से अनापत्ति प्रमाण–पत्र **Upload** करना अनिवार्य होगा,
7. प्रस्तावित समय–सारिणी पर की जाने वाली आपत्ति संबंधित परमिट समय–सारिणी की स्व–हस्ताक्षरित प्रति एवं मान्य शुल्क के साथ **Upload** किए जाने पर ही आपत्तियों को विचार हेतु प्राधिकार की बैठक में सम्मिलित किया जाएगा। आपत्ति आवेदन में स्पष्ट रूप से आपत्ति बिंदु का उल्लेख किया जाना आवश्यक होगा,
8. परमिट की स्वीकृति के उपरांत परमिट निर्गमण के समय संबंधित वाहन का सभी मूल कागजात सत्यापन हेतु कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा,
9. वाहन स्वामी अपने वाहन का श्रेणी (Category) निर्धारित करने के उपरांत ही आवेदन करेगें।
10. वाहन स्वामी वाहन के समय सारिणी का प्रस्ताव देने से पूर्व एक स्टेज से दूसरे स्टेज की दूरी एवं मानक गति सीमा के अंतर्गत देगें।
11. वैसे वाहन स्वामी का आवेदन जिनका किसी अन्य वाहन का कर प्रमादी (Tax Defaulter) होने पर आवेदन बैठक में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।
12. बैठक की सूचना की तिथि से ही नवीन सवारी परमिट का ऑनलाईन आवेदन मान्य होगा।
13. आयुक्त सह अध्यक्ष महोदय के अनुमोदनोपरांत अन्य विशयों पर भी बैठक में विचार किया जा सकता है।

उपरोक्त दृष्टिकोण से त्रुटिपूर्ण आवेदन पर प्राधिकार की बैठक में विचारार्थ नहीं रखा जाएगा।
आयुक्त–सह–अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार।

ह0/–
उप–परिवहन आयुक्त सह सचिव
उत्तरी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार
हजारीबाग

PR 359980 (Transport)25-26*D


# नाबालिग के साथ बलात्कार करने के जुर्म में आरोपी गिरफ्तार एक फरार

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई हंसनगर की रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम देने वाले 19 वर्षीय युवक तौहीद अंसारी पिता इलयास अंसारी सिसई मेन रोड निवासी को सिसई पुलिस ने गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। घटना की जानकारी पीड़िता ने घर आकर अपनी मां को रोते हुए बताई। इसपर मां पीड़िता को सिसई थाना लेकर गई और थाने में मेन रोड सिसई निवासी युवक तौहीद अंसारी के खिलाफ सनहा दर्ज कराते हुए कहा कि मेरी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी जो 9 वीं कक्षा की छात्रा है। जिसे तौहीद अंसारी स्कूल आने जाने के क्रम में पिछले आठ नौ महीना से पीछा कर रहा था और बातचीत करने का दबाव बना रहा था। बात नहीं करने पर जान से मारने की धमकी देता था। 18 अगस्त 2025 को घर से स्कूल जाने के लिए सुबह 7:30 बजे निकली लेकिन स्कूल नहीं पहुंची तो स्कूल के प्रिंसिपल ने फोन कर पूछा कि आपकी बेटी आज स्कूल क्यों नहीं आई है। तो मैंने बताया कि पड़ोस की अपनी सहेली रूपा के साथ स्कूल जाने के लिए निकली है। इसके बाद तुरंत स्कूल जाकर रूपा से पूछताछ की इसपर रूपा ने बताई कि रिधिमा को स्कूल से कुछ दूर पहले संत तुलसीदास विद्यालय के पास से तौहीद अंसारी अपनी बाईक पर जबरदस्ती बैठाकर ले गया है। इससे हम पूरे परिवार घबरा गए और अपनी बेटी को ढूंढने लगे। दोपहर करीब 2 :10 बजे मेरी बेटी घर लौटी। वो बहुत घबराई हुई थी। पूछने पर डरी सहमी आवाज में रोते हुए बताई कि तौहीद मुझे डरा धमका कर जबरदस्ती बाईक में बैठा लिया और सिसई टंगरा स्कूल के पास ले गया और वहां से अपने दोस्त हसन अंसारी को फोन कर बुलाया जो सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार लेकर आया तथा दोनों ने मिलकर जबरदस्ती कार में बैठाकर घाघरा के मसरिया डेम ले गया और डैम के पास झाड़ियों में ले जाकर तौहीद ने जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की और जबरदस्ती बलात्कार किया। पीड़िता ने आगे बताया कि उसके बाद दोनों ने कार में बैठाकर वहां से कुछ दूर बीच रास्ते पर लाकर गाली गलौज करते हुए कार से नीचे उतार दिया जहां से पैदल ही मैं घर आई और रोते हुए घटना की सारी जानकारी मां को बताई। पीड़िता की मां ने एफआईआर में पुलिस प्रशासन से दोषी युवक को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिसई पुलिस ने सोमवार रात में तौहीद अंसारी को पकड़कर थाना ले आई और पूछताछ की जिसमें आरोपी युवक ने अपना जुर्म कुबूल किया। इसपर मंगलवार को दोषी युवक तौहीद अंसारी को जेल भेज दिया गया। वहीं तौहीद का दोस्त हसन अंसारी फरार है।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

उद्देश्यहीन जीवन द्वारा नहीं, बल्कि एक नियमित एवं संतुलित जीवन द्वारा तुम महापुरुषों के आशीर्वाद प्राप्त कर सकोगे। तब माया कभी भी अपने माध्यम के रूप में तुम्हारा उपयोग नहीं कर पाएगी। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

# न्यूनतम स्तर की बेरोजगारी

कभी बेरोजगारी और महंगाई चुनावी मुद्दे होते थे अभी सोशल मीडिया पर उछल रहे मुद्दों में प्राथमिकता दूसरी है तो क्या दोनों मुद्दे नहीं बन सकते? राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में देश की बेरोजगारी दर घटकर पिछले तीन महीनों में सबसे कम यानी 5.2 फीसदी पर आ गई, जो अर्थव्यवस्था के लिहाज से आश्वस्त करने वाली खबर कही जा सकती है, लेकिन इससे जुड़े कई अन्य पहलू भी विचारणीय हैं। दरअसल, पिछले कुछ हफ्ते त्योहारों के रहे हैं और इसके अलावा कृषि व संबंधित गतिविधियों में कामगारों की मौसमी मांग भी रही है। यही वजह रही कि ग्रामीण क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए बेरोजगारी दर में कुछ कमी देखने को मिली है। इसके विपरीत, जुलाई में ही शहरी बेरोजगारी दर में कुछ वृद्धि, शहरों में रोजगार के अवसरों के घटने की ओर इशारा करती है, जो चिंताजनक है। यह असमानता शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में अंतर को रेखांकित करती है और नीतिगत हस्तक्षेप की मांग भी करती है। मासिक आंकड़े बताते हैं कि जुलाई के दौरान महिलाओं की बेरोजगारी दर में कमी आई है और महिला श्रमबल की हिस्सेदारी बढ़ी है, जो उत्साह बढ़ाने वाला है। गौर करने वाली बात है कि ये आंकड़े वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी, एसएंडपी द्वारा भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को 'बीबीबी माइनस' से बढ़ाकर 'बीबीबी' करने के बाद आए हैं, जो 18 वर्षों में इस तरह की पहली प्रगति है। एसएंडपी के अनुसार, वित्त वर्ष 2022 और 2024 के बीच हमारी वास्तविक जीडीपी वृद्धि औसतन 8.8 फीसदी रही, जो एशिया-प्रशांत में सबसे अधिक है, और अगले तीन वर्षों में इसके 6.8 फीसदी वार्षिक दर से बढ़ने की उम्मीद है, जिसका फायदा देश के रोजगार परिदृश्य को भी यकीनन मिलेगा। सरकार ने हाल ही में घोषणा की है कि वह अक्तूबर तक वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करेगी। इससे घरेलू विनिर्माण को तो बढ़ावा मिलेगा ही, रोजगार सृजन भी बढ़ने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विकसित भारत रोजगार योजना की शुरुआत भी देश के रोजगार परिदृश्य के रूपांतरण की क्षमता रखती है, जिसका अगले दो वर्षों में साढ़े तीन करोड़ नौकरियां देने का लक्ष्य है। कुल मिलाकर देखें, तो दूसरी तिमाही के शुरुआती महीने में बेरोजगारी दर में कमी और नई रोजगार योजना का शुभारंभ स्वागतयोग्य है, लेकिन सरकार को कौशल विकास और नवाचार पर आधारित अपनी नीतियों से देश को एक मजबूत व समावेशी रोजगार बाजार की ओर बढ़ाना होगा। फिलहाल इस सकारात्मक गति को बनाए रखने और अर्थव्यवस्था को ऐसा रूप देने की जरूरत है, जिसमें सभी के लिए अवसरों के द्वार खुले हों।

*राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों के अनुसार, जुलाई में देश की बेरोजगारी दर घटकर पिछले तीन महीनों में सबसे कम यानी 5.2 फीसदी पर आ गई, जो अर्थव्यवस्था के लिहाज से आश्वस्त करने वाली खबर कही जा सकती है, लेकिन इससे जुड़े कई अन्य पहलू भी विचारणीय हैं।*

# अधर्म पर मौन रह, जो सिर्फ निहारे जाते हैं भीष्म हों, द्रोण हों या हों कर्ण सब मारे जाते हैं

आज की बात



**केदारनाथ दास**
बसिया (गुमला)।

क्या आपने कभी इस विषय पर गौर किया है कि दातुन का परित्याग करते ही हमें टुथपेस्ट की जरूरत पड़ गई और हम "कोलगेट" की मांग करने लगे। एक लंबी सी सूची में से यही हाल बनस्पति घी का भी है जबकि घी के नाम पर हम "डालडा" शब्द के सामने लाचार होकर बैठे नजर आने लगे। यह यह बेचारगी न जाने कब से हमारी बाध्यता बनती चली गई जबकि महज कुछ दशकों पूर्व तक ब्रांड के इस पेंच से हमारा कोई सरोकार नहीं था। हमें तो बचपन से यही बताया गया कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसका सीधा सा मतलब यही था कि पारंपरिक तौर पर भारत कभी भी बाजारवाद का पक्षधर नहीं रहा। बहुत सकारात्मक प्रकरण होने के बावजूद हैरान करने वाली बात तो यह है कि खुद की खेती बारी, पसीने से निकला अनाज, अपने बगीचे के दातुन, अपना तेल और अपने घर आंगन के दाना पानी में से न जाने कब हमारा भारतवर्ष खुद में एक ब्रांड बनता चला गया। अभी भी वह पीढ़ी बरकरार है जिसने अनाज के बदले अनाज, पैले की माप और प्रत्येक आर्थिक हस्तांतरण में सुभाव के तौर पर उपहार की व्यवस्था को जीतकर अपना जीवन व्यतीत किया है। अब अचानक सबकुछ बदल सा गया है और हमारी मूल प्रकृति और तत्संबंधी पृष्ठभूमि के विपरित एक बाजार सामने आ खड़ा हुआ है। ऐसा तब है जबकि उत्पादन क्षमता और उत्कृष्टता के बूते हम अपनी प्राकृतिक मौलिकता के साथ खुद में वैश्विक अर्थव्यवस्था का पर्याय रहे हैं। इतना ही नहीं, हमें तो यह भी पता है कि भारतीय अर्थतंत्र को तहस नहस करने के लिए ढाका के मलमल के साथ साथ यहाँ के कुटीर उद्योगों को लगातार कुंठित किया जाता रहा। कालांतर में बाजार के प्रति हमें उदार बनाने के नाम पर रचे गए कुचक्र का हम शिकार होते चले गए। नतीजा सामने है और शुद्ध देशी घी में हमें कोलेस्ट्रोल और ट्राईग्लिसराईड के अवगुण नजर आने लगे तो बनस्पति घी का रास्ता हमारे लिए सर्वसुलभ होता चला गया। यही सबकुछ हुआ गोदरेज के साथ। कभी बांस के कलात्मक बक्से घर की शान हुआ करते थे तो गांव का रोजगार भी गांव में ही बना हुआ था। धोती आज यहां से कोसों दूर जा चुका है और बुनकरों को बुनियादी रोजगार देता धोती आज न केवल गुमनामी के अंधेरे में खो चुका है बल्कि उपहास का पात्र बन चुका है। इसी तरह फुलपैंट और अंग्रेजी सूट बूट के



सरकार का ताना-बाना अब खेत खलिहानों तक अपनी पहुंच बना चुका है और बाजारवाद के इस करिश्मे से आर्थिक जीवन का कोई पक्ष अछूता नहीं रह गया है। अब तो हम पचास पैसे के आलू चिप्स के लिए बीस रुपए अदा करने में शान का अनुभव करने लगे हैं क्योंकि बड़ी चतुराई के साथ एक नई परंपरा आई और हम विवश बने हुए नजर आने लगे। तमाशा यह कि हजारों बुनकरों को रोजगार देता भारतभूमि का "धोती" पहले ब्रांड की लपेट में आया और अंततः "ब्रासलेट" व "परमसुख" के झोंके से कहीं गुमनाम होता चला गया। गिनती गिनने चलें तो यह फेहरिस्त बड़ी लंबी होती चली जाएगी क्योंकि हम तथाकथित "ब्रांड" की ब्रांडिंग से बाहर निकलने के लिए तैयार ही नहीं हैं। इसके लिए प्रयास होने चाहिए थे और इसे दिशा देने के लिए पहल की अपेक्षा भी थी परन्तु दुर्भाग्यवश उदारीकरण के नाम पर इसे कहीं अधिक कारगर ढंग से गति दिए जाने का उपक्रम सामने आने लगा। ऐसा तब है जबकि विकसित राष्ट्र होने के बावजूद यूनाइटेड किंगडम और अमेरिका जैसे देशों में ब्रांड के बजाय जेनेरिक दवाओं का उपयोग धड़ल्ले से किया जाता है। यह भारत के लिए कोई उदाहरण नहीं है क्योंकि देश की मानसिकता का पैमाना ब्रांड की जकड़नों से बुरी तरह से कसा हुआ है और हाल के कुछ वर्षों के दौरान किए जा रहे सरकारी प्रयासों के बावजूद ब्रांड के सामने यहां जेनेरिक दवाओं का स्तर दोयम दर्जे का बना हुआ है। भारत के लिए यह उदाहरण नहीं बन पा रहा है क्योंकि वस्तु की पहचान, उसकी गुणवत्ता, उसके अन्य सभी पक्ष न केवल उस "गोदरेज" में बंद हो चुका है जिसने न केवल आम लोगों के अचेतन को अपना गुलाम बना दिया है बल्कि "डालडा" के सामने देशी घी की महक को फीका करके रख दिया है। ऐसा तब है जब हम "अधर्म पर मौन रह, जो सिर्फ निहारे जाते हैं। भीष्म हों, द्रोण हों या हों कर्ण सब मारे जाते हैं।।" के आलोक में बाजार की बातों अबतक को समझते रहे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# विरोध का महात्म्य

व्यंग्य की बात



**महेन्द्र तिवारी**

कहते हैं कि जल में रहकर मगरमच्छ से बैर नहीं करना चाहिए। परंतु आज के समय में लगता है कि बिना बैर किए जीवन अधूरा है। विरोध न हो तो आदमी को नींद नहीं आती, और यदि नींद आ भी गई तो सपना ज़रूर ऐसा आता है कि कोई मंच पर खड़ा होकर ताली बजा-बजा कर नारे लगा रहा है-"हम विरोध करते हैं!" समय था जब 'निर्विरोध निर्वाचित' होना समाज में प्रतिष्ठा की बात मानी जाती थी। गाँव का सरपंच हो या नगर निगम का पार्षद-यदि बिना विरोध के चुन लिया जाए तो यह माना जाता था कि जनसमूह को उन पर पूर्ण भरोसा है। परंतु अब हालात उलट गए हैं। अब निर्विरोध को लोग 'संदिग्ध' मानते हैं। जैसे कोई कहे-"भाई साहब, फलाँ जी निर्विरोध चुने गए।" तो कानाफूसी शुरू-"लगता है कुछ सेटिंग-वेटिंग हुई है...वरना आजकल कौन इतना लोकप्रिय है कि कोई विरोध न करे!" जैसे सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों पर कोई आदेश दिया। अब आदेश चाहे कितना भी व्यावहारिक हो, मोहल्ले की समिति कहेगी-"हम इसका विरोध करते हैं, क्योंकि कुत्ते हमारे सांस्कृतिक धरोहर हैं। सुबह-सुबह उनके भौंकने से नींद खुलती है, यह अलार्म क्लॉक से सस्ता विकल्प है।" दूसरी समिति विरोध करेगी-"नहीं! ये आदेश बहुत ढीला है, हमें और कड़े प्रावधान चाहिए।" और जो तीसरी समिति है, उसका विरोध होगा-"आप लोग विरोध क्यों कर रहे हैं, हम इसका विरोध करते हैं।" अब आइए चुनावी विरोध पर। चुनाव आयोग जब कहता है-"विशेष गहन पुनरीक्षण होगा।" तो जनता सोचती है कि अब कुछ नाम कटेंगे, कुछ जुड़ेंगे। लेकिन उम्मीदवारों की सोच कुछ और होती है-"देखो, यह पुनरीक्षण भी किसी न किसी का वोट काटने के लिए है, हम विरोध करते हैं।" और यदि पुनरीक्षण न हो तो भी विरोध-"देखो, लोकतंत्र का अपमान हो रहा है, हम विरोध करते हैं।" विरोध की यह परंपरा चुनावों में अद्भुत रंग दिखाती है। पोस्टर लगे नहीं कि उधर से विरोध की गूंज उठती है-"पोस्टर ज़रा ऊँचा क्यों लगाया? यह अन्याय है।" अगर चुनावी सभा में चाय मिले तो विरोध-"यह तो वोटरों को रिझाने का षड्यंत्र है।" और अगर चाय न मिले तो भी विरोध-"जनता की बुनियादी ज़रूरतों की अनदेखी हुई है।" यानी चाय का प्याला भी लोकतंत्र की परीक्षा का प्रश्नपत्र बन गया है। कहा जाता है, "जो दिखता है वही बिकता है।" पर आज की राजनीति में कहावत है-"जो विरोध करता है वही दिखता है।" यदि आपने विरोध नहीं किया तो आप अस्तित्वहीन हैं। एक नए नेता को विरोध करना ही पड़ता है ताकि अख़बार में उसका नाम आ जाए। विरोध का फायदा यह है कि आपको अलग से विज्ञापन देने की आवश्यकता नहीं। बस किसी कार्यक्रम में जाकर नारा लगा दीजिए-"हमें यह मंजूर नहीं!" और अगले दिन आप 'नवोदित जननेता' घोषित। और शायद आने वाले समय में चुनाव भी विरोध के आधार पर ही होंगे। उम्मीदवार का प्रचार नारा कुछ ऐसा होगा-"आप हमें वोट दीजिए, हम हर चीज़ का विरोध करेंगे। चाहे आपको पसंद आए या न आए, हम विरोध सुनिश्चित करेंगे।"

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# आवारा नहीं हमारा है : कुत्तों पर बंट गया हिन्दुस्तान!

देश की बात



**मनोज कुमार अग्रवाल**

गाजियाबाद के एक थाने में तैनात बाइक सवार 25 वर्षीय महिला उपनिरीक्षक रिचा शर्मा की बीते दिन बाइक के सामने कुत्ता आ गया हादसे में सिर डिवाइडर से टकराने से उनकी मौत हो गई। यूं तो कमोबेश पूरे देश में आवारा कुत्तों के उत्पात मचाने इंसानों को काटने की शिकायतों की भरमार हो गई है। अदालत के आदेश के बाद देश में समाज दो भाग में बंटा है एक ओर डॉग लवर्स हैं जो रोजाना प्रदर्शन कर रहे हैं दूसरे ओर आवारा कुत्तों से परेशान आमजन हैं। आपको पता रहे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों पर लगातार हो रहे आवारा कुत्तों के हमलों के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बीते सोमवार 11 अगस्त को बेहद सख़्त निर्देश जारी किए. जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि हमें सड़कों को पूरी तरह से आवारा कुत्तों से मुक्त बनाना होगा, यह पहला और सबसे महत्वपूर्ण प्रयास होना चाहिए. अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नगर निकायों को तुरंत सभी इलाकों से कुत्तों को उठाने और उन्हें शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया।बीते बुधवार को कुत्तों के संबंध में अदालत के आदेश को लेकर पशु प्रेमियों की नाराजगी को देखते हुए स्वयं चीफ जस्टिस बी आर गवई ने इस मामले को स्वयं देखने की बात कही है। बीते गुरुवार को जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की तीन सदस्यीय बैंच न सुनवाई की कपिल सिब्बल और एसजी तुषार मेहता की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया. मामले की सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के कारण बच्चों की मौत हो रही है. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सुलझाने की जरूरत है, न कि इस पर विवाद करने की. कोई भी जानवरों से नफरत नहीं करता है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक बड़ी टिप्पणी की. उन्होंने भरी अदालत में कहा कि चिकन-मटन खाने वाले आज एनिमल लवर बन गए हैं.नसबंदी और टीकाकरण से न तो रेबीज रुकता है और न ही बच्चों पर हमले. बच्चों की मौतें और विकृति अब भी जारी हैं। दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों को हटाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश का विरोध पूरे देश में फैल गया है, और लखनऊ,



पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी और मुंबई जैसे शहरों में भी इसी तरह के प्रदर्शन हुए हैं रामलीला मैदान के बाहर रविवार को पशुप्रेमियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। इस बीच वे "आवारा नहीं हमारा है" जैसे नारे लगाते रहे। वे सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों को एकत्र कर आश्रयस्थलों में रखने वाले आदेश का पुरजोर विरोध करने के लिए यहां एकजुट हुए थे। इस बीच वे बड़े ही आक्रोशित दिखे। उन्होंने कोर्ट के इस निर्णय को पारिस्थितिकी तंत्र पर हमला कहा। अब मीलार्ड के आदेश पर पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी और पशु हित रक्षक संगठन कड़ा ऐतराज जता रहे हैं। आपको बता दें कि अदालत के सामने आए आंकड़ों में बताया गया है कि दिल्ली में 10 लाख कुत्ते हैं, और पिछले बरस 68 हजार लोगों को कुत्तों ने काटा था। देश भर में कुत्तों की तादाद तेजी से बढ़ रही है और करीब पांच करोड़ तक पहुंच है। कमोबेश देश भर में आवारा कुत्तों के हमले में छोटे बच्चे रोजाना जान गंवा रहे हैं देश भर में कुत्ते रोजाना 25000 लोगों को काट रहे हैं यानी हर मिनट 415 लोग कुत्तों के शिकार बन जाते हैं जबकि दिल्ली में ही रोजाना 2000 से अधिक लोगों को कुत्ते काट लेते हैं। दुनिया में रैबीज से होने वाली मौतों में से 36प्रतिशत भारत में होती हैं। हाल ही में कुत्ते के काटने के बाद कबड्डी खिलाडी ब्रजेश सोलंकी की रैबीज से बेहद दर्दनाक मौत हो गई। यह मामला जानवरों और इंसानों के सहअस्तित्व का है। दसियों हजार बरस पहले इंसानों ने शायद एक जंगली नस्ल को पालकर उसे घरेलू और पालतू बनाया, और वह इंसान के सबसे वफादार प्राणी बन गए। लेकिन यह बात इंसानों के पाले हुए कुत्तों तक तो सीमित थी, जब सडक़ों पर बिना किसी घरवाले कुत्ते बढ़ने लगे, तो जाहिर है कि न तो उनका टीकाकरण हो सका, और न ही बधियाकरण। नतीजा यह निकला कि कुत्तों में पैदाइश के हर मौसम में आबादी बढ़ जाती है, और म्युनिसिपल किसी भी तरह उन पर काबू नहीं पा सकता। ऐसा इसलिए है क्योंकि पर्याप्त संख्या में कुत्तों के आश्रय स्थल बनाना असंभव है और कुत्तों को विस्थापित करने से कुत्तों के बीच क्षेत्र को लेकर झगड़े और भुखमरी जैसी समस्याएं पैदा होती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

क्यों शर्मिंदा से रहे , सुनकर उनका ज्ञान।
क्या क्या छोड़ोगे अभी, जिससे थी पहचान।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# वरिष्ठजन हैं अनुभव की विरासत एवं भविष्य की शक्ति

21 अगस्त : विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर विशेष

अलग बात



**ललित गर्ग**

अगस्त का महीना अनेक अंतर्राष्ट्रीय दिवसों की वजह से विशेष महत्व रखता है। युवा दिवस, मित्रता दिवस, हिरोशिमा दिवस, अंगदान दिवस, स्तनपान दिवस, आदिवासी दिवस, मच्छर दिवस, फोटोग्राफी दिवस, मानवीय दिवस आदि की तरह एक महत्वपूर्ण दिवस है-विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस, जो हर वर्ष वृद्धों को समर्पित किया जाता है। यह दिन वरिष्ठ नागरिकों के स्वस्थ, सम्मानजनक और खुशहाल जीवन के लिए दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी आवश्यकता इसलिए पड़ी क्योंकि आधुनिक समाज में वृद्धपीढ़ी उपेक्षा, अवमानना और अकेलेपन का शिकार होती जा रही है। जिस पीढ़ी ने अपने खून-पसीने से परिवार और समाज की नींव रखी, वही पीढ़ी आज भावनात्मक रिक्तता और उदासी में जीने को विवश है। चेहरे पर झुर्रियां, आंखों में धुंधलापन, तन की थकान और मन की उदासी हमारी आधुनिक सोच और स्वार्थपूर्ण जीवनशैली की त्रासदी को बयां करते हैं। भारत जैसे देश में, जहां माता-पिता और बुजुर्गों को भगवान समान माना गया, जहां श्रीराम ने पिता की आज्ञा से राजपाट त्याग दिया और श्रवणकुमार ने अपने अंधे माता-पिता को कांवड़ में बैठाकर तीर्थयात्रा कराई, वहां आज संतान और बुजुर्ग माता-पिता के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही हैं? क्यों वरिष्ठजन स्वयं को निरर्थक और अनुपयोगी समझने को विवश हैं? यह प्रश्न केवल परिवार के विघटन का नहीं है, यह नई पीढ़ी के संस्कार और समाज की आत्मा से भी जुड़ा है, यह नये समाज एवं नये राष्ट्र की आदर्श संरचना से भी जुड़ा है। वरिष्ठजन परिवार और समाज के लिए ताकत और सम्बल हुआ करते थे, वे जीवन को संवारने का सबसे बड़ा माध्यम थे। उनकी सूझ-बूझ, अनुभव और ज्ञान की संपदा समाज के लिए अमूल्य थी। फिर भी क्यों हम उनकी उपेक्षा कर रहे हैं? क्यों उनके अनुभवों का उपयोग करने से कतराते हैं? इस विडंबना को समझने के लिए हमें यह मानना होगा कि उपेक्षा का यह गलत प्रवाह केवल बुजुर्गों को ही नहीं, बल्कि पीढ़ियों के बीच भावनात्मक दूरी और संवेदना की कमी को भी बढ़ा रहा है। यदि यह प्रवृत्ति इसी तरह बढ़ती रही तो परिवार और समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी से विमुख हो जाएंगे। नई और पुरानी पीढ़ी के बीच संवाद और संवेदनशीलता का सेतु टूट जाएगा और यह स्थिति किसी भी दृष्टि से हितकर नहीं है। जरूरत इस बात की है कि वरिष्ठजनों को उनके अंतिम पड़ाव में मानसिक शांति और सम्मान का माहौल मिले, वृद्धजन को भार नहीं, आभार माने, वृद्धों को बंधन के रूप में नहीं, आत्मगौरव के रूप में स्वीकारें, वृद्धों की शाम उदासी नहीं, उमंग का माध्यम बने। वरिष्ठ नागरिक दिवस इसी चेतना को जगाने का अवसर है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि हमें बुजुर्गों के ज्ञान, अनुभव और निरंतर योगदान की सराहना करनी चाहिए।

2025 में यह विशेष दिवस 21 अगस्त को मनाया जाएगा। इसका उद्देश्य परिवारों, मित्रों और संगठनों को प्रेरित करना है कि वे बुजुर्गों का सम्मान करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी जड़ें अमेरिका से जुड़ी हैं, जहां राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने 1988 में इस दिवस की शुरुआत की। तब से यह दिवस सीमाओं से परे फैल गया है और संयुक्त राष्ट्र सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संगठन वृद्धावस्था की गरिमा और अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। इस दिवस की इस वर्ष की थीम है-"समावेशी भविष्य के लिए वृद्धजनों की आवाज को सशक्त बनाना"। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि वरिष्ठजनों की बात ध्यान से सुनी जाए और परिवार, समुदाय और नीतिगत निर्णयों में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह विषय एक कार्रवाई का आह्वान है कि उम्र कभी भी भागीदारी और नेतृत्व में बाधा नहीं बननी चाहिए। वरिष्ठों को नेतृत्व के अवसर देना, उनकी कहानियां सुनना, उनकी सलाह लेना, उन्हें रचनात्मक दायित्व सौंपना, यही सच्चे सम्मान का मार्ग है। अध्ययनों से यह तथ्य सामने आया है कि जीवन संबंधी जटिल समस्याओं को हल करने में बुजुर्गों की सोच, धैर्य और दृष्टिकोण युवा पीढ़ी की तुलना में अधिक परिपक्व साबित होता है। यदि उन्हें कोई लक्ष्य दिया जाए तो वे अपनी धीमी गति की भरपाई अपने पैने नजरिए और बेहतर योजनाओं से कर लेते हैं।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## मोती डूंगरी मंदिर

# दाहिनी सूंड वाले गणेश जी का धाम

**एजेंसी। जयपुर**

भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के साथ गणेश उत्सव की शुरुआत हो जाएगी। देश में विघ्नविनाशक के कई ऐसे मंदिर हैं, जो उनसे जुड़े चमत्कार को बताते हैं। राजस्थान की 'गुलाबी नगरी' जयपुर में भी ऐसा ही एक अनोखा मंदिर है, जहां मोती की बूंद जैसी दिखने वाली पहाड़ी पर दाहिने सूंड वाले गणपति विराजमान हैं। जयपुर अपनी समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए विश्व प्रसिद्ध है। इस शहर का मोती डूंगरी गणेश मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि पर्यटकों के लिए भी आकर्षण के प्रमुख केंद्रों में से एक है। मोती की बूंद जैसी दिखने वाली पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर भगवान गणेश की दाहिनी सूंड वाली प्राचीन मूर्ति के लिए प्रसिद्ध है। मान्यता है कि इस मंदिर में भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है और बाधाओं का भी नाश होता है। गणेश उत्सव के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटती है। राजस्थान पर्यटन विभाग के अनुसार, जयपुर में मोती डूंगरी गणेश मंदिर एक पवित्र और प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। यह मंदिर एक छोटी पहाड़ी पर स्थित है, जिसे मोती डूंगरी कहा जाता है, क्योंकि यह मोती की बूंद जैसी दिखती है। इस पहाड़ी के चारों ओर जयपुर शहर बसा हुआ है। 18वीं शताब्दी में सेठ जय राम पालीवाल ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था।भगवान गणेश को स्वर्ण मुकुट और नौलखा हार पहनाया जाता है, साथ ही पंचामृत अभिषेक होता है। मंदिर में भगवान का मेहंदी से पूजन होता है, जिसे भक्तों में प्रसाद के रूप में बांटा जाता है। मान्यता है कि जिन लोगों की शादी होने में बाधा आ रही हो, उनके लिए ये मेहंदी वरदान स्वरुप होती है।

मोती डूंगरी गणेश मंदिर जयपुर शहर के केंद्र से 6 किमी दूर एक छोटी पहाड़ी पर है। अगर आप हवाई जहाज से आ रहे हैं, तो जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा सबसे पास है। वहीं, ट्रेन से यात्रा करने वालों के लिए गांधी नगर रेलवे स्टेशन मंदिर के सबसे करीब है।


● मोती की बूंद जैसी दिखने वाली पहाड़ी पर विराजमान गणपति

### मेवाड़ से जयपुर तक मूर्ति की अद्भुत यात्रा कथा

मंदिर के बारे में एक रोचक कथा भी मिलती है। किंवदंती है कि मेवाड़ के राजा एक लंबी यात्रा के बाद बैलगाड़ी में गणेश जी की विशाल मूर्ति लेकर लौट रहे थे। उन्होंने तय किया कि जहां गाड़ी रुकेगी, वहीं मंदिर बनाया जाएगा। बैलगाड़ी मोती डूंगरी की तलहटी में रुकी और यहीं 1761 में यह भव्य मंदिर स्थापित हुआ। मूर्ति, करीब 500 साल पुरानी मानी जाती है, मूर्ति मावली से उदयपुर और फिर जयपुर लाई गई थी। मोती डूंगरी गणेश मंदिर की संरचना और डिजाइन नागर शैली में है, जो उत्तर भारत की पारंपरिक मंदिर वास्तुकला है। साथ ही, इसका डिजाइन स्कॉटिश महल से प्रेरित है, जो इसे अनूठा बनाता है। मंदिर में तीन प्रवेश द्वार हैं और सामने कुछ सीढ़ियां हैं, जो भक्तों को गणेश जी की मूर्ति तक ले जाती हैं। इसका निर्माण चूना पत्थर और संगमरमर से हुआ है। यहां गणेश भगवान की मूर्ति दाहिनी सूंड वाली है, जिसे बहुत शुभ माना जाता है। हर बुधवार को यहां मेला लगता है, और गणेश चतुर्थी जैसे पर्व पर भक्तों की भीड़ उमड़ती है।गणेश चतुर्थी, जो भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को शुरू होती है, मोती डूंगरी मंदिर में धूमधाम से मनाई जाती है। इस दौरान मंदिर को फूलों, रोशनी और झांकियों से सजाया जाता है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दीपावली और अन्य त्योहारों पर यहां विशेष आयोजन होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

# अहमदाबाद में छात्र की हत्या पर फूटा अभिभावकों का गुस्सा

**एजेंसी। अहमदाबाद**

अहमदाबाद के स्कूल में हमले के दौरान घायल छात्र की मौत पर लोगों का गुस्सा फूटा है। सिंधी समाज के लोगों और छात्र के परिजनों में भारी आक्रोश है। बुधवार को बड़ी संख्या में लोग स्कूल पहुंचे और जमकर विरोध प्रदर्शन किया। अभिभावकों ने विरोध में कथित तौर पर स्कूल में तोड़फोड़ की। अहमदाबाद के खोखरा इलाके में सेवेंथ डे एडवेंटिस्ट स्कूल में 19 अगस्त को घटना हुई। शुरुआत में दो बच्चों के बीच मामूली झगड़ा हुआ था। इसी दौरान, आठवीं के छात्र ने बहस के बाद दसवीं के छात्र को चाकू मार दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हुआ था। अस्पताल में इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। इससे, स्कूल में तनावपूर्ण माहौल पैदा हो गया, क्योंकि पीड़ित के रिश्तेदार और अन्य लोग परिसर में इकट्ठा हो गए। वे स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे। प्रदर्शनकारियों ने स्कूल पर लापरवाही का आरोप लगाया और 'न्याय' मिलने तक छात्र का शव लेने से इनकार कर दिया। अभिभावकों ने बुधवार को विरोध प्रदर्शन तेज करते हुए सड़क को जाम कर दिया। गुस्साई भीड़ स्कूल के बाहर आकर सड़क पर बैठ गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस भी स्कूल पहुंच गई। हालांकि, इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच काफी देर धक्कामुक्की हुई। गुस्साई भीड़ स्कूल में भी घुसी और स्कूल स्टाफ के साथ हाथापाई की गई। अभिभावकों ने मांग उठाई कि स्कूल प्रशासन और प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। उन्होंने छात्र की हत्या के बाद स्कूल की मान्यता रद्द करने और बुलडोजर कार्रवाई करके संपत्ति को भी जब्त करने की मांग की।


स्कूल के बाहर भारी हंगामा

## मुख्तार अंसारी पर आ गया इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला

**एजेंसी। इलाहाबाद**



माफिया से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे और पूर्व विधायक अब्बास अंसारी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अंसारी की याचिका स्वीकार करते हुए मऊ स्थित एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट द्वारा सुनाई गई दो साल की जेल की सजा को रद्द कर दिया है। इस आदेश के साथ ही अब उनका विधायक का दर्जा बहाल हो जाएगा और मऊ सदर विधानसभा सीट पर उपचुनाव नहीं होगा। मऊ की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 31 मई, 2025 को उन्हें 2022 के विधानसभा चुनावों के दौरान दिए गए भड़काऊ भाषणों से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराया था और दो साल की कैद और 3,000 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई थी। इसी सजा के आधार पर, 1 जून, 2025 को उनका विधायक पद समाप्त कर दिया गया था। जब मऊ के जिला न्यायाधीश ने 5 जुलाई को उनकी अपील खारिज कर दी, तो अब्बास ने इस आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद, उच्च न्यायालय ने 30 जुलाई को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने इस मामले में अब्बास अंसारी का प्रतिनिधित्व किया, जबकि महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा और अतिरिक्त महाधिवक्ता एमसी चतुर्वेदी ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दलीलें दीं और किसी भी राहत का कड़ा विरोध किया।

### यूपी में बदला शहर का नाम, केंद्र ने लगाई मुहर

## जलालाबाद नहीं, अब परशुरामपुरी कहिए

**उत्तर प्रदेश।** के शाहजहाँपुर ज़िले के जलालाबाद का नाम बदलने को लेकर गृह मंत्रालय ने मंज़ूरी दे दी है। जानकारी के अनुसार, जलालाबाद का नाम अब बदलकर परशुरामपुरी कर दिया गया है। गृह मंत्रालय ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस आशय की जानकारी दी है। मंत्रालय की ओर से उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव को मिले पत्र में कहा गया है कि भारत सरकार को शहर जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने पर कोई आपत्ति नहीं है।शाहजहाँपुर जिले के जलालाबाद का नाम बदलकर परशुरामपुरी करने की गृह मंत्रालय की मंज़ूरी के बाद, केंद्रीय मंत्री और पीलीभीत के सांसद जितिन प्रसाद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट के ज़रिए आभार व्यक्त किया। प्रसाद ने नाम परिवर्तन की अनुमति देने के लिए गृह मंत्री अमित शाह का धन्यवाद किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की हार्दिक सराहना की। सनातनी समाज के लिए इसे गौरव का क्षण बताते हुए, प्रसाद ने कहा कि इस निर्णय से भगवान परशुराम के भक्तों को सम्मान और आनंद की अनुभूति हुई है।

## आज का राशिफल

**मेष :** इस राशि वालों के लिए आज का दिन खुशहाल बना रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में जिससे आप अच्छा लाभ कमाएंगे नवविवाहित दंपत्ति को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिलेगा, जिससे आपको ख़ुशी होगी। आज आप खुद को फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक्स के बिजनेस में आपको अच्छा धन लाभ होगा, आप कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकते हैं। इस राशि के शिक्षको का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर हो जायेगा। जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरूरत है।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको मनपसंद चीज प्राप्त होगी, जिससे आपको ख़ुशी होगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। आज आप परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है। दांपत्य जीवन में चल रही अनबन आज ख़त्म हो जाएंगी, जीवनसाथी खुश होने की वजह देंगे।

**सिंह :** आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी। आज कार्यक्षेत्र में बाहरी सलाह से अच्छा है, आप घरवालों की बात को समझे।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फर्नीचर का सामान खरीद सकते हैं, जिससे घर की रौनक बढ़ जाएगी। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें भाई का पूरा सहयोग मिलेगा। आज बच्चे आपसे मन की बात शेयर करेंगे, आप उनकी बातों को ध्यान से सुने और प्यार से समझाएं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को ऑनलाइन वेबसाइट पर लांच करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको कोई नया टारगेट दे सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। आज आप अधिकतर कार्यों को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। आज आप किसी संस्था के साथ जुड़कर जरूरतमंदों की मदद करेंगे, जिससे उनके जीवन में बदलाव आएगा। आज घर में बड़े बुजुर्गों की सेहत का ध्यान देने की अवश्यकता है।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज आपको बिजनेस डील में बड़ा धन लाभ होगा। आज ऑफिस में आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी, जिनसे मिलकर आपको ख़ुशी होगी। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य समस्या आज आपको मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्य आज समय से पूरा कर लेंगे। आज घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से ख़ुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट के कारोबारियों को अच्छा लाभ होगा, जिससे आपके मन को संतुष्टि मिलेगी।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। आज कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह लेना आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। आज किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहेगा। आज आप अपने सभी जरूरी कार्यों को समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आप अन्य कार्यों के लिए भी समय निकाल सकें। आज आप क्रेडिट कार्ड के फिजूल खर्चों से बचेंगे तो आप आर्थिक उलझन से बच जायेंगे। इस राशि के वकील आज किसी क्लाइंट के केस को जीतने में सफल रहेंगे।

# क्या चुनाव आयोग पर हमला उलटा पड़ा जनता को क्या जवाब देगी कांग्रेस ?

### सीएसडीएस ने गलती की थी या सुनियोजित रणनीति थी?

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकतंत्र में चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाएं केवल चुनाव नहीं करातीं, बल्कि वह राजनीतिक दलों और मतदाताओं के बीच विश्वास का सेतु भी होती हैं। जब इन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर हमला होता है तो उसका असर पूरे लोकतांत्रिक ढांचे पर पड़ता है। कांग्रेस ने सीएसडीएस द्वारा जारी किए गए गलत आंकड़ों के आधार पर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। यह घटना केवल एक "डेटा एरर" नहीं थी, बल्कि इसके राजनीतिक और संस्थागत निहितार्थ गंभीर हैं। भारत का चुनाव आयोग दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया का प्रहरी है। यदि उस पर बार-बार हमले होते हैं तो मतदाताओं के मन में यह संदेश जाता है कि चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष नहीं हैं। यह लोकतंत्र में विश्वास को कमजोर करने वाला कारक है। जहां तक पूरे घटनाक्रम की बात है तो आपको बता दें कि 18 अगस्त को कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने एक्स पर एक ग्राफिक पोस्ट करते हुए भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे। उनके अनुसार 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के बीच महज़ छह महीने की अवधि में कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में असामान्य गिरावट और वृद्धि दर्ज की गई थी। उन्होंने दावा किया था कि रामटेक और देवळाली में लगभग 40% मतदाता हटा दिए गए थे जबकि नासिक वेस्ट और हिंगना में मतदाताओं की संख्या में 45% की वृद्धि हुई थी। व्यंग्य करते हुए उन्होंने लिखा था– "अब अगली बार वे कहेंगे कि 2+2 = 420। बहरहाल, पवन खेड़ा और संजय कुमार के बयानों से शुरू हुआ यह विवाद केवल आंकड़ों की ग़लत व्याख्या तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने शोध संस्थानों की विश्वसनीयता, चुनाव आयोग की साख और राजनीतिक दलों की रणनीति– तीनों को केंद्र में ला खड़ा किया है।

#### नासिक वेस्ट में मतदाता वृद्धि पर सवाल

यह आंकड़े लोकनीति-सीएसडीएस के प्रोफेसर संजय कुमार द्वारा दिए गए थे। लेकिन मात्र 48 घंटों में यह पूरा दावा धराशायी हो गया और संजय कुमार को सार्वजनिक माफी माँगनी पड़ी। हम आपको बता दें कि 17 अगस्त को संजय कुमार ने नासिक वेस्ट और हिंगना के उदाहरण देते हुए कहा था कि वहाँ विधानसभा मतदाता संख्या लोकसभा के मुकाबले अप्रत्याशित रूप से बढ़ गई है। नासिक वेस्ट में उन्होंने वृद्धि को 47% बताया था। हिंगना में उन्होंने वृद्धि को 43% बताया था। इन संख्याओं को कांग्रेस नेताओं और समर्थकों ने चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने के लिए तुरंत इस्तेमाल किया।





#### डेटा टीम की गलती से फैली भ्रामक जानकारी

लेकिन 19 अगस्त को संजय कुमार ने अपनी पोस्ट डिलीट कर माफी मांगी। उन्होंने स्वीकार किया कि उनकी "डेटा टीम ने गलत पंक्तियाँ पढ़ ली" और इसी कारण संख्याएँ बढ़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत हो गईं। उन्होंने कहा कि उनका मकसद ग़लत सूचना फैलाना नहीं था। हम आपको बता दें कि आधिकारिक आँकड़ों के मुताबिक वास्तविकता में मतदाताओं की वृद्धि 3 से 6% के बीच थी जबकि उसमें 45% वृद्धि की बात फैलाई जा रही थी।

#### चुनाव संबंधी आंकड़ों की संवेदनशीलता को समझना जरूरी है

इसके अलावा, चूंकि सीएसडीएस को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीएसडीएस) से फंडिंग मिलती है, इसलिए सीएसएसआर ने भी इस घटना पर संज्ञान लिया। सीएसएसआर ने कहा कि यह अनुदान नियमों का उल्लंघन है और चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था की विश्वसनीयता को कमजोर करने की कोशिश है। सीएसएसआर ने सीएसडीएस को शो-कॉज़ नोटिस जारी करने की घोषणा की है। देखा जाये तो यह पूरा प्रकरण हमें कई अहम सबक देता है। एक सबक यह है कि चुनाव से जुड़े आँकड़े अत्यंत संवेदनशील होते हैं। एक गंभीर विश्लेषक को इन्हें प्रकाशित करने से पहले कई बार जांचना चाहिए। दूसरा- जैसे ही संजय कुमार ने पोस्ट किया, वैसे ही कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग पर हमला कर दिया इससे संदेह होता है कि क्या कांग्रेस को पहले से पता था कि संजय कुमार क्या पोस्ट करने जा रहे हैं। इसके अलावा, शोध संस्थानों की छोटी-सी गलती भी उन्हें राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बना सकती है।

#### सर्वे में हिंदू समाज को बांटने का आरोप

इस विवाद ने भाजपा को कांग्रेस और सीएसडीएस दोनों पर हमला करने का मौका दिया। बीजेपी आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि सीएसडीएस वर्षों से केवल शोध संस्था के रूप में नहीं, बल्कि नैरेटिव सेटिंग का औजार बनकर काम कर रहा है। उन्होंने विदेशी फंडिंग (फोर्ड फाउंडेशन, डीएफआईडी यूके, नोराड, हेवलेट फाउंडेशन आदि) पर सवाल उठाए और आरोप लगाया कि इसका मकसद भारत की सामाजिक एकता को कमजोर करना है। उन्होंने यह भी कहा कि सीएसडीएस अपने सर्वेक्षणों में हिंदू समाज को जातिगत रूप से विभाजित दिखाता है, जबकि मुस्लिम समाज को एकरूप दिखाया जाता है। अमित मालवीय के अनुसार, यह "रोज़ मिसरीड" जैसी मासूम गलती नहीं बल्कि एक सुनियोजित प्रयास था जो उलटा पड़ गया।

## देश को पुलिस राज बनाना चाहती है भाजपा : ओवैसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार गंभीर आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने के लिए संविधान संशोधन विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इसी बीच, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को इस कदम को असंवैधानिक करार दिया और भाजपा सरकार पर देश को पुलिस राज में बदलने का आरोप लगाया। एएनआई से बात करते हुए, ओवैसी ने कहा कि उनकी पार्टी इस कानून का विरोध करेगी। ओवैसी ने कहा कि लोगों को निर्वाचित सरकारों को जवाबदेह ठहराने का अधिकार है; यह विधेयक इसके खिलाफ है। कार्यकारी एजेंसियों को खुद जज, जूरी और जल्लाद बनने की खुली छूट मिल जाएगी। मुख्यमंत्री को विधानसभा में हटाया जाता है।

## आप जितना अधिक अराजकता फैलाएंगे, जनता आपको उतना ही नकारेगी : किरेन रिजिजू



**बिहार।** में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्षी सांसदों के विरोध प्रदर्शन के बाद बुधवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही लंबे समय तक स्थगित रही। विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाए जाने को लेकर भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) आलोचनाओं का सामना कर रहा है। विपक्षी सांसदों ने 2024 के लोकसभा चुनाव और बिहार एसआईआर में वोट चोरी का आरोप लगाया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में लगातार हो रहे हंगामे को लेकर विपक्ष की आलोचना की। लोकसभा में बोलते हुए, रिजिजू ने कहा कि मानसून सत्र शुरू होने के बाद से, ये लोग (विपक्ष) लगातार नारे लगा रहे हैं।

## कुत्तों का प्रेमी था सीएम रेखा गुप्ता पर हमला करने वाला व्यक्ति

### सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश से था परेशान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



बुधवार को एक जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने वाले व्यक्ति की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी 41 वर्षीय राजेश खिमजी के रूप में हुई है। उनके परिवार का दावा है कि वह कुत्तों से बहुत प्यार करते हैं और सुप्रीम कोर्ट के उस हालिया आदेश से परेशान थे जिसमें दिल्ली-एनसीआर में आवारा कुत्तों को पकड़कर आश्रय स्थलों में भेजने का निर्देश दिया गया था। खिमजी की मां भानु ने संवाददाताओं को बताया कि फैसले पर उनके गुस्से ने ही उसे दिल्ली आने और मुख्यमंत्री से भिड़ने के लिए प्रेरित किया होगा। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे को कुत्ते बहुत पसंद हैं। सुप्रीम कोर्ट के आवारा कुत्तों के ख़िलाफ़ दिए गए आदेश के बाद वो नाराज़ हो गया था। और उसके तुरंत बाद दिल्ली चला गया। हमें और कुछ नहीं पता। राजेश खिमजी के पड़ोसी सुरेशभाई ने कहा कि मैं उन्हें पिछले 5-6 सालों से जानता हूं।

## मनी गेमिंग और उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया। नवाचार को बढ़ावा देने और नागरिकों की सुरक्षा के उद्देश्य से, इस विधेयक का उद्देश्य ई-स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, साथ ही वित्तीय, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक जोखिम पैदा करने वाले ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाना है। यह विधेयक तकनीक के ज़िम्मेदाराना उपयोग, मज़बूत उपभोक्ता सुरक्षा उपायों और राष्ट्रीय सुरक्षा के संरक्षण पर भी ज़ोर देता है।

विधेयक पेश करते हुए, सरकार ने कहा कि पिछले एक दशक में, डिजिटल तकनीकों ने दैनिक जीवन को बदल दिया है। डिजिटल इंडिया, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, यूपीआई भुगतान प्रणाली, 5जी कनेक्टिविटी और बढ़ते सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र जैसी पहलों ने देश को एक नई वैश्विक पहचान दी है। समाज को प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग के संभावित नुकसान से बचाया जाए। इसी सोच के साथ, सरकार ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया है। इस विधेयक में ऑनलाइन 'मनी गेमिंग' या उसके विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने के प्रावधान हैं और यह इन्हें पेश करने या विज्ञापन देने वालों के लिए कारावास या जुर्माना, या दोनों का प्रावधान करता है। इस विधेयक में ई-स्पोर्ट्स, शैक्षणिक खेल और सामाजिक खेल सहित ऑनलाइन खेल क्षेत्र को बढ़ावा देने, उसे विनियमित करने और इसके सामरिक विकास तथा विनियमन के लिए एक प्राधिकरण की स्थापना का भी प्रावधान है। विधेयक में किसी कम्प्यूटर, मोबाइल उपकरण या इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन 'मनी गेम' के प्रस्ताव, संचालन, सरलीकरण, विज्ञापन, प्रचार और भागीदारी को निषिद्ध किया गया है, विशेषकर जहां ऐसे क्रियाकलाप राज्य की सीमाओं के पार या विदेश से संचालित होते हैं। विधेयक में कहा गया है कि इसका उद्देश्य ऐसे खेलों के प्रतिकूल सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और गोपनीयता संबंधी प्रभावों से लोगों, विशेष रूप से युवाओं और कमजोर वर्गों की रक्षा करना, डिजिटल प्रौद्योगिकियों का जिम्मेदारी से उपयोग सुनिश्चित करना, लोक व्यवस्था बनाए रखना, लोक स्वास्थ्य की रक्षा करना, वित्तीय प्रणालियों की और राज्य की सुरक्षा एवं संप्रभुता की रक्षा करना तथा लोकहित में राष्ट्रीय स्तर का समान कानूनी ढांचा स्थापित करना है।



## डिजिटल इंडिया | बीएसएनएल की तकनीकी दिग्गजों के साथ साझेदारी परिवर्तनकारी पहल

# भारत टेलीकॉम इनोवेशन का ग्लोबल हब बनेगा

● **बीएसएनएल व एरिक्सन, क्वालकॉम, सिस्को, नोकिया के बीच सहयोग**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि एरिक्सन, क्वालकॉम, सिस्को सिस्टम्स और नोकिया जैसे चार बड़े ग्लोबल टेक्नोलॉजी दिग्गजों के साथ बीएसएनएल की रणनीतिक साझेदारी एक परिवर्तनकारी पहल है, जो न केवल भारत की टेलीकॉम क्षमताओं को अपग्रेड करेगी, बल्कि भारत की युवा प्रतिभाओं को फ्यूचर-रेडी स्किल से भी लैस करेगी। भारत के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने और कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करने के उद्देश्य से, ये साझेदारियाँ बीएसएनएल के शीर्ष प्रशिक्षण संस्थान, जबलपुर स्थित भारत रत्न भीम राव अंबेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान (बीआरबीआरएआईटीटी) में 5जी, एआई/एमएल, नेटवर्किंग और डिजिटल तकनीकों में उन्नत प्रशिक्षण पहल शुरू करेंगी।केंद्रीय मंत्री ने एक मीडिया लेख में कहा है कि लोकल से ग्लोबल तक भारत केवल भारत में ही नहीं, बल्कि दुनिया के लिए भी निर्माण करेगा और जबलपुर इस परिवर्तन के केंद्र में होगा।उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी मौजूदा पहलों के साथ मिलकर, यह सहयोग भारत को टेलीकॉम इनोवेशन और विशेषज्ञता के लिए एक ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करता है।उन्होंने आगे कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत को भी एक बढ़ावा देता है क्योंकि बीएसएनएल ने 18 वर्षों के बाद लगातार तिमाही शुद्ध लाभ अर्जित करते हुए शानदार वापसी की है। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला है कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाएं, विशेष रूप से मध्य प्रदेश, रोजगार के बढ़ते अवसरों से लाभान्वित होंगी, जबकि समग्र रूप से भारत को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए सक्षम कार्यबल प्राप्त होगा।



#### 5जी और एआई में इंटर्नशिप व प्रशिक्षण

पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्री द्वारा घोषित साझेदारी के तहत, एरिक्सन बीआरबीआरएआईटीटी में एक 5जी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करेगा, जो विश्व स्तरीय ऑनलाइन मॉड्यूल द्वारा समर्थित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा, जिससे छात्रों को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से परिचित होने में मदद मिलेगी और साथ ही उन्हें बीएसएनएल के मजबूत टेलीकॉम इंफ्रा का लाभ भी मिलेगा। क्वालकॉम एडवांस्ड 5जी और एआई पाठ्यक्रमों में विशेषज्ञता हासिल करेगा, पहले 100 छात्रों के लिए इंटर्नशिप और प्रशिक्षण प्रायोजित करेगा।



# शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए भेजा गया!

## पेरिस ओलिंपिक में जीते थे डबल ब्रॉन्ज मेडल

**एजेंसी । नई दिल्ली**

स्टार शूटर मनु भाकर का नाम पद्मश्री के लिए रिकमेंड किया गया है। 23 साल की इस निशानेबाज ने 4 दिन पहले देश के चौथा सबसे बड़े अवॉर्ड के लिए आवेदन किया। पिछले साल यह अवॉर्ड दिग्गज स्पिनर आर अश्चिन और पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को मिला था। मनु को इसी साल 17 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने खेल रत्न से नवाजा था। मनु भाकर ने पिछले साल अगस्त-सितंबर में पेरिस ओलिंपिक गेम्स में डबल ओलिंपिक मेडल जीते थे। वे 10 मीटर एयर पिस्टल इंडीविजुअल और मिक्स्ड डबल्स में तीसरे स्थान पर रहीं। उनके दो मेडल के दम पर भारत ने पेरिस ओलिंपिक में कुल 6 मेडल जीते थे।


फाइल फोटो

**पिछले साल पद्मश्री नहीं मिला, खेल रत्न से संतोष करना पड़ा :** मनु ने पिछले साल भी पद्मश्री के लिए आवेदन किया था, लेकिन उन्हें यह अवॉर्ड नहीं मिला था। बताया जा रहा है कि तब खेल मंत्रालय ने पीआर श्रीजेश और पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन का नाम इस अवॉर्ड के लिए रिकमेंड कर दिया था।विवाद होने पर मनू भाकर को खेल रत्न अवॉर्ड दिया गया है।

**मनु ने एशियन चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज दिलाया :** मनु भाकर ने कजाकिस्तान में चल रही एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीता है। मनु भाकर ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में 219.7 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया है। फाइनल में चीन की मा चियान्के ने 243.2 अंक हासिल किए और गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं दक्षिण कोरिया की यांग जीइन ने 241.6 अंक लेकर सिल्वर मेडल जीता है।



- एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को हुई
- इंग्लैंड दौरे पर गिल ने अपने शानदार प्रदर्शन से चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा
- सैमसन ने टी20 फॉर्मेट में बतौर ओपनर अच्छी सफलता पाई है

एशिया कप

# गिल की एंट्री से बढ़ी इस खिलाड़ी की चुनौती, प्लेइंग-11 में जगह बनाना हुआ मुश्किल

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को कर दी गई। इस टीम में शुभमन गिल की एंट्री हुई है। गिल को उपकप्तान बनाया गया है। इंग्लैंड दौर से पूर्व एशिया कप के लिए गिल की जगह पक्की नहीं थी, लेकिन बतौर कप्तान और बल्लेबाज इंग्लैंड में उनके असाधारण प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को उनके चयन के लिए मजबूर कर दिया। शुभमन गिल को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में जगह देने और उन्हें उपकप्तान बनाए जाने के बाद सबसे ज्यादा मुश्किल संजू सैमसन के लिए बढ़ गई है। सैमसन ने पिछले कुछ समय में टी20 फॉर्मेट में बतौर ओपनर बड़ी कामयाबी हासिल की है। विकेटकीपर होना प्लेइंग इलेवन में उनकी जगह मजबूत करता है। शुभमन गिल के आने से सैमसन की मुश्किल बढ़ी है।

दरअसल, गिल को भी बतौर ओपनर टीम में शामिल किया गया है। वह उप कप्तान भी हैं। ऐसे में उनका खेलना लगभग निश्चित है। वह सीमित ओवरों में ओपनिंग करते हैं। अगर गिल प्लेइंग इलेवन में शामिल होते हैं और पारी की शुरुआत करते हैं, तो फिर सैमसन की मुश्किल बढ़ेगी। सैमसन मध्यक्रम में उतने सफल नहीं हैं। टीम में जितेश शर्मा के रूप में दूसरा विकेटकीपर बल्लेबाज मौजूद है।



एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप

# सौरभ-सुरुचि की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में जीता ब्रॉन्ज मेडल

**दिल्ली ।** कजाकिस्तान के श्यामकेंट शहर में चल रहे एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में भारत के सौरभ चौधरी और सुरुचि इंदर सिंह की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस जोड़ी ने चीनी ताइपे की टीम को 17-9 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले मंगलवार को भारत की स्टार निशानेबाज और दो बार की ओलिंपिक मेडलिस्ट मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहे सौरभ और सुरुचि ने क्वालिफिकेशन राउंड में कुल 578 अंक हासिल किए और पांचवें स्थान पर रहकर मेडल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। सुरुचि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली सीरीज में परफेक्ट 100 अंक स्कोर किए।

# हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 ट्रॉफी टूर झारखंड पहुंचा




**रांची ।** हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 ट्रॉफी टूर आज बिहार से झारखंड पहुंचा और रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में इसका अनावरण झारखंड के माननीय पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल एवं युवा मामले मंत्री सुदिव्य कुमार, रांची विधायक चंद्रेश्वर प्रसाद सिंह ने किया। इस अवसर पर खेल एवं युवा मामले निदेशालय, झारखंड के निदेशक शेखर जमुआर, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद (जेईपीसी) के राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन भी उपस्थित थे। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह भी खिलाड़ियों और प्रशंसकों के साथ इस विशेष क्षण को मनाने के लिए उपस्थित थे।


झारखंड राज्य स्तरीय नेहरू हॉकी प्रतियोगिता में बरियातू को पराजित कर सिमडेगा बालिका टीम विजेता बनी।जिसके लिए पूरी टीम को और कोच तारिणी कुमारी को बहुत बहुत बधाई।

आईसीसी वनडे रैंकिंग

# केशव महाराज बने नंबर वन गेंदबाज

**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज बुधवार को आईसीसी द्वारा जारी वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं। महाराज ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 विकेट लेकर सीरीज के पहले वनडे में दक्षिण अफ्रीका की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

# झारखंड वालीबाल संघ के कोषाध्यक्ष विकास वर्मा को मातृशोक

**रांची ।** मंगलवार की रात्रि 11:30 बजे झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष विकास वर्मा की माता का देहांत हो गया। कई दिनों से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रही थीं और रांची के सेवा सदन अस्पताल में इलाजरत थीं। बुधवार को उनका अंतिम संस्कार हरमु मुक्तिधाम में किया गया। उनके आकस्मिक निधन पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के संरक्षक शेखर बोस, चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आर०के० आनंद, कार्यकारी अध्यक्ष, सुनील सहाय, सचिव उत्तम राज, एग्जीक्यूटिव उपाध्यक्ष, एस एम हाशमी, किरण थाम्पकिंसन, विश्वनाथ सिंह, कार्यकारी सचिव संजय कुमार, आयोजन सचिव, संजय ठाकुर, प्रमोद कुमार, भोला प्रताप सिंह, कमलेश होता, सेतांक सेन, उपेन्द्र सिंह, दुर्गा जौहरी, डॉ० सी० के० ठाकुर, अमरजीत सिंह खरे, देवाशीष झा, हिसाबी राय,विश्वजीत नन्दी,कल्याण श्रीवास्तव, राजीव रंजन मिश्रा,आशीष झा, नवीन कुमार शर्मा, सूरज प्रकाश लाल, मुनव्वर आलम, राकेश सिंह, भैया अभिमन्यु प्रसाद, मो0अनवर, गोपाल राम, जी0मिश्रा, राकेश पाण्डेय, संजय गुप्ता, दीपक कुमार, गणेश चौबे, मनोज कुमार, मो0 जाहिद, पीटर मुंडू, ओम प्रकाश तिवारी, रामकुमार प्रसाद, प्रवीण कुमार मिश्रा,सुनील कुमार,भास्कर राव, राजीव मिश्रा,आनन्द तिवारी, नलिन तिवारी,सहित झारखंड वॉलीबॉल संघ के सभी अन्य सदस्यों ने भी शोक व्यक्त किया।

# इमा कराटे ग्रेडिंग में 88 खिलाड़ी सफल

## कृतिका कुमारी को ब्लैक बेल्ट



**नवीन मेल संवाददाता । रांची**

सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में पिछले दिनों बिशप स्कूल बहु बाजार में दो चरणों में संपन्न हुए कराटे ग्रेडिंग में पहले चरण में सफल 88 कराटे खिलाड़ी घोषित कि गई जिसमें येलो बेल्ट के 17 ऑरेंज बेल्ट के 8 ग्रीन बेल्ट के 17 ब्लू बेल्ट के 11 पर्पल बेल्ट के 12 ब्राउन बेल्ट के 22 और ब्लैक बेल्ट की एक खिलाड़ी शामिल है। इस कराटे ग्रेडिंग में चार खिलाड़ी ए ग्रेड से सफल हुए हैं जिनमें प्रेस क्लब से ध्रुव गुप्ता बरियातू क्लब से चेरिल जीवी हेंब्रोम टाटिसिल्वे क्लब से दीपाली सिंह कांके ज्वाहर नगर से प्रिश सिंह एमटीसी क्लब से ऋषिका कुमारी शामिल है।

साथ ही इमा कराटे स्टूडियो की कृतिका कुमारी ने ब्लैक बेल्ट में सफलता हासिल की है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने सभी सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। तभी उसे पाया जा सकता है। सभी कराटे खिलाड़ियों का सपना होता है ब्लैक बेल्ट पाने का अपनी मेहनत और लगन से 3 साल के प्रशिक्षण में इसे प्राप्त कर पाते हैं। इस अवसर पर इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के अध्यक्ष सेंसाई अनिल किस्पोट्टा राकेश तिर्की उमा शंकर महतो रवि कुमार सिंह स्वस्तिका तफरदार देवंती कुमारी आदि उपस्थित थे।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## टाटा मोटर्स ने छह साल बाद दक्षिण अफ्रीका के यात्री कार बाजार में फिर से कदम रखा




**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर टाटा मोटर्स ने बुधवार को घोषणा की कि उसने छह साल बाद दक्षिण अफ्रीका के यात्री वाहन बाजार में फिर से प्रवेश किया है। कंपनी ने तीन एसयूवी और एक एंट्री-लेवल की कॉम्पैक्ट हैचबैक लॉन्च की है। टाटा मोटर्स ने दक्षिण अफ्रीकी बाजार में पंच (कॉम्पैक्ट एसयूवी), कर्व (कूप इंस्पायर्ड एसयूवी), टियागो (हैचबैक) और हैरियर (प्रीमियम एसयूवी) जैसे मॉडल लॉन्च किए हैं। ये सभी मॉडल पारंपरिक ईंधन (पेट्रोल-डीजल) पर आधारित हैं और सितंबर से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल लिमिटेड और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा, "दक्षिण अफ्रीका में हमारी वापसी टाटा मोटर्स की वैश्विक यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## एनईबीपी के तहत भारतीय सड़कों पर चल रही हैं 14,329 इलेक्ट्रिक बसें : केंद्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक बस कार्यक्रम (एनईबीपी) के तहत भारत में अब 14,329 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर चल रही हैं, यह जानकारी बुधवार को सरकार द्वारा संसद को दी गई। सरकार ने "पीएम-ई-बस सेवा" और "पीएम ई-ड्राइव" जैसी कई योजनाएं शुरू की हैं, जो इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती हैं। इस महीने की शुरुआत में, केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रिक बसों, एम्बुलेंस और ट्रकों के लिए पीएम ई-ड्राइव योजना को दो साल के लिए बढ़ाकर मार्च 2028 कर दिया। केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, यह योजना अब मार्च 2026 के बजाय मार्च 2028 में समाप्त होगी। अधिसूचना के अनुसार, इस योजना के लिए निधि आवंटन को 10,900 करोड़ रुपए पर बरकरार रखा गया है और योजना के तहत कोई अतिरिक्त आवंटन नहीं किया जाएगा। इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों के लिए प्रोत्साहन मार्च 2026 तक समाप्त हो जाएंगे। जुलाई में, सरकार ने पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इलेक्ट्रिक ट्रकों (ई-ट्रकों) के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से एक बड़ी योजना शुरू की थी, जिसमें प्रति वाहन अधिकतम प्रोत्साहन 9.6 लाख रुपए निर्धारित किया गया था। यह पहली बार है जब सरकार इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए प्रत्यक्ष समर्थन प्रदान कर रही है, जिसका उद्देश्य देश में स्वच्छ, कुशल और टिकाऊ माल ढुलाई की ओर ट्रांजिशन को गति प्रदान करना है।

इस योजना से देश भर में लगभग 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद को समर्थन मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में बताया, "राज्य परिवहन निगम सहायता के लिए संबंधित विभागों को प्रस्ताव भेज सकते हैं। पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम को वित्तीय सहायता के रूप में कोई धनराशि आवंटित नहीं की गई है। वहीं, नीति आयोग ने कन्वर्जेंस एनर्जी सर्विसेज लिमिटेड (सीईएसएल) से 50,000 ई-बसों की मांग एकत्रीकरण के लिए कार्यक्रम प्रबंधक की भूमिका निभाने का अनुरोध किया है।

**5600** इलेक्ट्रिक ट्रकों की खरीद को समर्थन मिलने की उम्मीद है इस योजना से देश भर में

- केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा को लिखित उत्तर में यह जानकारी दी
- पिछले पांच वर्षों में तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम को कोई वित्तीय सहायता आवंटित नहीं की गई

## भारतीय शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद, आईटी शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई ।** 

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लगातार तीसरे दिन हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी हुई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 213.45 अंक या 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,857.84 और निफ्टी 69.90 अंक या 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 25,050.55 पर था। बाजार की तेजी का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.69 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। साथ ही, एफएमसीजी और रियल्टी इंडेक्स में एक प्रतिशत की तेजी देखी गई, जबकि मेटल, एनर्जी, इन्फा और कमोडिटी इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। दूसरी तरफ पीएसयू बैंक, फार्मा, मीडिया और प्राइवेट बैंक लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी खरीदारी देखी गई।

## भारत का रिन्यूएबल सेक्टर मजबूत स्वस्थ पूंजी और लिक्विडिटी सहारा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत का रिन्यूएबल सेक्टर मजबूत बना हुआ है क्योंकि स्वस्थ पूंजी संरचना और पर्याप्त लिक्विडिटी बफर सेक्टर की क्रेडिट प्रोफाइल को सपोर्ट कर करे हैं। यह जानकारी बुधवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार, पिछले पांच वित्त वर्षों में भारत में 60 प्रतिशत से अधिक विंड एसेट्स औसतन अपने पी90 स्तर से पीछे रहे, जिसका मुख्य कारण अपेक्षा से कम विंड स्पीड है, जो जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय मौसम पैटर्न का परिणाम है। क्रिसिल रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा, "हालांकि, इस कमजोर प्रदर्शन की भरपाई रिन्यूएबल एनर्जी मिक्स में सोलर पावर की हिस्सेदारी में वित्त वर्ष 2020 के लगभग 50 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 में 65 प्रतिशत से अधिक हो जाने से हुई है।

## एप्पल अपकमिंग आईफोन 17 सीरीज के सभी मॉडल भारत में करेगा तैयार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



एप्पल भारत में अपने मैन्युफैक्चरिंग प्रयासों को तेज करते हुए अपकमिंग आईफोन 17 सीरीज के सभी मॉडल को भारत में तैयार कर रहा है, जिनमें पहली बार हाई-एंड प्रो वर्जन भी शामिल हैं। यह पहली बार है जब कंपनी हर नए आईफोन वेरिएंट का उत्पादन भारत में करेगी, इस कदम को चीन पर निर्भरता कम करने और अमेरिकी टैरिफ जोखिमों से बचाव की कंपनी की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, एप्पल ने आईफोन 17 का उत्पादन अपनी पांच लोकल फैक्ट्रियों तक विस्तारित कर दिया है।

### बालिका आवासीय विद्यालय में आगजनी की घटना के बाद अधिकारियों ने किया निरीक्षण

# धीमी गति से हो रहे भवन निर्माण कार्य पर जताई नाराजगी : आशा कुसुम

## सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में संचालित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय के छात्रावास में सोमवार को लगी भीषण आग की घटना के बाद बुधवार को कई अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्राओं की सुरक्षा, भवन निर्माण की धीमी प्रगति और व्यवस्थागत खामियों पर गंभीर चर्चा हुई। जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने बरछिया स्थित जबरा रोड पर नवनिर्माणाधीन भवन का दौरा किया। उन्होंने बताया कि बीते मंगलवार को जिला बैठक में उन्होंने छात्रावास में लगी आग और तीन वर्षों से धीमी गति से चल रहे भवन निर्माण कार्य का मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा कि छात्राएं संख्या के अनुपात में जगह की कमी से परेशान हैं और आग की घटना के बाद दहशत में जी रही हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि आवासीय विद्यालय का भवन निर्माण शीघ्र पूरा कराया जाए और भुगतान की प्रक्रिया समय पर हो। उपायुक्त के निर्देश पर बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता, भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता अजीत कुमार दास और अग्निशमन विभाग के अधिकारी भूपाल कुमार दास ने भी निरीक्षण किया। बिजली विभाग के अभियंता ने कहा कि शॉर्ट सर्किट से बचाव हेतु वायरिंग के साथ एमसीबी, आरसीसीबी, आरसीसीडी जैसे सुरक्षा उपकरण लगाना आवश्यक है। भवन निर्माण विभाग के अभियंता ने छत पर रखे भारी सामान को जल्द हटाने की बात कही। अग्निशमन विभाग के अधिकारी ने कहा कि विद्यालय का मुख्य दरवाजा चौड़ा होना चाहिए ताकि फायर ब्रिगेड वाहन आसानी से पहुंच सके। साथ ही छात्रावास के हर कमरे में कम से कम दो अग्निशामक यंत्र होना अनिवार्य है। उन्होंने छोटे कमरों में 40–50 छात्राओं को रखने को अनुचित बताया। इधर, लातेहार बाल विकास समिति के प्रभारी आशा कुसुम तिग्गा, कुंदन गोपाल और विकास कुमार ने भी छात्रावास का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर बहुत जल्द आवासीय विद्यालय को बालूमाथ शिफ्ट किया जाएगा। वार्डन कांती कुजूर ने बताया कि आगजनी के बाद विभाग की ओर से छात्राओं को ड्रेस, थाली और अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई गई है। साथ ही बीआरसी कार्यालय से 10 छात्राओं को पुस्तकें भी उपलब्ध कराई गई हैं।

## क्षमता विकास वर्ग के तहत प्रभात फेरी का आयोजन

**लातेहार।** दक्षिण झारखंड संभाग में एकल अभियान द्वारा संचालित सात दिवसीय क्षमता विकास वर्ग का आयोजन श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में किया जा रहा है। 19 अगस्त को इस वर्ग का उद्घाटन डीवीसी के सीएसआर असिस्टेंट मैनेजर संजीव कुमार और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सह अभियान प्रमुख डॉ. ललन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दूसरे दिन सुबह अभियान से जुड़े प्रशिक्षकों और विद्यार्थियों ने नगर में प्रभात फेरी निकाली। इसमें अंचल समिति, अभियान प्रमुख, प्रशिक्षक व परीक्षार्थी शामिल हुए। इस दौरान अंचल अध्यक्ष अभिनंदन प्रसाद ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार और स्वाभिमान के क्षेत्र में जागरूकता लाना अभियान का मुख्य ध्येय है। समाज के बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही बेहतर शिक्षा और संस्कार देकर सामाजिक व सांस्कृतिक धरोहरों को बचाए रखना इस अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

# उपायुक्त समीरा एस ने 15 दिनों के भीतर कार्रवाई का दिया निर्देश

## जनता दरबार में गूंजे आम लोगों के सवाल

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं और शिकायतों को सीधे उपायुक्त के समक्ष रखा। डीसी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि सभी मामलों का निष्पक्ष निपटारा 15 दिनों के भीतर होना चाहिए। जनता दरबार में काजल कुमारी ने हरिहरगंज के ग्राम भगत तेंदुआ-1 में आंगनबाड़ी सेविका चयन में हुई गड़बड़ी की शिकायत की। उनका कहना था कि किरण कुमारी का चयन नियमों के विरुद्ध हुआ है, क्योंकि वह पोषण क्षेत्र की रहने वाली नहीं हैं। इसी तरह सीमा सुरक्षा बल के जवान दीपक कुमार तिवारी ने अपनी खरीदी गई जमीन का अब तक म्यूटेशन न होने की समस्या रखी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2021 में रजिस्ट्री कराने के बावजूद अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। पार्वती देवी, परिवार कल्याण कार्यकर्ता, ने अपना स्थानांतरण रेल मार्ग के समीप किसी स्वास्थ्य केंद्र में करने की मांग की। वहीं पांकी के नरेश प्रसाद ने सीआई द्वारा मांग पंजी-11 निर्गत नहीं करने की शिकायत दर्ज कराई।

### मोबाइल दुकान से लाखों की चोरी का खुलासा

# पुलिस ने 7 चोरों को किया गिरफ्तार 35 मोबाइल व वाहन बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** 25 जुलाई 2025 की रात्रि में ग्राम ऊंचरी बाजार समिति के सामने स्थित मोबाइल दुकान से हुई बड़ी चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। अज्ञात चोरों ने दुकान के पिछले हिस्से की दीवार तोड़कर करीब 40 हजार रुपये के 3 नए फोन, लगभग 3 लाख रुपये के 30 पुराने फोन, करीब 2.50 लाख रुपये के 30 रिफर्विस फोन तथा करीब 1.50 लाख रुपये नकद चोरी कर लिया था। इस तरह कुल लगभग 7.40 लाख रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित छापामारी टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले का उद्भेदन किया। पुलिस ने इस घटना में शामिल सात अभियुक्त — 1. इंदु अंसारी उर्फ सलमान खान, 2. पदुमलाल, 3. अनुज चंद्रवंशी, 4. उमेश कुमार, 5. सफीक अंसारी, 6. शमशाद अंसारी एवं 7. इसराक अंसारी — को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।अभियुक्तों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी गए 35 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त चार मोटरसाइकिल (एक स्पलेंडर प्लस, दो स्पलेंडर प्रो, एक सुपर स्पलेंडर), एक टेम्पू और एक बैटरी बरामद की है। इस संबंध में गढ़वा थाना कांड संख्या 339/25 के तहत कार्रवाई की गई है।

# डीआईजी नौशाद आलम ने बुनकरों से की सीधी बातचीत, आपका हुनर ही आपकी ताकत है

- **लोहर की नमाज़ अदा कर साझा किया अपनापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह/मेदिनीनगर।** बरवाडीह प्रखंड का पोखरीकला गांव बुधवार को खास बन गया। इस छोटे से गांव में जब डीआईजी नौशाद आलम पहुंचे तो न कोई औपचारिकता थी, न कोई दूरी। वे सीधे गांव की गलियों से होते हुए बुनकरों के घर पहुंचे और उनके चल रहे हथकरघे के पास बैठ गए।करीने से बुनाई होती चादर और करघे की टक-टक ध्वनि ने उन्हें बरबस आकर्षित किया। उन्होंने बुनकरों के हाथ थाम कर कहा कि आपका यह हुनर केवल कपड़ा नहीं, बल्कि हमारी परंपरा और पहचान है। यह कला जीवित रहे, इसके लिए मैं आप सबके साथ हूँ। डीआईजी ने वहां मौजूद बच्चों से भी बातचीत की और कहा कि शिक्षा के साथ-साथ अपने गांव की इस कला को भी सीखें। उन्होंने यह भी बताया कि यदि पोखरीकला को बुनकर गांव के रूप में विकसित किया जाए तो यह न सिर्फ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का अवसर बनेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए गौरव का कारण भी होगा। इस मौके पर समाजसेवी हाजी मुमताज अली ने अपने गांव के बुनकरों की कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया और बुनकरों द्वारा बुने शॉल से डीआईजी का सम्मान किया। शॉल ओढ़ते हुए डीआईजी ने भावुक होकर कहा- यह मेरे लिए सबसे अनमोल तोहफा है, क्योंकि इसमें आपके पसीने और मेहनत की खुशबू है। गांव में ही जब जौहर(दोपहर) की नमाज़ का वक़्त हुआ, तो डीआईजी नौशाद आलम ने ग्रामीणों के साथ सादगीपूर्ण माहौल में जामा मस्जिद में नमाज़ अदा की।

## न्यूज बॉक्स

### खाद-बीज दुकानों की जांच, उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बालूमाथ।** अंचलाधिकारी बालेश्वर राम ने बुधवार को प्रखंड क्षेत्र की खाद-बीज दुकानों की औचक जांच की। इस दौरान दुकानदारों से लाइसेंस, स्टॉक पंजी और मूल्य रजिस्टर की मांग की गई। सीओ ने कहा कि यदि दुकानदार बिना लाइसेंस कारोबार करते पाए गए तो उनकी दुकानें सील कर दी जाएंगी। उन्होंने किसानों को मिलावटी खाद-बीज से बचाने की बात कहते हुए दुकानदारों को सरकार द्वारा तय दाम जैसे – यूरिया 266 रुपये प्रति 45 किलो, डीएपी 1350 रुपये प्रति 50 किलो तथा पोटाश 1650 रुपये प्रति 50 किलो पर ही बिक्री करने का आदेश दिया।

### जिला परिषद बैठक में जनहित मुद्दों पर चर्चा

**बालूमाथ।** जिला परिषद की मासिक बैठक में उपाध्यक्ष अनीता देवी ने ग्रामीणों की समस्याओं और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बालूमाथ में महिला डॉक्टर की नियुक्ति, जाम की समस्या का स्थायी समाधान, बस स्टैंड पर शौचालय-प्याऊ निर्माण और खराब पड़े जलमीनार की मरम्मत की मांग रखी। अनीता देवी ने वन बंधोबस्ती पट्टे की समस्या, स्कूलों के अपग्रेडेशन व आदिवासी बहुल गांवों में बुनियादी सुविधाओं पर भी ध्यान आकर्षित किया। बैठक में कई छोटे-बड़े मुद्दे उठाने के साथ ही अधिकारियों से तुरंत समाधान करने का आग्रह किया गया।

### पंचायत उन्नति सूचकांक में टंडवा प्रखंड को तीसरा स्थान

**टंडवा (चतरा)।** पंचायती राज विभाग द्वारा आयोजित स्थानीय स्वशासन एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम में टंडवा प्रखंड को उन्नति सूचकांक मूल्यांकन में तीसरा स्थान मिला। इस उपलब्धि पर बीडीओ देवलाल उरांव और समन्वयक नेहाल वारसी को उप विकास आयुक्त ने प्रशस्ति-पत्र और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सूचकांक में 9 मानकों – गरीबी उन्मूलन, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, हरित पंचायत और सुशासन जैसे पहलुओं पर मूल्यांकन किया गया था।

### कांग्रेस सृजन मंथन कार्यक्रम के तहत टोटी में समिति का विस्तार

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत में कांग्रेस सृजन मंथन कार्यक्रम के तहत प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार के नेतृत्व में समिति का विस्तार किया गया। यह कार्यक्रम लातेहार प्रेक्षक धीरज प्रसाद साहू के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। समिति विस्तार से पूर्व भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद किया गया। साथ ही झारखंड के शिक्षा मंत्री स्व. रामदास सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी की नीति, सिद्धांत और संविधान की मूल भावना की रक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। गांव-गांव और टोले-टोले तक संगठन को मजबूत करने के संकल्प के साथ अभिनाश उरांव को अध्यक्ष, तुलसी गंझू को महासचिव तथा मोहम्मद जजाद, संतोष राम, साहेब गंझू, रामचरित्र राम, रामदेव राम, सुखलाल गंझू, सलाउद्दीन, मार्टिन खाखा, उमेश प्रसाद और उमेश गंझू समेत कई नेताओं को पदभार सौंपा गया। मौके पर युवा मंडल अध्यक्ष अजय कुमार राम, कुलदीप राम, बंसी उरांव, रामदेव उरांव, बिनोद उरांव, अनिल उरांव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### उग्रवाद व अपराध नियंत्रण को लेकर बैठक दिया कई दिशा निर्देश : जोनल

**लातेहार।** बेतला में आईजी पलामू, प्रक्षेत्र सुनील भास्कर की अध्यक्षता में पलामू प्रमंडल के पुलिस अधिकारियों की एक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. बैठक में डीआईजी पलामू के अलावा लातेहार, गढ़वा व पलामू जिलों के पुलिस अधीक्षक व सीआरपीएफ एस एस बी के पदाधिकारी शामिल थे. बैठक में आइजी ने अपराध नियंत्रण, कांड का उद्भेदन एवं लोगों की समस्याओं का निपटारा करने को ले कर कई दिशा निर्देश दिया.उन्होने अपराध नियंत्रण के लिए एक कार्य योजना बना कर और सामुहिक रूप से समन्वय स्थापिक कर कार्य करने की बात कही. नक्सली वारदात एवं सगठित अपराध को रोकने एवं उनके विरूद्ध कार्रवाई करने लिए भी उन्होने कई दिशा निर्देश दिये. कहा कि क्षेत्र के संवेदक, व्यवसायी व अन्य लोगों का सुरक्षा देना पुलिस की पहली प्राथमिकता है. हाल के दिनों मे पुलिस को मिली सफलता पर उन्होने संबंधित पुलिस अधीक्षकों कार्यों की प्रशंसा की.आईजी ने थाना में दर्ज कांडो का उदभेदन करने की दिशा में भी गति लाने का निर्देश दिया. उन्होने कहा कि मामले लंबित हो जाने पर अनुसंधान सही ढंग से नहीं हो पाता है. उन्होने लोगों की समस्याओ का भी समाधान करने की बात कही. कहा कि पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी को उनकी समस्याओं का समाधान कर दूर किया जा सकता है।

## पेज एक के शेष

### शासी निकाय हुआ...

प्राचार्य नियुक्ति रद्द होने के बावजूद पद पर बने रहे। इसी कारण शासी निकाय की ओर से प्राचार्य को पद से हटा दिया गया और बिना अनुमति कॉलेज में प्रवेश पर रोक लगा दी गई। राजभवन ने साफ संकेत दिया है कि अब कॉलेज में अव्यवस्था और विवाद बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय और कॉलेज प्रशासन को निर्देशों का पालन करना होगा और समयसीमा में कार्रवाई पूरी करनी होगी।

सितंबर के पहले...

इसके पहले, बालू घाटों की नीलामी की पूरी प्रक्रिया को पीपीटी के माध्यम से उपायुक्तों से साझा किया गया। खनन से जुड़े पर्यावरण के मसले पर सिया के सदस्य राजीव लोचन बख्शी ने विस्तार से प्रकाश डाला। जैप आईटी के प्रतिनिधियों ने नीलामी की तकनीकी प्रक्रिया को विस्तार से बताया, ताकि कोई उलझन नहीं रहे।

### दिल्ली की सीएम...

भाई सकारिया के रूप में हुई है। वह 41 साल का है। पुलिस आरोपी को पकड़ सिविल लाइंस थाने ले गई है। पुलिस हमले के कारणों का पता लगाने के लिए हमलावर से पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस ने इस संबंध में गुजरात पुलिस से संपर्क किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बुधवार को अपने सरकारी आवास पर 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के तहत लोगों की शिकायतें सुन रही थीं। रेखा गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद दिल्ली में साप्ताहिक तौर पर 'जन सुनवाई' कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी। इसी क्रम में, बुधवार को वह लोगों की शिकायतें सुनने पहुंची थीं। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर आया था। जब वह मुख्यमंत्री के नजदीक पहुंचा, तो वह चिल्लाने लगा और उसी दौरान रेखा गुप्ता पर भारी वस्तु फेंक दिया। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, हमला करने से पहले उन्हें कुछ कागजात दिए थे। फिलहाल, आरोपी को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, इस घटना को उनकी सुरक्षा में एक बड़ी चूक के रूप में देखा जा रहा है। घटना के बाद मुख्यमंत्री आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### ऐसे हमले मेरे...

पर एक पोस्ट में लिखा, आज सुबह जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के लिए हमारे संकल्प पर किया गया एक कायराना प्रयास है। स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हूं। मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों। मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी। सीएम रेखा गुप्ता ने आगे कहा, ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते। अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी। जनसुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा। आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह 'जन सुनवाई' के दौरान हमला हुआ था। साप्ताहिक 'जन सुनवाई' के दौरान एक व्यक्ति अचानक बाहर आया और मुख्यमंत्री पर एक भारी वस्तु फेंकी, जिसके कारण रेखा गुप्ता जमीन पर गिर गई थीं। दिल्ली की नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले को निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

### गढ़वा से रामानुजगंज...

इसके बाद मंत्रालय से 11 अगस्त 2025 को पत्र जारी कर डीपीआर को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में रंका बाइपास का निर्माण भी शामिल होगा। वर्तमान में यह सड़क दो लेन की है, जो छत्तीसगढ़ को झारखंड के गढ़वा जिले से जोड़ती है। इसके फोरलेन बनने से आम जनता के आवागमन में बड़ी सहूलियत होगी और क्षेत्रीय विकास को रफ्तार मिलेगी। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इसके लिए वे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का पलामू संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से आभार व्यक्त करते हैं। इस अवसर पर सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने कहा कि यह फोरलेन सड़क पलामू और आसपास के जिलों के लिए विकास की नई राह खोलेगी। उन्होंने इसे क्षेत्र के व्यापार, रोजगार और यातायात व्यवस्था के लिए मील का पत्थर बताया।

### अमित शाह ने...

**यह बिल संविधान-विरोधी, अलोकतांत्रिक व क्रूर :** इस बिल को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने क्रूर, संविधान-विरोधी व अलोकतांत्रिक कहा। प्रियंका गांधी ने बुधवार को संसद परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा, मैं इसे पूरी तरह से क्रूर मानती हूं, क्योंकि यह हर चीज के खिलाफ है। इसे भ्रष्टाचार विरोधी उपाय कहना लोगों की आंखों पर पर्दा डालने जैसा है। उन्होंने आगे कहा कि कल आप मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी भी तरह का केस दर्ज करा सकते हो, उन्हें बिना दोषी सिद्ध हुए 30 दिनों के लिए गिरफ्तार कर सकते हैं और फिर वह मुख्यमंत्री नहीं रह पाएंगे। यह पूरी तरह से संविधान-विरोधी, अलोकतांत्रिक और बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। क्योंकि, मोदी सरकार जो तीन विधेयक संसद में ला रही है, उसके तहत गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार या हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, किसी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाया जा सकेगा। और, यह तो किसी विपक्षी मुख्यमंत्री, मंत्री द्वारा केंद्र सरकार की सत्ताधारी नेताओं के भ्रष्टाचार, तानाशाही, उसके किसी मंत्री के कुकर्मों के विरुद्ध धरना-प्रदर्शन करने, कहीं रैली करने पर भी शांति भंग करने, सरकार के काम में बाधा डालने आदि का केस दर्ज करके पुलिस से गिरफ्तार करवा 30 दिन तक हिरासत में रख कर उसको पद से हटाया जा सकता है। यह एक तरह से अघोषित तानाशाही होगी। कुछ विपक्षी नेताओं का कहना है कि यह बिल यदि संसद में पास हो गया, तो यह आपातकाल का बाप होगा, अघोषित नादिरशाही होगा। इस बारे में कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, मैं इन तीनों विधेयकों को पेश किए जाने का विरोध करता हूं। यह विधेयक संविधान के मूल ढांचे को पूरी तरह से नष्ट कर देता है। यह विधेयक राज्य के उन संस्थानों द्वारा राजनीतिक दुरुपयोग का रास्ता खोलता है, जिनके मनमाने आचरण पर सर्वोच्च न्यायालय ने बार-बार आपत्ति जताई है। यह सभी मौजूदा संवैधानिक सुरक्षा उपायों को हवा में उड़ा देता है।

एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025 को पेश किए जाने का विरोध करता हूं। यह शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत का उल्लंघन करता है और सरकार चुनने के अधिकार को कमजोर करता है। यह कार्यकारी एजेंसियों को तुच्छ आरोपों और संदेह के आधार पर न्यायाधीश और जल्लाद बनने की खुली छूट देता है। यह सरकार पुलिस राज्य बनाने पर तुली हुई है। यह निर्वाचित सरकार के लिए मौत की कील होगी। इस देश को पुलिस राज्य में बदलने के लिए भारत के संविधान में संशोधन किया जा रहा है।

**यह सीबीआई, ईडी को राज्य सरकारों को 'सीधे गिराने' की अनुमति देने वाला विधेयक है :** राज्यसभा में टीएमसी के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि आधी रात को, अस्थिर 239 सीटों वाला मोदी गठबंधन संसद का मजाक बनाने और उसे बाधित करने के और तरीके खोज रहा है।

**विपक्षी सरकारों को गिराने के लिए नए हथकंडे :** इन विधेयकों की आलोचना करते हुए टीएमसी के राज्यसभा सदस्य साकेत गोखले ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी व गृह मंत्री शाह राज्य सरकारों को गिराने के लिए नए हथकंडे तलाश रहे हैं। गोखले ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि जब वोट-चोरी उजागर हो गई है, तो मोदी-शाह नए हथकंडे तलाश रहे हैं। आज नया विधेयक लाया जा रहा है, जिससे सीबीआई-ईडी को भाजपा के लिए राज्य सरकारों को सीधे गिराने की अनुमति मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति अपराधी तभी होता है, जब अदालत द्वारा दोषी ठहराया जाता है। इससे पहले तक, वह केवल एक 'आरोपी' होता है। आप महज आरोप के आधार पर मुख्यमंत्री/मंत्री को हटा नहीं सकते। मोदी-शाह की केंद्रीय एजेंसियों द्वारा गिरफ्तारी दोष का प्रमाण नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में, भाजपा के किसी भी केंद्रीय/राज्य मंत्रियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सभी गिरफ्तारियां केवल विपक्षी नेताओं की ही हुई हैं।

**यह विधेयक संघीय ढांचे और न्यायपालिका दोनों को करता है दरकिनार :** टीएमसी की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा ने कहा कि यह विधेयक संघीय ढांचे व न्यायपालिका दोनों को दरकिनार करता है। उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि विपक्ष की भविष्यवाणियां सच हुईं। केवल 240 सांसदों के साथ भाजपा संविधान बदल रही है। नया विधेयक संघीय ढांचे व न्यायपालिका दोनों को दरकिनार करता है। केंद्र सरकार ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल कर निर्वाचित विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को झूठे आरोपों पर गिरफ्तार कर सकती है। किसी अदालत द्वारा दोषी ठहराए बिना उन्हें हटा सकती है।

### ईडी ने पीएलएफआई...

इस मामले में बुधवार को कोर्ट में दिनेश गोप की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई और इसके बाद उसे इस मामले में 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दिनेश गोप को इसके पहले 21 मई 2023 को टेरर फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नेपाल से गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी से पहले झारखंड सरकार ने उस पर 25 लाख रुपए और एनआईए ने पांच लाख रुपए का इनाम घोषित किया था। फिलहाल, वह पलामू सेंट्रल जेल में बंद है। ईडी ने जुलाई 2023 में लगातार दो दिन तक दिनेश गोप से पूछताछ की थी। एजेंसी अब उसके लेवी-रंगदारी नेटवर्क, फंडिंग और निवेश की जानकारी जुटा रही है। जांच में सामने आया कि उसने करोड़ों की रकम शेल कंपनियों और सहयोगी व्यवसायियों की मदद से खपाई थी। एनआईए ने वर्ष 2018 में रांची के बेड़ो थाने में प्राथमिकी दर्ज की थी। नवंबर 2016 में पुराने नोटों के बंद होने के बाद, दिनेश गोप का सहयोगी 25.38 लाख रुपए बैंक में जमा कराने के प्रयास में पकड़ा गया था। जांच में उसके रांची स्थित फ्लैट और एदलहातू आवास को भी जब्त किया गया था, जिनकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए आंकी गई। ईडी की पूछताछ के दौरान दिनेश गोप ने स्वीकार किया कि उसने शेल कंपनियों के जरिए लेवी-रंगदारी की रकम निवेश की। इन कंपनियों में मेसर्स भाव्या इंजीकान प्राइवेट लिमिटेड, शिव शक्ति मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड, शक्ति समृद्धि इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड और पलक इंटरप्राइजेज शामिल हैं। इनका संचालन उनकी पत्नियां शकुंतला देवी और गीता तथा सहयोगी सुमंत कुमार कर रहे थे। एनआईए ने उसकी पत्नियों के बैंक खातों से 19.93 लाख रुपए जब्त किए थे। जांच में दो दर्जन से अधिक खातों में 2.5 करोड़ रुपए के लेन-देन का खुलासा हुआ है। ईडी अब पूरे वित्तीय तंत्र, लेवी-रंगदारी और निवेश के नेटवर्क की विस्तृत जांच कर रही है।

### भारत ने किया...

रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस परीक्षण में बैलिस्टिक मिसाइल ने अपने सभी संचालनात्मक व तकनीकी मापदंडों को सफलतापूर्वक सत्यापित किया है। 'अग्नि 5' का सफल परीक्षण भारत की विश्वसनीय न्यूनतम प्रतिरोध और 'पहले इस्तेमाल नहीं' की घोषित परमाणु नीति के प्रति प्रतिबद्धता को पुनः पुष्ट करता है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस प्रक्षेपण में 'अग्नि 5' मिसाइल की मार्गदर्शन प्रणाली, प्रणोदन, चरण विभाजन (स्टेज सेपरेशन), और अंतिम सटीकता (टर्मिनल एक्युरेसी) जैसे सभी पहलुओं को परखा और प्रमाणित किया गया। इस परीक्षण से यह भी सिद्ध हो गया कि भारत की सामरिक सेनाएं कम समय की तैयारी में भी इस मिसाइल को प्रक्षेपित करने में सक्षम हैं। 'अग्नि 5' की प्रमुख विशेषताओं की बात करें तो यह मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल है। इसकी मारक क्षमता 5,000 किलोमीटर से भी अधिक है। यानी, यह मिसाइल इतनी दूरी तक के लक्ष्य भेदने में सक्षम है। तकनीक की बात करें, तो यह आधुनिक नेविगेशन, मार्गदर्शन एवं पुनः प्रवेश प्रणाली से लैस है। भारत लगातार 'अग्नि 5' की क्षमता, तकनीक व मारक क्षमता में इजाफा कर रहा है। यह मिसाइल परमाणु एवं पारंपरिक (नॉन-न्यूक्लियर) दोनों प्रकार के वारहेड ले जाने में सक्षम है। बड़ी बात यह भी है कि सड़क-गतिशील (रोड-मोबाइल) लांचर से इसका प्रक्षेपण किया जा सकता है। 'अग्नि 5' बैलिस्टिक मिसाइल स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यह डीआरडीओ द्वारा विकसित की गई है। विशेषज्ञों के मुताबिक इसकी पहुंच पूरे एशियाई महाद्वीप और यूरोप के कुछ हिस्सों तक है, जिससे भारत की सामरिक शक्ति में अभूतपूर्व मजबूती आती है। परीक्षण के दौरान समुद्र में तैनात जहाजों, राडारों और टेलीमेट्री स्टेशनों ने मिसाइल की उड़ान का वास्तविक समय में आकलन किया। इससे सभी तकनीकी आंकड़ों का गहन विश्लेषण संभव हो सका। ज्ञात हो कि अग्नि श्रृंखला भारत की परमाणु-सक्षम मिसाइलों का मुख्य आधार है। इसके प्रथम संस्करण, यानी अग्नि-1 की मारक दूरी 700 किमी थी। भारत के पास 2,000 किमी की दूरी वाली अग्नि-2, 3,500 किमी की दूरी वाली अग्नि-3 के साथ अग्नि-4 भी है, जिसकी रेंज 4,000 किमी से अधिक है।

## भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर पहुंचे मॉस्को, अज्ञात सैनिक की समाधि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली ।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को मॉस्को स्थित अज्ञात सैनिक के मकबरे पर श्रद्धांजलि अर्पित की। ऐतिहासिक स्मारक पर यह श्रद्धांजलि उनकी रूस यात्रा के दौरान दी गई। अपनी यात्रा के व्यापक कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि उन्हें रूस के प्रमुख विद्वानों और थिंक टैंक के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करके खुशी हुई, जहाँ उन्होंने भारत-रूस संबंधों और व्यापक वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

### इंडिया-चाईना बीग डील

## भारत-चीन में हुई ऐसी डील ट्रंप समेत हिल गए 32 देश!



**नई दिल्ली ।** व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोल्दोमीर जेलेंस्की रूस यूक्रेन युद्ध को रुकवाने के लिए कुछ भी कर गुजर जाने को तैयार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिले। इस मुलाकात में सबसे खास बात ये रही कि जेलेंस्की अपने साथ यूरोपीय देशों के बड़े नेताओं को लेकर ट्रंप से मुलाकात करने पहुंचे थे। ट्रंप पुतिन की अलास्का में हुई महामुलाकात के बाद ये बैठक हो रही थी और पूरी दुनिया की निगाहें इसी ओर टिकी थी। लेकिन जेलेंस्की और ट्रंप की मुलाकात के बीच भारत ने एक ऐसा धमाका कर दिया, जिससे पूरी दुनिचा चौंक गई।

# अमेरिका 3236 लाख करोड़ के कर्ज में डूबा, बढ़ी आर्थिक चिंता

## दुनिया को हिलाने चले ट्रंप को ले डूबा टैरिफ बम

**एजेंसी । नई दिल्ली**

डोनाल्ड ट्रंप भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं। रूस से तेल क्यों लेते हो ये कहकर आंखें दिखा रहे हैं। नैतिकता का पाठ पढ़ा रहे हैं। नोबेल शांति पुरस्कार चाहिए और इसके लिए वो कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। वो जल्दी में कुछ ऐसा करना चाहते हैं कि अमेरिका के लोग और पूरी दुनिया के लोग ये मान लें कि वो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति हैं और उन जैसा अमेरिका का कोई राष्ट्रपति कभी हुआ नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया पर टैरिफ बम गिराकर उसे हिलाने का सपना देख रहे हैं। अमेरिका जिसकी अर्थव्यवस्था दुनिया में नंबर वन पर है। लेकिन हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। अमेरिका सुपरपावर होकर भी बुरे आर्थिक जाल में फंसा हुआ है। अपने ही बोझ तले दबा हुआ है। वो बोझ कर्ज का है। दुनिया को धौंस दिखाने वाला अमेरिका आज खुद अपने कर्ज के बोझ तले बुरी तरह कराह रहा है। ट्रंप तेजी से उभरते देशों की अर्थव्यवस्था को डगमगाने की पूरी कोशिश में लगे हैं। आज उन्हीं का देश कर्ज के मकड़जाल में बुरी तरह फंस गया है। दरअसल, अमेरिका की 30 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी और उससे भी कहीं ज्यादा 37 ट्रिलियन डॉलर का राष्ट्रीय कर्ज है। इसे अगर भारतीय रुपये में बदलकर देखें तो करीब 3 हजार 236 लाख करोड़ रुपए बैठ रहा है। यानी हर अमेरिकी नागरिक के सिर पर लगभग 1 लाख डॉलर भारतीय रुपए में 87 लाख रुपए से ज्यादा का बोझ है। इस हालात में भी डोनाल्ड ट्रंप उभरते देशों पर टैरिफ लगाकर उन्हें झुकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन असलियत यही है कि जिन देशों को ट्रंप टैरिफ लगाकर गिराने का प्रयास कर रहे हैं वहीं देश अपनी स्थिरता के दम पर खुद आगे भी बढ़ रहे हैं।



### अमेरिका और ट्रंप की आर्थिक नीतियां

- डोनाल्ड ट्रंप भारत पर टैरिफ लगा रहे हैं और रूस से तेल खरीदने पर आपत्ति जता रहे हैं।
- वह नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए दुनिया को यह दिखाना चाहते हैं कि वही सबसे शक्तिशाली नेता हैं।
- नोबेल शांति पुरस्कार पाने की महत्वाकांक्षा के चलते वह किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

### अमेरिका की वास्तविक आर्थिक स्थिति

- अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद कर्ज में बुरी तरह फंसा है।
- अमेरिका की जीडीपी 30 ट्रिलियन डॉलर है, जबकि राष्ट्रीय कर्ज 37 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

### ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिकी कर्ज 37 ट्रिलियन डॉलर पार

**500 अंक का रिकॉर्ड स्तर छूकर लौटा एसएंडपी सूचकांक**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी के अंत में पदभार संभाला और तब से उन्होंने कई उपायों, नीतियों और नियमों की घोषणा की है जिनका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। हालांकि, वित्तीय बाजार ने ट्रंप शासन के प्रति सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की है। व्यापक बाजार प्रदर्शन का मापक, एसएंडपी 500 सूचकांक पिछले सप्ताह रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया था, लेकिन उसके बाद से अपने उच्चतम स्तर से नीचे आ गया है। तकनीक-केंद्रित नैस्डैक 100 इंडेक्स को ट्रैक करने वाला एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड इन्वेस्को क्यूक्यूक्यू ट्रस्ट और एसपीडीआर एस एंड पी ईटीएफ इस साल क्रमश: 11.65% और 9.89% ऊपर हैं। स्टॉकट्विट्स पर, क्यूक्यूक्यू ईटीएफ के प्रति रुझान एक दिन पहले के 'मंदी' से मंगलवार देर रात तक 'बेहद मंदी' (24/100) हो गया। स्ट्रीम पर संदेशों की मात्रा 'सामान्य' बनी हुई है। इस बीच, स्पाई ईटीएफ ने 'मंदी' की धारणा (34/100) और साथ ही 'कम' संदेशों की मात्रा प्रदर्शित की। सीआरएफबी का अनुमान है कि अगले दशक में राष्ट्रीय ऋण पर शुद्ध ब्याज भुगतान 14 ट्रिलियन डॉलर होगा, जो 2025 में लगभग 1 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 2035 में 1.8 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगा।

# चीन के वैज्ञानिक ने मां रोबोट बनाए जो बच्चा पैदा करेगी

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अब उन लोगों की बच्चा पैदा करने की इच्छा पूरी हो सकती है , जो गर्भ धारण करने की शारीरिक व मानसिक तनाव , परेशानी वाली प्रक्रिया से नहीं गुजरना चाहते या आईवीएफ व सरोगेसी के झमेले में भी नहीं पड़ना चाहते। या जो शादी नहीं करना चाहते हैं , लेकिन अपना एक बच्चा किसी महिला से नहीं बल्कि मशीन के गर्भ में पला व पैदा हुआ चाहते हैं।या जो शादी नहीं कर रहे हैं या शादी करने के बाद नेता या साधु बनने के चक्कर या और किसी चक्कर में पत्नी को छोड़ दे रहे हैं, या जिनकी पत्नी किसी कारण से गर्भ धारण करने की स्थिति में नहीं है या जिनकी शादी रिश्तेदार या कोई परिचित बिना बताए किसी ऐसी लड़की से करा देते हैं जो मानसिक या अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। इसके अलावा भी अन्य कई कारण हो सकते हैं। वैसे तो बच्चा पैदा करने वाले रोबोट पर काम धनी व उन्नत इंजीनियरिंग वाले कई देश कर रहे हैं , लेकिन विश्व के टाप लेवल के एआई, रोबोटिक , कंप्यूटर इंजीनियर की बहुतायत होने व शोध में अकूत धन लगाने के चलते चीन इसमें बाजी मार रहा है। वह इसमें अन्य देशों से फिलहाल आगे है। वही चीन अब 9 महीने की ममता, दर्द और इंतजार के बाद एक नया जीवन इस दुनिया में आने की परंपरा को बदलने के दरवाजे पर पहुंच गया है। बच्चे को जन्म देने का जो काम मां करती थी वह काम चीन में बना ये रोबोट करेगा। इस तरह अब भविष्य में इंसान के जीवन की शुरुआत मशीनों की गोद से भी हो सकती है।चीन की जिस टेक कंपनी में इस तकनीक पर काम चल रहा है , उसका नाम है 'कैवा'(केएआईवीए)। जिसमें रोबोट स्वयं इंसानों की तरह गर्भवती होंगे और बच्चे को जन्म देंगे। इस बारे में चीन की कंपनी के अनुसार इस रोबोट में एक खास इन्क्यूबेशन पॉड होगा, जो महिला के गर्भ जैसा माहौल तैयार करेगा। ऐसे में बच्चा पूरी तरह से मशीन के अंदर विकसित होगा। इस पूरे सिस्टम को इंसानी हार्मोन, तापमान व पोषण के अनुसार बनाया जा रहा है।यह होने पर ये तकनीक उन लोगों के लिए बहुत ही उपयोगी हो सकती है जो बच्चा तो चाहते हैं, लेकिन गर्भावस्था की शारीरिक या मानसिक प्रक्रिया से नहीं गुजरना चाहते।आईवीएफ व सरोगेसी से अलहदा यहां सब कंट्रोल मशीन करेगा।कुछ लोग इसे विज्ञान का नया चमत्कार मान रहे हैं, लेकिन तमाम लोग चिता व्यक्त कर रहे हैं कि यदि रोबोट बच्चे पैदा करने लगेंगे तो मानव में मातृत्व का भाव कैसे आएगा? जो भी हो यह मां रोबोट अगले आठ से दस माह में बाजार में आ सकता है। इस रोबोट मां की कीमत लगभग 12 से 15 लाख तक हो सकती है।



**अगले वर्ष तक लांच हो जाएगी मां रोबोट, दाम 12 से 15 लाख रुपए होगा**

**चीन की टेक कंपनी 'कैवा' इसमें है आगे**

# सीईसी व अन्य आयुक्तों को बचाता है 2023 का कानून

## पद पर रहते हुए लिए गए निर्णयों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई से छूट प्रदान करती है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने धमकी दी है कि यदि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' सत्ता में आया तो वे मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग चलाएंगे और दोनों चुनाव आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। लेकिन मोदी सरकार ने 2023 में एक क़ानून बनाकर इसे इतना जटिल बना दिया है कि बिना मोदी सरकार के चाहने के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता को हटाया ही नहीं जा सकता।

ऐसे में देखते हैं कि क्या ज्ञानेश कुमार गुप्ता को मुख्य चुनाव आयुक्त पद पर रहते हुए उनके द्वारा लिए गए निर्णयों के लिए उनके खिलाफ अदालती कार्यवाही की जा सकती है? मोदी सरकार द्वारा 2023 में बनाया जो नियम है उसके




अनुसार मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त (नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 की धारा 16 मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों को पद पर रहते हुए लिए गए निर्णयों के लिए किसी भी कानूनी कार्रवाई से छूट प्रदान करती है। इसके मुताबिक, कोई भी न्यायालय अब ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कोई दीवानी या फौजदारी कार्रवाई स्वीकार नहीं करेगा और न ही उसे आगे बढ़ाएगा, जो वर्तमान या पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या निर्वाचन आयुक्त (ईसी) रहा हो, यदि वह कार्रवाई उसके द्वारा अपने आधिकारिक कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान किए गए किसी कार्य, कथन या निर्णय से संबंधित हो।लोक सभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि जब विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' सत्ता में आएगा तो बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए वोट चोरी के आरोपों को लेकर ज्ञानेश कुमार और दोनों निर्वाचन आयुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राहुल गांधी ने यह ऐसे समय में कहा है जब हाल में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने उन्हें वोट चोरी के अपने दावे के समर्थन में हस्ताक्षरित हलफनामा प्रस्तुत करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम दिया था और कहा था कि अन्यथा उनके आरोपों को अमान्य माना जाएगा।

अधिनियम की धारा 11(1) के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त या निर्वाचन आयुक्त किसी भी समय राष्ट्रपति को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित पत्र द्वारा अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। धारा 11(2) में कहा गया है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को उनके पद से तब तक नहीं हटाया जा सकता, जब तक कि उन्हें हटाने की प्रक्रिया और आधार वही न हों, जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाने के लिए निर्धारित हैं। उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों को केवल संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित प्रस्ताव के माध्यम से ही हटाया जा सकता है। राज्यसभा के 50 सदस्यों या लोकसभा के 100 सदस्यों द्वारा समर्थित प्रस्ताव को संसद में प्रस्तुत किया जाना चाहिए तथा सदन द्वारा उपस्थित सदस्यों के दो-तिहाई बहुमत से पारित किया जाना चाहिए। कानून कहता है कि अन्य निर्वाचन आयुक्तों को मुख्य निर्वाचन आयुक्त की सिफारिश के अलावा पद से नहीं हटाया जा सकता।

# एप्पल ला सकता है आईफोन चिप वाला 52,000 रुपए का मैकबुक

**यह एम4 मैकबुक एयर की तुलना में धीमा होगा**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अभी भी मैकबुक एयर एम4 छात्रों व आम उपभोक्ता के लिए चहेता लैपटॉप है। एप्पल के मैकबुक एयर के आस-पास भी कोई नहीं है, हालांकि, 99,900 रुपये से शुरू होने वाला यह लैपटॉप बिल्कुल किफायती नहीं है, जिसके कारण इसकी कीमत तमाम खरीदारों को इससे दूर रखती है।अब खबर आ रही है कि एक नया मैकबुक आने वाला है उसकी शुरुआती कीमत लगभग 61,113 रुपए या छात्रों को छूट के साथ लगभग 52,370 रुपये होगी। यह होने पर यह पहली बार होगा जब कंपनी 999 डॉलर से कम कीमत में मैकबुक पेश करेगी। इसके उत्पादन की शुरुआत अगले माह होने की खबर है, और साल के अंत तक बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू होने की संभावना है।एप्पल के विश्लेषक मिंग-ची कुओ ने पहले दावा किया था कि क्यूपर्टिनो विशेष रूप से विकासशील बाजारों के लिए डिजाइन किया गया एक बजट मैकबुक विकसित कर रहा है। इस एंट्री-लेवल नोटबुक में 12.9 इंच की स्क्रीन होगी, जो 13.6 इंच वाले मैकबुक एयर से थोड़ी छोटी होगी। खास बात यह है कि एम-सीरीज चिप का इस्तेमाल इस लैपटॉप में नहीं होगा, बल्कि यह ए18 प्रो से लैस होगा। एप्पल इंटेलिजेंस को सपोर्ट भी करेगा, लेकिन एम4 मैकबुक एयर की तुलना में यह धीमा जरूर होगा।वैसे तो कई वर्षों से कम कीमत वाले मैकबुक की चर्चा होती रही है, लेकिन एप्पल ने इसे कभी मार्केट में नहीं उतारा, कहा जाता है कि इससे आईपैड की बिक्री कम होने की संभावना है। और 599 डॉलर वाला मैकबुक , मैकबुक एयर की बिक्री को भी प्रभावित कर सकता है, जहां उपभोक्ताओं के पास चुनने के लिए एक अतिरिक्त विकल्प होगा। कुल मिलाकर, 599 डॉलर वाले मैकबुक के पीछे का उद्देश्य विंडोज लैपटॉप से कुछ बाजार हिस्सेदारी हासिल करना हो सकता है।



### व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने कहा-

# अमेरिका ने रूस पर दबाव बनाने के लिए लगाए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ख़ास व व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लीविट ने मंगलवार की रात को कहा कि रूस पर दबाव बनाने के लिए भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। इससे पहले तक ट्रम्प प्रशासन रूस से तेल लेने पर भारत के खिलाफ की गई आर्थिक कार्रवाई को पेनल्टी या टैरिफ बताता रहा है। ट्रम्प ने भारत पर अब तक 50% टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इसमें 25% रेसिप्रोकल या जैसे को तैसा टैरिफ और रूस से तेल खरीदने पर 25% पेनल्टी है। जैसे को तैसा टैरिफ 7 अगस्त से लागू हो गया है, जबकि पेनल्टी 27 अगस्त से लागू होगी। लीविट के अनुसार इसका उद्देश्य रूस को युद्ध खत्म करने पर मजबूर करने के लिए दूसरा प्रेशर डालना है। मालूम हो कि ट्रंप ने भारतीय समय के अनुसार सोमवार देर रात व्हाइट हाउस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की थी। ट्रंप ने इस बातचीत को सफल बताया। वहीं जेलेंस्की ने कहा कि यह अब तक की उनकी सबसे अच्छी बातचीत रही।हालांकि, इस दौरान रूस-यूक्रेन के बीच सीजफायर पर सहमति नहीं बनी। ट्रम्प ने कहा कि इतनी जल्दी सीजफायर संभव नहीं है। बैठक में यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी पर चर्चा हुई। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय देश मिलकर इस पर काम करेंगे। इस दौरान ट्रंप ने मीटिंग रोककर रूस के राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर लगभग 40 मिनट बात की। इस दौरान पुतिन ने रूस व यूक्रेन के प्रतिनिधियों के बीच सीधे बातचीत का समर्थन किया। आगे 15 दिन के भीतर बातचीत होने की संभावना है। उ बैठक के बाद जेलेंस्की ने मीडिया को बताया कि यूक्रेन सुरक्षा गारंटी के बदले यूरोप के पैसों से 90 अरब डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपए) के अमेरिकी हथियार खरीदेगा। यानि इसमें भी अमेरिका को भारी लाभ व धंधा।

**इससे यूक्रेन जंग रोकने में मदद मिलेगी**



### अमेरिका में नहीं मिलेंगे पुतिन-जेलेंस्की, मीटिंग के लिए चुना गया ये लोकेशन!

**नई दिल्ली ।** ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात के बाद अब फाइनल मुलाकात का वक्त आ गया है। उस मुलाकात का जो आखिरकार इस युद्ध की समाप्ति की तरफ पहला कदम होगा। दरअसल, अब इंतजार पुतिन और जेलेंस्की के मिलने का है। लेकिन ये दोनों नेता कहां मिलेंगे इसे लेकर अब तक कोई साफ जानकारी निकलकर सामने नहीं आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस युद्ध को रोकने के लिए कितनी तेजी दिखा रहे हैं, इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि महज एक हफ्ते के अंदर एक के बाद एक बड़े नेताओं के साथ बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है। अगले 15 दिनों के अंदर पुतिन और जेलेंस्की की मुलाकात होगी। अब खबर है कि ये मुलाकात न तो अमेरिका में होगी न रूस में और न ही यूक्रेन में होगी।

**कहानी फिल्म जगत की**

# भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह की बढ़ी मुश्किलें धोखाधड़ी मामले में दर्ज होगी एफआईआर

**अदालत का आदेश**

**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय की अदालत ने व्यवसायी विशाल सिंह की याचिका पर 13 अगस्त को आदेश पारित किया**



वाराणसी की एक अदालत ने एक स्थानीय होटल व्यवसायी की शिकायत पर कैंटोनमेंट थाने को भोजपुरी फिल्म अभिनेता-गायक पवन सिंह और तीन अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-द्वितीय की अदालत ने व्यवसायी विशाल सिंह की याचिका पर सुनवाई के बाद 13 अगस्त को आदेश पारित किया। विशाल सिंह के वकील आशीष सिंह ने कहा कि उनके मुवक्किल को 2018 की फिल्म बॉस में निवेश के नाम पर ठगा गया। वकील के अनुसार, विशाल सिंह की मुलाकात 2017 में मुंबई के फिल्म निर्देशक प्रेम शंकर राय से हुई थी, जिसके बाद उन्हें इस फिल्म से जुड़े कई लोगों से मिलवाया गया। आरोप है कि सिंह को मुनाफे का वादा करके फिल्म में निवेश करने के लिए राजी किया गया था, और उन्हें मनाने के लिए पवन सिंह के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने अपनी और अपने भाई की कंपनी से लगभग 32.60 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा किए। शिकायत के अनुसार जुलाई 2018 में, उसे फिल्म का निर्माता घोषित किया गया और मुनाफे का 50 प्रतिशत देने का आश्वासन दिया गया, बाद में उसने इस फिल्म में 1.25 करोड़ रुपये और निवेश किए।


